दिनांक 14/11/91

आर.सी.[redacted]एस.91/एस.आई.यू-5/एस.आई.सी.-2 P.W-1

बयान अजाने श्री बसंत कुमार साहू पुत्र श्री राम प्रसाद साहू, जाति, छत्तीसगढ़ी साहू, वासी मुहल्ला गोतीपुर, राजनांदगांव मध्यप्रदेश हाल आफिस बियरर दफ्तर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा (सी.एम.एम.) एम.आई.जी. 2/1273 आमदी नगर हुडको भिलाई उम्र 22 साल.

--00--

बयान करता हूं कि मैं उपरोक्त पते का वाशिंदा हूं और नवीं कक्षा पास हूं जो मैंने करीब 8 साल पहले पास की थी। जब मैं राजनांदगांव में दसवीं कक्षा में था तो मैंने पढ़ाई छोड़ दी। उसके बाद मैं छोटा मोटा टेलरिंग का काम करने लगा। उसके बाद 1984 में जब राजनांदगांव में श्री शंकर गुहा नियोगी के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का आंदोलन शुरू हुआ, जिसमें मेरे दोस्त अंसार आदि ने भाग लिया तो मैंने भी इस आंदोलन में भाग लिया और मैं तभी से स्वर्गीय श्री शंकर गुहा नियोगी को जानता हूं। उसके एक डेढ़ साल बाद तक मैं टेलरिंग का काम करता रहा और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के आंदोलनों में भी भाग लेता रहा। छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का मुख्यालय दल्ली राजहरा, में कैम्प नं. 1 में [illegible] कि भिलाई से करीब 100 किलोमीटर दूर है, उस समय मैं दल्ली राजहरा में संगठन के मुख्य दफ्तर द्वारा किये जाने वाले कार्यों में हिस्सा लेता रहा। श्री शंकर गुहा नियोगी भी उन दिनों वहां से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा की गतिविधियों की देखभाल करते थे। सन् 1987 से मैं भी [redacted] से दल्ली राजहरा में ही रुके और घर रहने लग गया, और [redacted] मुक्ति मोर्चा का सक्रिय कार्यकर्ता बन गया। दल्ली राजहरा [redacted] जिसमें लोह अयस्क निकलता है जो कि भिलाई स्टील प्लांट [redacted] के रूप में आता है। वहां करीब 10 हजार मजदूर काम [redacted] कि छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के मेम्बर हैं। यहां पे यह बताना है कि [redacted] दल्ली राजहरा में था, तो बहुत बार हमारी मजदूर यूनियन के झगड़ों के दौरान हमारे बहुत से साथी लोगों को चोटें भी आती [redacted]. और हम जब भी जरूरत होती थी तो मैनेजमेंट के कार्यों के [redacted] करते थे।

P.W-1

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का दफ्तर भिलाई, दल्ली राजहरा ,राजनांदगाव, बन्नी डोंगरी चार्क व बिलासपुर आदि शहरों में है, और छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा में करीब 50 हजार मजदूर है जो कि पूरे छत्तीसगढ़ रीजन में विभिन्न इंडस्ट्रीज में नौकरी करते है ।

अगस्त 1990 में मै और श्री शंकर गुहा नियोगी भिलाई में आ गये थे ,इससे पहले भी हम मोर्चा के काम से भिलाई अक्सर आते जाते रहते थे । अभी भी, मोर्चा का मुख्यालय दल्ली राजहरा में ही है, क्योंकि पिछले साल में मुक्ति मोर्चा का काम भिलाई में पहले से बढ़ गया था इस
भिलाई में अधिक काम की देखभाल [illegible] लिया गया। पर मैं से पहले
लिये नियोगी साहब ने अपना [illegible] जार, अनूप सिंह जो कि मोर्चा के कार्यकर्ता है, आ गये थे और [illegible] यानि अगस्त, 1990 में हम भिलाई में उपरोक्त पते पर दफ्तर में कार्य करने लगे, यहां भिलाई, दफ्तर में सक्रिय कार्यकर्ताओं में श्री शंकर गुहा नियोगी, संगठन, मंत्री छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, अनूप सिंह कार्यकर्ता में {कार्यकर्ता} कार्य करने लगे, इसके अलावा, पहले से मोर्चा में काम करते आ रहे भिलाई के लोकल कार्यकर्ता भी संगठन के कार्यों में लगे रहे । मै मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का प्रमुख था, और दफ्तर का सारा, काम देखता था, और ज्यादातर समय दफ्तर में उपरोक्त पते पर हाजिर रहता था, हमारे दफ्तर में टेलीफोन नंबर 2688 लगा है जिस पर मै पार्टी व मोर्चा के संदेशों का आदान प्रदान करता था, इसके अलावा कभी कभी मै श्री नियोगी के साथ पार्टी मीटिंग्स में भाग लेने के लिये रायपुर व अन्य जगहों पर भी जाता था, । पिछले साल जून जुलाई में ए.सी.सी. सीमेंट के मजदूरों का आंदोलन भिलाई में चल रहा था, जिसकी नियोगी साहब दल्ली राजहरा में मुख्य दफ्तर से देखभाल करते थे, ए.सी.सी. सीमेंट कारखाने में काम करने वाले मजदूरों का यह आंदोलन अगस्त 1990 में पूरा हो गया, और इसमें क्योंकि मजदूरों की अधिकतर मांगे मान ली गयी, तो श्री शंकर गुहा नियोगी की लोकप्रियता बहुत ज्यादा बढ़ गई, और इसके कारण जब हमने अपना दफ्तर भिलाई में अगस्त 1990 में पूर्ण रूप से चालू किया तो बहुत ज्यादा मजदूर हमारे संगठन के मेम्बर बनने लगे । ये मजदूर जो कि हमारी पार्टी यानि छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा में शामिल होते थे वे जिस इन्डस्ट्री मे नौकरी करते थे, उनके

मालिक उन पर मोर्चा में शामिल न होने का दबाव डालते थे, । और यदि वे नहीं मानते थे, तो उनको नौकरी से निकाल देते थे और ये मजदूरों की समस्या तब से अभी तक चालू थी । उद्योग मालिकों का इरादा था कि अगर मजदूर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के मेम्बर नहीं बनेंगे तो यह संगठन अपने आप टूट जाएगा और उनको मनमानी करने का मौका मिलेगा, इस दौरान मजदूरों पर कई हिंसक वारदात हुई जिनमें श्री रविंद्र शुक्ला, उमाशंकर राय, कौशल आदि पर चाकू से हमला व मोर्चा की महिला मेम्बरों के साथ छेड़खानी करना शामिल है ।

भिलाई में सिम्प्लेक्स ग्रुप की करीब 7-8 इंडस्ट्रीज है जिनमें काम करने वाले अधिकांश मजदूर छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के सदस्य है इनमें सिम्पलेक्स ग्रुप की एक इंडस्ट्री सिम्पलेक्स कास्टिंग है जिसका मालिक नवीन शाह , मूलचंद शाह आदि है ।

इस आंदोलन के दौरान छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के सदस्य मजदूरान को काफी बड़ी संख्या में उद्योगपतियों ने नौकरी से निकाल दिया सिम्पलेक्स ग्रुप ने भी सैकड़ों मजदूरों को अपनी विभिन्न यूनिटों से नौकरी से निकाल दिया । सिम्पलेक्स ग्रुप से निकाले गये मजदूरों ने प्रदर्शन किये जिनमें कई बार मजदूरों पर हिंसात्मक हमले हुये । मैनेजमेंट के गुंडो ने रात के समय धरने पर बैठे व सोये हुये मजदूरों पर प्राणघातक हमले किये ।

जब से श्री शंकर गुहा नियोगी ने भिलाई में सक्रिय रूप से कार्य करना शुरू किया तो उन्हे उद्योगपतियों के गुंडो से जान से मारने की - धमकियां मिलने लगी. । नियोगी जी इन धमकियों के बारे में कार्यकर्ताओं की मीटिंगों पब्लिक मिटिंगों व दफ्तर में हुई मीटिंगों में जिक्र करते रहते थे और ये कहते थे कि उन्हे मारने के लिये कोई भी आदमी कभी भी आ सकता है क्योंकि भिलाई के उद्योगपति उनके पीछे पड़े हुये है । नियोगी साहब को मारने के लिये धमकी भरे पत्र आते रहते थे जुलाई/अगस्त 1991 में मजदूरों पर मैनेजमेंट के गुंडों द्वारा हमला किया गया तो उसके बाद मोर्चे की गतिविधियां बहुत बढ़ गयी, और हमने काला दिवस भी मनाया जो सफल रहा, मैनेजमेंट की गुंडागर्दी के विरोध में आवाज उठाने के लिये श्री नियोगी के नेतृत्व में, मजदूर साथियो का दिल्ली जाने का प्रोग्राम बना जिसमें राष्ट्रपति को ज्ञापन देना था । नियोगी जी के नेतृत्व में --

T.C.

PW-1

9 सितम्बर 1991 को लगभग 300/400 मजदूर साथियों का दल भिलाई से दिल्ली के लिये रवाना हुआ और वहां राष्ट्रपति जी को ज्ञापन दिया मजदूर साथियों का दल प्रधानमंत्री जी से व लालकृष्ण आडवाणी जी से भी मिला, उसके बाद 21 सितम्बर को नियोगी जी दिल्ली से वापिस भिलाई पहुंचे और उसी दिन राजहरा चले गये, 2 /25 सितम्बर 1991 को नियोगी जी राजहरा से वापिस भिलाई अपनी कार नम्बर एम.आई.आर. 227 से आये थे, जिसकी ड्राईवर दीपक सरकार चला रहा था, व उसके साथ अंजोरी राम व लाल्लाल भी थे, दिनांक 26.9/91 को नियोगी जी की कोई विशेष गतिविधि मेरी जानकारी में नहीं है।

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का कार्यालय एम.आई.जी. 2/273 हुडको भिलाई में स्थित है जिसमें फोन नंबर 2688 लगा हुआ है, । आफिस का काम मै देखता हूं, और मेरी मदद तोहिद खान करता है । 27/9/91 को नियोगी जी अपने निवास एम.आई.जी. 1/55 हुडको से कार्यालय में लगभग 8/30 बजे पहुंचे वे कार नंबर एम.आई.आर. 227 में आए थे जिसको दीपक सरकार चला रहा था उन्होने कार्यालय में अनेक कार्यकर्ताओं से चर्चा की उस दिन इंडिया टूडे के संपादक श्री एन.के.सिंह. कार्यालय में आये और नियोगी जी का इंटरव्यू लिया । लगभग 4 बजे शाम नियोगी जी हम लोगो के साथ खाना खाए और करीब 5/30 बजे अपनी कार से अपने निवास स्थान 1/55 हुडको चले गये । करीब 6/30 बजे तैयार होकर कार से फिर आफिस आये और मुझे बताया कि उन्हे रायपुर जाना है । इसके बाद दीपक सरकार के साथ नियोगी जी रायपुर चले गये, । हमारे, आफिस में रात्रि के समय करीब 9-10 लोग सोये थे जिनमें मेरे अलावा, एन.यल.यादव हेमू, राम साहू तोहिद खान, बिष्णु लाल सरकार और चांदी डुगरी के साथी लोग थे, हमने रात के 1/30 बजे तक नियोगी जी का इंतजार किया, लेकिन वो लौटकर नही आये, रात्रि करीब 2 बजे दीपक सरकार कार लेकर दफ्तर में आया और बताया कि नियोगी अपने क्वाटर एम.आई.जी. 1/55 हुडको में सो गये है मै भी इसके बाद आफिस में सो गया ड्राइवर लहलराम जो कि नियोगी जी के क्वाटर नं. 1/55 हुडको में सोता था, करीब 4 बजे हमारे पास आफिस में आया और दरवाजा खटखटाया, और दरवाजा खुलने के बाद बताया कि नियोगी जी को खुली खिडकी की तरफ से

 P.W-I

किसी ने गोली मार दी है इस पर हम लोग कार नम्बर एम.आई.आर. 227 में लेकर नियोगी जी के 1/55 हुडको रवाना हुये। उस वक्त गाड़ी बहलराम चला रहा था, चलते वक्त मैंने अपने साथ दो ढाई हजार रूपये ले लिये थे, मैंने फोन द्वारा राजहरा को खबर देनी चाही लेकिन लाईन खराब थी, इसलिये फोन नहीं हो पाया, नियोगी, जी के क्वार्टर पहुंचने के बाद हम लोग सेक्टर नं. 9 हस्पताल पहुंचे तो हमारे साथियों ने बताया कि नियोगी जी को आई.सी.यू. में ले गये है। इसके बाद मैं अपने दफ्तर आया, और फोन पर राजहरा सूचना दी इसके बाद करीब 4/4-30 बजे मैंने आफिस से टी.आई. भिलाईनगर को नियोगी जी को गोली लगने की सूचना दी। इसके बाद अस्पताल से मेरे अन्य साथी लोग वापिस आये तो तौहिद खान ने बताया कि नियोगी जी की मृत्यु हो चुकी है, और उनकी लाश को मोरचुरी में रखा गया है। मुझे ये सूचना लगभग रात्त बजे मिली, ।

दिनांक 27/9/91 को नियोगी जी अपने मकान की चाबी मुझे दे गये, थे और कह गये थे कि बहलराम को दे देना और कह देना कि खाना बना दे, बहलराम अक्सर वहीं रहता था और नियोगी जी का खाना बनाता था क्वार्टर नम्बर 1/55 में नियोगी जी गर्मी के दिनों से ही रहना शुरू किया था, कभी कभी उनका परिवार भी भिलाई आकर उनके साथ रहता था अन्यथा परिवार राजहरा में ही रहता था।

पढ़कर सुनाया व तसदीक किया।

//सत्यप्रतिलिपि//

मेरे समक्ष

हस्ता/सही.

{होशियार सिंह,}

पुलिस निरीक्षक/सी.बी.आई.

एस.आई.सी.-2/नई दिल्ली,

{कैम्प - भिलाई 7}

BHILAI 2.12.91

Further Statement of Basant Kumar Sahu, Office In-charge, Chhattisgarh Mukti Morcha Bhilai Office, Bhilai.

PW-I

*****

The agitation in various industries of Bhilai, Urla (Raipur), Tedesara (Rajnandgaon) had been initiated in latter part of 1990 as a result of which various industries had removed the various workmen. There are leaders (Mukhiya) supporting Chhattisgarh Mukti Morcha in every industrial unit. Those leaders had supplied the lists of labourers who had been turned out by the management for supporting the agitation. As per the informations supplied by the leaders, consolidated lists of those labourers had been prepared by me in Chhattisgarh Mukti Morcha Office, Bhilai. As per the list, I have handed over today, number of labourers, noted against each industrial unit who had been removed by the management due to their participation in the agitation launched by late Shri Shanker Guha Niyogi is as follows :-

1.	Simplex Castings, Bhilai	- 414	labourers.
2.	Simplex Castings Ltd., Urla	- 311	labourers
3.	Simplex Unit-2	- 204	"
4.	Simplex Metals, Tedesara	- 12	"
5.	Sangam Forging, Tedesara	- 31	"
6.	Simplex Engineering & Foundary Works Ltd. Unit-3	- 208	"
7.	Bhilai Wires Ltd.	- 169	"
8.	B.E.C.Unit-1	- 69	"
9.	Vishwa Vishal Engineering	- 65	"
10.	B.K.Castings Pvt. Ltd.	- 10	"
11.	B.K.Engineering	- 13	"
12.	B.K.-2	- 7	"
13.	Khetawat Wires Ropes & Cables Urla, Raipur	- 39	"
14.	M/s Khetawat, Urla, Raipur	- 45	"
15.	B.E.C. Implex Unit-4	- 57	"
16.	B.E.C.Urla	- 131	"

T.C.B.

PW-1

17.	Khetawat Cables, Urla	- 19 workers
18.	Kedia Distillery, Bhilai	- 395 "
19.	Chhattisgarh Distillery, Kumhari.	- 345 "

RO&AC

Before me

T.C.

Sd/-

(B.N.P.AZAD) 2.12.91
DSP:CBI:SIC.II:N.DELHI
CAMP : BHILAI

BHILAI
22.11.91

Supplementary statement of Shri Basant s/o Shri Ram Prashad Office-in-charge Chhattisgarh Mukti Morcha, MIG-II/273, HUDCO, Bhilai u/s 161 Cr.P.C.

**** PW-I

Today, I and Ms Sudha Bhardwaj had scrutinized the office files and had been able to trace forteen sheets of papers written by Shri Niyogi. These papers have been handed over to the I.O. under a Memo. I have seen Shri Niyogi (Shanker Guha) our leader writing and have been received papers written by him. I am conversant with the handwriting of late Shri Niyogi. All the aforesaid 14 sheets which are written in English and Hindi in Blue, red & black ink are in the handwriting of Shri Niyogi which I identify. I have put dated initial on all the forteen sheets at the time of handing over.

Explained & A.C.

Before me

Sd/-
(B.S.KANWAR)
22.11.91 DSP

T.C.

बयान [redacted]।

[redacted] आत्मज, राम प्रसाद साहू उम्र 29 साल [redacted] रेलवे [redacted] के पास थाना व जिला राजनांदगांव [redacted] आई.जी. 2/273 थाना भिलाई नगर जिला दुर्ग [redacted]

--००--

मै ग्राम मोतीपुर राजनांदगांव का मूल निवासी हूं [redacted] मुक्ति मोर्चा का कार्य करता हूं जिसके प्रमुख कार्यकर्ता [redacted] नियोगी थे. एम.आई.जी./2/273 हुडको में मुक्ति मोर्चा का [redacted] है जिसका आफिस इंचार्ज मै हूं। आफिस में मेरे [redacted] हिंदलोन है जो पेपरों की कटिंग और अन्य कार्य करते है। [redacted] 91 को शंकर गुहा नियोगी जी आफिस में [redacted] हुडको से 8/30 बजे दिन अपनी कार नं. [redacted] दीपक सरकार के साथ में आफिस [redacted] कर्मचारियों से चर्चा भेट कर बात [redacted] कार्यवाहक एन.के.सिंह आये थे, उनसे भी प्रेस वक्तव्य [redacted] करीबन 4 बजे शंकर गुहा नियोगी जी ने मेस में हम लोगों के साथ खाना [redacted] और करीबन 5/30 बजे दीपक सरकार के साथ में [redacted] जी. 1/55 में फ्रेश होने चले गये। [redacted] आफिस आये। कार लाकर [redacted] कि मुझे रायपुर जाना है, इसके [redacted] जो कार एम.आई.आर. 227 में रायपुर चले गये, [redacted] मजदूर साथियों से बात चीत की थी, तथा करीबन 2 बजे दिन भोपाल [redacted] सरकार साथी से बात चीत किये थे मैं आके आफिस के कार्य में [redacted]। आफिस एम.आई.जी. 273 हुडको में रात 9.10 [redacted] जिसमें मेरे अलावा, एन.एल. [redacted] लाल सरकार, और बंदी डोंगरी के साथी [redacted] शंकर गुहा नियोगी के आने का इंतजार मे करता था [redacted] नहीं आये, करीबन 2 बजे रात दीपक सरकार कार [redacted] एम.आई.जी. 273 में आया, और बताया कि [redacted] गुहा नियोगी जी अपने मकान

PW 14
21/1/94 + 22/1/94

 PW-1

[redacted]आई.जी. 1/55 में सो गये है । मैं भी इसके बाद आफिस में सो गया करीब बाहर छुट्टी कर दीपक सरकार भी आफिस में सो गया, रात करीबन 4 बजे जीप का ड्रायवर बहाल जो कि एम.आई.जी. 1/55 में नियोगी जी के साथ सोया था, ने आकर आफिस का दरवाजा खटखटाया । हम सभी लोग जाग गये तो बहल राम ने बताया कि शंकर गुहा नियोगी को खुली खिड़की की तरफ से किसी ने गोली मार दिया है नियोगी जी अपने बिस्तर पर पड़े है । कि हम सब लोग कार एम.आई.आर. 227 में बैठकर एम.आई.जी 1/55 रवाना हो गये, उस वक्त कार बहालराम चला रहा था, मैंने आफिस से हस कुमार के साथ 2, ढाई हजार रुपये आलमारी से निकाल रखा और राजहरा को खबर देना चाहा परन्तु फोन नहीं लगा । इसके बाद मै साईकिल से सेक्टर 9 अस्पताल पहुंचा, तो हमारे साथियों ने बताया कि शंकर गुहा नियोगी को आई.सी.यू. वार्ड में ले गये है, । कि मैं अपने साइकिल से अस्पताल से आफिस एम.आई.जी. 2/273 आया । और फोन लगाकर राजहरा को सूचना दिया करीबन 4/25 मैंने आफिस के फोन से टी.आई. भिलाईनगर को शंकरगुहा नियोगी को गोली लगने की सूचना दी, ।
टेली
फोन करने के बाद अस्पताल के मेरे और साथी लोग लौटकर आये सोविन्द खान ने बताया कि शंकरगुहा नियोगी की मृत्यु अस्पताल में हो चुकी है, और उनकी लाश मरचुरी में रखाई गई है, मुझे यह सूचना करीबन 5 बजे मिली है दिनांक 27/9/91 को शाम शंकर गुहा नियोगी के मकान एम.आई.जी. 1/55 की चाबी मुझसे मांगकर बहालराम ले गया था, वह अक्सर वहीं खाना बनाता था, और खुद खाता है कभी कभी शंकरगुहा नियोगी जी भी उसी के साथ खाना खा लिया करते थे, । मकान एम.आई.जी 1/55 में करीबन 2 माह पूर्व से नियोगी जी ने रहना शुरू किया था, ज्यादातर वह राजहरा में अपने परिवार के साथ रहते थे ।

//सत्यप्रतिलिपि//

Local

हस्ता/सही,
दिनांक 28/9/91

बयान श्री रमेश कुमार पुत्र श्री ... लाल, उम्र करीब 30 वर्ष, मुख्य आरक्षक नं0 1001, पुलिस स्टेशन सेक्टर 6, कोतवाली, भिलाई (निवासी- म.नं.0 270-जी, रिसाली सेक्टर, भिलाई)

.... PW-2

पूछने पर बयान करता हूं कि मैं उक्त पद पर 1987 से तैनात हूं। उक्त थाने मे मेरा ड्यूटी कभी मुहर्रिर मेजर और कभी जनरल ड्यूटी पर रहता है।

दिनांक 27.9.91 के रात 8.00 बजे से 28.9.91 के सवेरे 8.00 बजे तक मेरा मुहर्रिर मेजर के रूप में ड्यूटी था व इस समय के दौरान की गई एन्ट्रीज मेरे अपने हाथ की हैं। हमारे उक्त थाने की जी0डी0 एन्ट्री सान्हा न0 2881 मेरे हाथ द्वारा की गई। यह एन्ट्री प्रात: 28.9.91 के 4.25 बजे मैंने की थी। श्री जी0एन0 दुबे उप निरीक्षक की 27.9.91 रात के 8.00 बजे से 28.9.91 प्रात: 8 बजे तक की नाईट ड्यूटी आफिसर के रूप में तैनाती थी। श्री जी0एन0दुबे को अज्ञात नाम के व्यक्ति द्वारा नियोगी जी के उनके निवास स्थान 1/55 एच0आई0जी0 में किसी व्यक्ति द्वारा गोली मारने की खबर टेलीफोन द्वारा मिला था। जी0एन0दुबे ने उक्त घटना की रिपोर्ट मेरे द्वारा जी0डी0 में लिखवाई और आरक्षक 509 को लेकर घटना स्थल पर रवाना हो गए थे। उक्त रिपोर्ट के अनुसार टी0आई0 साहब को सूचना दे दी गई थी।

28.9.91 को ही प्रात: 6.20 पर सान्हा न0 2888 के अनुसार आरक्षक जगन्नाथ क्रमांक 509, जो श्री जी0एन0दुबे के साथ घटना स्थल पर गया था, जारी अपराध क्रमांक/91 धारा 307, आई.पी.सी., 25/27 आर्म्स एक्ट की देहाती नालिशी लेकर दुर्ग से 5.40 मिनट पर श्रीमान बी0एल0उइके, ए0एस0आई0 के पास पेश किया। तब बी0एल0उइके द्वारा 6.20 बजे असल अपराध क्रमांक न0 580/91 धारा 307 आई.पी.सी., 25/27 आर्म्स एक्ट कायम किया। उक्त सारा रिपोर्ट मैंने ही अंकित की था। उक्त अंकित रिपोर्ट के मुताबिक इस अपराध की सूचना की स्पेशल रिपोर्ट मैंने तैयार कर के रखा है कि पुलिस अधीक्षक महोदय व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय को भेजा जा सके। उक्त स्पेशल रिपोर्ट आरक्षक 751 के द्वारा भेज दी गई।

28.9.91 को ही प्रात: 7.40 बजे सान्हा नं0 2897 को अंकित रिपोर्ट जो मेरे हाथ की है, के अनुसार ड्राईवर साधू अस्प. सै0 9 अस्पताल से अस्पताली मेमो ले कर आया और ए0एस0आई0 बी0एल0उइके साहब को दी। उक्त अस्पताली मेमो के अनुसार शंकर गुहा नियोगी को मृत अवस्था में

T.C.B.

PW-2

में सं० 9 के अस्पताल में लाया गया । उक्त अंकित रिपोर्ट के अनुसार ही आरक्षक 509, जगन्नाथ को मर्ग का डायरी व अपराध का डायरी विवेचना एवं पंचनामा हेतु इनको घटना स्थल भेजा गया ।

घटना की सूचना प्राप्त होने पर ही समस्त स्टाफ को तुरन्त पुलिस स्टेशन बुला लिया गया था । इनमें श्री जी०एम०उइके ए०एस०आई० भी थे ।
आर० ओ० एण्ड ए०जी०

सही/-
([illegible])
4·1·92
निरीक्षक/सीआईआई
एस०आई०सी०2/दिल्ली
कैम्प भिलाई·

सत्य प्रतिलिपि

बयान   PW-5

बहलराम पुत्र लखन साहू उम्र 28 साल, साकिन कोण्डे पावर हाउस बी·एस; पो· क्वार्टर राजहरा वर्तमान एम·आई·जी·1/55- हुडको भिलाई ।

.....

मैं तिरोड़ी बालाघाट में पैदा हुआ था । मेरे माँ बाप दल्ली राजहरा में रहने लगे और बीएसपी की खदान मजदूर सहकारी समिति में नौकरी करते हैं ।मेरे पिता जी अभी रिटायर हो गये हैं । माँ अभी काम करती है । मैं बचपन से ही वहाँ आ गया था । मैं पढ़ा लिखा नहीं हूँ । हम लोग पाँच भाई और चार बहन हैं । मेरे से एक भाई बड़ा और दो बहनें बड़ी हैं । बड़ा भाई खदान में काम करता है । वह भी केएमएसएस में काम करता है । मेरे से छोटे दो भाई संतराम और बसंतराम मार्केट में सायकल दुकान में काम करते हैं । बड़ा भाई मदन घर से अलग रहता है बाकी सभी माँ-बाप के साथ रहते हैं । मेरे माँ बाप शुरू से ही सीएमएसएस के साथ काम करते रहे हैं इस कारण मैं भी बचपन से ही सीएमएसएस यूनियन में आताजाता रहता था । होश सम्हालने के बाद लगभग 4-5 साल पिल्ले होटल में काम करता था वहाँ मुझे कोई रुपया नहीं मिलता था सिर्फ खाना और कपड़ा मिलता था । उसके बाद लगभग 4-5 साल जंगल से जलाऊ लकड़ी सायकल में लाकर बेचने का काम करता था । लगभग 2-3 साल से मैं शहीद अस्पताल में चौकीदारी का काम करता था लगभग 300/- महिने का मिल जाता था । सुबह का खाना अस्पताल में ही खाता था रात का घर में । इस दौरान मैं शंकर गुहा नियोगी जी की देखरेख करता था क्योंकि उनका पैर गिरने से टूट गया था । शंकर गुहा जी ने ठीक होने के बाद मुझे सत्तार गैरेज में नौकरी दिला दी । यहाँ मैं सिर्फ काम सीखता था कोई रुपया नहीं मिलता था । इस समय मैं अपने माँ बाप के साथ ही रहता था घर पर ही खाता था जब भी 25-50/ की जरूरत होती तो नियोगी जी से ले लेता था । मेरी शादी डोंगरगढ़ छीरपानी में रामसिंग साहू की लड़की पार्बती बाई के साथ 1980 में हुआ था । मेरे चार बच्चे हैं बड़ा लड़का आठ साल का है । सत्तार गैरेज में था तभी मेरा लायसेंस नियोगी जी ने बनवा दिया था । पिछले करीब दो साल से मैं सीएमएसएस यूनियन की जीप चला रहा था । करीब एक साल से भिलाई में आंदोलन होने के कारण नियोगी जी ~~हो~~ का वहाँ आना जाना लगा रहता था । मैं यूनियन के कार्यकर्ताओं को लेकर भिलाई आया करता था । करीब एक साल से यूनियन का आफिस हुडको भिलाई में एमआईजी·2/273

 PW-5

में खुला है । हुडको भिलाई में क्वा·नं0 एमआईजी·1/55 को भी नियोगी जी ने आफिस खुलने के बाद खरीदा है । जब भी नियोगी जी भिलाई जाते थे तो दिन में आफिस में काम करने के बाद रात एमआईजी·1/55 में ही रुकते थे । आफिस में बसंत जी हमेशा रहते हैं वहाँ खाना भी बनता है अत: नियोगी जी कभी आफिस में ही खाना खा लेते थे कभी घर पर । आफिस में कार्यकर्ता आते जाते रहते थे । भिलाई में भी कई जगह नियोगी जी के आफिस हैं लेकिन मुझे उनका पता मालूम नहीं है । नियोगी जी भिलाई में कार में चलते थे उनका कार का ड्रायवर सरकार बाबू है । कार का नंबर एम·आई·आर·227 है । मैं जो जीप चलाता था उसका नंबर एम·पी·जी·7971 है । मैं मंगलवार 24 तारीख को जीप लेकर बाहर से आये लोगों को एवं अनूप जी को लेकर भिलाई गया था । मंगलवार को रात करीब 10-11 बजे नियोगी जी कार से भिलाई हुडको आफिस आये थे उनके साथ और लोग भी थे उनके साथ मैं एमआईजी·1/55 में कार से आ गया था कार को नियोगी जी चला रहे थे । रात को नियोगी जी के साथ मैं अकेले घर पर सोया था । दूसरे दिन कार लेकर हम दोनों आफिस आ गये । दिन भर काम किये । मैं घर पर बिजली बनाने वाले बाबूलाल और अंजोरी के साथ रहा । पंखा और ट्यूबलाइट को ठीक करने का सामान लाने के कारण बाबूलाल ने देखकर कहा सामान लाना पड़ेगा । अंजोरीराम दिन भर घर के दरवाजा खिड़की को ठीक किया । शाम तक काम खतम हो गया । दो मजदूर भी साथ में आये थे । काम खत्म होने के बाद बुधवार को मैं इन चारों को बस स्टेण्ड में छोड़ दिया था । मैं वापस आफिस आ गया । रात को नियोगी जी घर लगभग आठ बजे आ गये थे उनके साथ अनूप जी भी थे । रात को मैं और नियोगी जी गये । साथ में घोषाल दादा भी थे । बृहस्पतवार को सबेरे नाश्ता लेकर घोषाल दादा के साथ कार से कहीं चले गये । कार खुद नियोगी जी चला रहे थे । रात को नियोगी जी हमें आफिस में मिले वहाँ उनके साथ हम दोनों घर 1/55 एमआईजी आये रात को खाना खा कर सो गये । बृहस्पतवार को ही सबेरे सात बजे उठा उस समय नियोगी जी सो रहे थे । मैं दूध लेने चला गया था वहाँ से वापस आया तो नियोगी जी उठ गयेथे । मैं चाय नाश्ता तैयार किया नाश्ते में लालभाजी और रात के बचे आलू को भजिया तैयार किया था किन्तु नियोगी जी चाय लिये नाश्ता नहीं लिये । मैं चाय नाश्ता लिया । चाय नियोगी जी को देने के बाद कार का ड्रायवर सरकार बाबू तथा दो आदमी घर पर आये । नियोगी जी करीबन 9, सवा नौ बजे कार से आफिस के लिये निकले । जो दो आदमी आये थे उनमें एक घोषाल दादा और दूसरा बसंत था

PW-5

जो आफिस से पेपर लेकर आया था । मैं भी नियोगी जी के निकलने के बाद घर के दरवाजे खिड़की बंद करने के बाद आफिस करीब 10 बजे पहुँचा । आफिस में नियोगी जी अन्दर स्टाफ से बातचीत कर रहे थे । मैं आफिस से करीब साढ़े दस बजे अकेला जीप लेकर पावर हाउस के लिये निकला । निकलने के पहले मैं नियोगी से मिला था । जीप को लेकर पावर हाउस पहुँचने के बाद मिस्त्री को जीप दिखाया जो जीप देखने के बाद बोला कि 15-15 सौ रुपय लगेगा तब मैं श्रम बिन्दु कार्यालय आकाश गंगा जाकर टेलीफोन से नियोगी जी को बताना चाहा लेकिन टेलीफोन नहीं लगा तब मैं जीप को लेकर दुर्ग आया । दुर्ग में मालवा होटल के पास काम कराया । भिलाई आटो दुर्ग से टेलीफोन लगाकर नियोगी जी से लगभग 12 बजे बात कर के बताया कि 1000/- की आवश्यकता है । मेरे साथ झारखण्ड का एक आदमी भी था वह जब मैं आफिस से निकला था तब से मेरे साथ था । मुझे नियोगी जी ने टेलीफोन से बताया कि तुम वापस आ जाओ । मैं स्कूटर मिस्त्री से लेकर झारखण्ड वाले आदमी को आफिस भेजा वहाँ से 1000/- लेकर करीब डेढ़ बजे वापस आया । वापस आकर बताया कि ये रुपया नियोगीजी-- भिजवाये हैं । दिन भर वहाँ मिस्त्री के यहाँ रहकर जीप बनवाया लेकिन जीप नहीं बनी । तब मैं और वह आदमी दोनों दुर्ग से आफिस तक पैदल आये । रात करीब पौने नौ बजे आफिस पहुँचे नियोगी जी आफिस में ही बैठे थे । मैंने नियोगीजी को जीप नहीं बनने का हाल सुनाया । रात करीब साढ़े दस बजे मैं और नियोगी जी आफिस से घर आये जहाँ मैंने खाना बनाया और हम दोनों सो गये । शुक्रवार को मैं करीब सात बजे सोकर उठा पानी भरा दूध लेने गया उस समय नियोगीजी सो रहे थे । मैं दूध लेकर वापस आया तो नियोगी जी बिस्तर पर ही थे । मैं चाय बनाकर उनको दिया वे चाय पिये । नाश्ता तैयार किया लेकिन नियोगीजी नाश्ता नहीं किये । करीबन नौ बजे आफिस का बाबू बसंत आया और बोला कि आफिस में कोई मिलने आया है । तब नियोगी जी बसंत को लेकर कार में आफिस चले गये । मैं भी करीबन साढ़े नौ बजे घर से निकलकर आफिस आया । आफिस में नियोगीजी बैठे थे किसी आदमी से बैठकर बात कर रहे थे वे फैक्टरी के साथी लोग थे । मैं नियोगी जी से बोला कि कार से दुर्ग छुड़वा दीजिये । इस पर नियोगी जी ने कार ड्रायवर सरकार को बोला कि तुम जल्दी छोड़कर आ जाओ मैं कार से दुर्ग मिस्त्री के पास आया । मिस्त्री बोला कि जीप का टापा खराब है तब मैं टापा के लिये टेलीफोन से हुडको आफिस बात किया मेरे साथ झारखण्ड का आदमी भी साथ था । मैंने नियोगी जी से बात किया वे बोले आकर पैसा ले जाओ तब मैं

मुक्ति मोर्चा झारखण्ड वाले आदमी को टेम्पो से आफिस भेजा । उसके रवाना होने के कुछ देर बाद सरकार बाबू कार लेकर मेरे पास आया और बोला कि नियोगी जी बुलवाया है मैं बोला कि 400/- में हो जायेगा मैं कार ले आफिस आया उस समय लगभग साढ़े बारह बजा होगा । बसंत से 400/- नियोगी ने दिलवाया । मैं फिर खाना खाने आफिस में रुक गया वहाँ खाना खाया । नियोगी जी भी आफिस में ही खाना खाये । खाना खाकर मैं 3·10 बजे शाम को झारखण्ड वाले आदमी के साथ टेम्पो से दुर्ग गैरेज आया जहाँ जीप का काम कराया । करीब पाँच बजे जीप और मिस्त्री को लेकर आफिस आया । आफिस में नियोगी जी बैठे थे । जीप का ट्रायल लिये फिर मैं मिस्त्री को और जीप को लेकर दुर्ग चला गया । दुर्ग में मिस्त्री के वहाँ चक्के का काम कराया । काम कराने के बाद मैं अकेला करीब साढ़े सात बजे जीप को लेकर आफिस पहुँचा । आफिस में बसंत मिला नियोगी जी नहीं थे । बसंत ने चाभी देते हुये कहा कि नियोगी बोले हैं कि वे रायपुर जा रहे हैं और खाना बना कर रखने को बोले हैं । मैं चाभी लेकर राजेन्द्र और उसके साथ एक और लड़का जो राजहरा का रहने वाला है के साथ सायकल में कपड़े का बंडल रखकर चौक पर आये । चौक में मद्रासी बुड्ढा की दुकान से सब्जी अण्डा खरीदा । पास ही किराना दुकान से दो किलो चावल 10·25 पैसे में खरीदा फिर हम तीनों क्वार्टर करीब आठ सवा आठ बजे पहुँचे । रास्ते में किसी ने नियोगी जी के बारे में नहीं पूछा । घर आकर कपड़े का बंडल रखकर राजेन्द्र और उसका साथी अपने रिश्तेदार के पास जा रहे हैं बोल कर सायकल से चले गये । मैं अकेला घर पर था । घर के दरवाजे खिड़की सभी बंद थे । नियोगी जी के कमरे की खिड़की दरवाजा भी बंद थे । मैं घर में अंदर किचन में खाना बनाया । सब्जी बन रही थी उस समय लगभग सवा नौ बजे थे अनूप अकेले लूना से आया और बोला कि मैं भी खाना खाऊँगा । मैं अपने कपड़े धोया और नहाया । अनूप भी नहाया । इस बीच मेरे और अनूप के बीच नियोगीजी के बारे में आने जाने के संबंध में कोई बातचीत नहीं हुई । करीब 11 बजे हम दोनों खाना खाये । अनूप सेक्टर 2 में रहता है । खाना खाने के 10 मिनट बाद तक वह रुका रहा । करीब सवा ग्यारह बजे रात अनूप लूना लेकर चला गया मैं उसे बाहर गेट तक छोड़ने आया था । अनूप ने जाते जाते कहा कि नियोगी जी जब आये तो बता देना कि मैं सबेरे नहीं आऊँगा गेट जहाँ हड़ताल चल रही है वहाँ जाऊँगा । यह कहकर अनूप चले गये । मैं दरवाजा बंदकर के और बाहर का गेट भी बंदकर अंदर कमरे में जमीन पर चटाई बिछाकर कर हमेशा की तरह सो गया । जहाँ खाना बनता है वहाँ की लाइट जल रही थी बाकी सभी जगह की लाइट बंद थी । घर

PW-5

के बाहर की लाइट भी जल रही थी। रात करीब डेढ़ बजे नियोगीजी कार से घर आए उनके साथ सरकार ड्रायवर था नियोगीजी दरवाजा खटखटाए मैं सोते से उठा और दरवाजा खोला नियोगी जी घर के भीतर आए। कार का ड्रायवर सरकार बाहर कार के पास ही खड़ा था फिर उसने कार का चक्का चेक किया और फिर वह घर के भीतर तक आया। नियोगी जी मुझसे पूछे कि खाना खाये हो कि नहीं तब मैं बोला खाना खा लिया हूं और उनके खाने के बारे में पूछा नियोगी जी ने कहा मैं खाना खाकर आया हूं खाना नहीं खाऊंगा। उन्होंने मुझसे कहा कि सो जाओ। नियोगी जी ने सरकार जब आया था तो उससे पूछा कि तुम आफिस में सोगे कि यहां सोगे इस पर सरकार ने कहा कि आप जहां कहें तो नियोगी जी ने कहा कि तुम आफिस में सो जाओ यदि रात कहीं से टेलीफोन आता है या कोई खबर आती है तो मुझे आकर बताना। इस पर सरकार घर से आफिस के लिए चला गया। मैं अंदर ही था। नियोगी जी ने दरवाजा अंदर से बंद किया। सरकार ने कार स्टार्ट किया मैंने उसकी आवाज सुनी थी कार लेकर सरकार चला गया। नियोगी जी अपने कमरे में चले गए। नियोगी जी ने बाहर की ट्यूब लाइट बंद कर दी। मैं बरामदे में जमीन पर सो गया। नियोगी जी अपने में कमरे में चले गए उन्होंने कमरे की खिड़की खोली और अपने कमरे की लाइट जलाई इसके बारे में मुझे कोई जानकारी नहीं है। करीब डेढ़ दो घंटे के बाद मुझे फटाका चलने की जोरदार आवाज आई और नियोगी जी ने जोर से चिल्लाओ भागो तब मैं दौड़कर उनके कमरे में गया देखा कि उनके कमरे का दरवाजा ओंधाया हुआ था मैं धक्का देकर कमरे के अंदर गया। कमरे की लाइट जल रही थी पंखा चल रहा था तखत पर मच्छरदानी लगी हुई थी अंदर नियोगीजी हाथ पैर हिला रहे थे। सिराने की तरफ की खिड़की खुली हुई थी उसका परदा गिरा हुआ था। खिड़की के बाहर कुछ दिखाई नहीं दे रहा था मैं बाबू बाबू चिल्लाया तो नियोगीजी ने कोई आवाज नहीं की तब मैं बिना मच्छरदानी हटाये देखे वहां से घर से बाहर निकला बाहर का लोहे का दरवाजा बंद था मैं दरवाजा खोलकर सामने सड़क पार करके सामने वाले घर गया वहां लोहे का दरवाजे को हिलाया। अंदर से कौन है करके आवाज आयी फिर मैंने बाहर से कहा कि मेरा बाबू कैसे कर रहा है चलकर देखो तो वे घर का दरवाजा खोलकर बाहर आया। एक बूढ़ा आदमी था जो मेरे साथ घर की तरफ आ रहा था कि उसका लड़का भी साथ में देखने आया हम तीनों नियोगी जी के कमरे में उनको देखने गए तब तक नियोगी जी करवट ले लिए थे हम लोगों ने मच्छर-दानी हटाकर देखा तो नियोजी जी के पीठ के किनारे खून निकलता दिखाई दे रहा था

... 6 पर

PW-5

उस आदमी ने मुझसे कहा कि कोई आवाज सुने थे क्या मैंने उनसे कहा कि एक फटाका फूटने की आवाज सुना था । उस समय बारूद के जलने की थोड़ी-2 बदबू आ रही थी । उस आदमी ने कहा कि नियोगी जी को गोली लगी है सेक्टर 9 अस्पताल ले जाना होगा तब उनके लड़के ने घर आकर स्कूटर निकाली और मैं उनके साथ बैठकर आफिस गया । वहां आफिस जाकर दरवाजा को जोर जोर से ठोका तब आफिस से सरकार बाबू, यादव खेमू और उसके तीन चार साथी बाहर निकले मैंने यादवजी को कहा कि बाबू को गोली मार दिया है एम्बुलेंस लेकर आओ । यादव जी उसी स्कूटर में बैठकर अस्पताल चले गए मैं सरकार बाबू के साथ और साथियों को लेकर घर आया । कमरे में नियोगी जी को निकालकर कार में पीछे सीट में सुलाए वहां से कुछ दूर गए थे कि एंबुलेंस भी आ गई तो नियोगी जी को कार से उतारकर एंबुलेंस में रखे और सेक्टर 9 अस्पताल के लिए रवाना हो गए । मैं अकेला कार लेकर अनूप को बताने सेक्टर 2 रवाना हो गया अनूप के घर जाकर उनको बताया कि बाबू को गोली मार दिए हैं । फिर मैं उनको कार में लेकर सेक्टर 5 घोषाल दादा के घर गया । घोषाल दादा को अनूप जी बताये फिर घोषाल दादा और अनूप को लेकर सेक्टर 9 अस्पताल आया । घोषाल दादा और अनूप को उतारा कार को किनारे लगाया तब तक अनूप और घोषाल दादा अस्पताल के अंदर चले गए थे । मुझे गेट से अंदर नहीं जाने दिए । नियोगी जी पिछले महिने दिल्ली गए थे उसके 3-4 दिन पहले भिलाई घर में खाना खाते समय मुझसे बोल रहे थे कि केड़िया के या सिम्पलेक्स के जो गुण्डे है वे अगर कभी गोली मार दिए या कभी हमला कर दिए तो तुम क्या करोगे । मैं उनसे पूछा कि ये खबर आपको कहां से मिला उन्होंने मुझसे कहा कि इसके बारे में तुमको जानने की जरूरत नहीं है । जब भी नियोगी जी घर में इसके पहले सोते थे तो कमरे की खिड़की हमेशा बंद करके लाइट बंद करके सोते थे । लेकिन जिस दिन नियोगी जी को गोली मारी गई उस दिन उनके कमरे की लाइट जल रही थी एवं खिड़की खुली थी । मुझे ब्यान देने आते समय किसी ने रोका नहीं था मैं फूल बिनने एवं मुण्डन संस्कार में व्यस्त था इस कारण बयान देने सुबह नहीं आ सका । ब्यान पढ़कर सुनाया गया कहे अनुसार लिखे गए हैं ।

Sd - M.G. Agrawal
1-10-91

कैम्प राजहरा

PW-5

बाद सरकार आबू कुमार लेकर मेरे पास आए और बोले कि नियोगी जी ने बुलाया है । मैं कार में आफिस गया तो नियोगी जी ने बसंत से मुझे 400 रुपए दिलवाए । मैंने तथा नियोगी जी ने आफिस में ही खाना खाया । खाना खाने के बाद मैं झारखंड वाले आदमी के साथ टेम्पो में दुर्ग गैरेज गया और जीप का काम करवाया । करीब 5 बजे जीप और मिस्त्री को लेकर मैं आफिस में आया । नियोगी जी आफिस में ही बैठे थे । उन्होंने जीप का ट्रायल लिया और ट्रायल के दौरान में पाया कि गियर में कुछ खराबी बाकी है । मैं मिस्त्री को जीप में लेकर दुर्ग गया । वहां पर काम करवाया और लगभग 7.30 बजे जीप को लेकर आफिस आया । आफिस में बसंत ने मुझे बताया कि नियोगी जी ने घर की चाबी दी है, वे रायपुर गए हैं और उन्होंने मुझे खाना बनाने के लिए कहा है । मैं चाबी लेकर राजहरा के दो लड़कों, जिनमें एक का नाम राजेन्द्र है, के साथ साईकिल पर घर गया । राजेन्द्र यूनियन के गैरेज में राजहरा में काम सीख रहा है । हम साईकिल पर कपड़ों का बंडल, जो नियोगी जी दफ्तर में रखे हुए थे को, लेकर गए थे । जाते हुए मैंने सब्जी, चावल और अंडा वगैरह खरीदा । घर पहुंचने के बाद राजेन्द्र और उसके साथ वाला लड़का अपने रिश्तेदार के घर चले गए और मैं अकेला घर में रह गया । उस समय घर के सभी खिड़की दरवाजे बंद थे । मैंने खाना बनाया, लगभग 9.15 बजे अनूप जी लूना पर आए और बोले कि मैं भी खाना खाऊंगा । मैंने कपड़े धोए और नहाया, अनूप जी भी नहाए । करीब 11 बजे हम दोनों ने खाना खाया । खाना खाने के बाद अनूप जी अपने घर सेक्टर 2 चले गए । इस बीच अनूप जी से मेरी श्री नियोगी जी के बारे में कोई भी बात नहीं हुई । अनूप जी घर जाते समय मुझे ये कह गए कि श्री नियोगी आएं तो उन्हें बता देना कि मैं सुबह नहीं आऊंगा क्योंकि उसे हड़ताल वाले स्थान पर जाना है । मैं दरवाजा और गेट बंद करने के बाद बड़े कमरे में जमीन पर चटाई बिछाकर हमेशा की तरह सो गया । किचन की लाईट जल रही थी और बाकी सभी लाईटों को मैंने बंद कर दिया । रात के एक-डेढ़ बजे नियोगी जी कार में आए, कार सरकार ड्राईवर चला रहा था ।

T.C. [signature]

———5

नियोगी जी ने दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खुलने के बाद वो अंदर आए। सरकार भी घर के भीतर आया। नियोगी जी ने मुझसे पूछा, कि मैंने खाना खाया है या नहीं तो मैंने कहा कि मैं खाना खा चुका हूं। मैंने उनके खाने के बारे में पूछा तो उन्होंने बताया कि मैं खाना खाकर आया हूं। उन्होंने मुझे सोने के लिए कहा। इसी बीच नियोगी जी ने सरकार ड्राईवर से पूछा कि क्या वह आफिस में सोयेगा या उन्हीं के घर में सोयेगा। इस पर सरकार ने कहा कि जहां वो कहेंगे वहीं सो जाउंगा। इसके बाद नियोगी जी बोले कि तुम आफिस में जाकर सो जाओ यदि रात को कहीं से टेलीफोन आए तो खबर करना। इसके बाद सरकार घर से आफिस चला गया। नियोगी जी ने दरवाजा बंद किया और वो अपने कमरे में चले गए। डेढ़-दो घंटे के बाद मैंने जोर से पटाखा चलने की आवाज सुनी और उसी के साथ नियोगी जी [मांगो] कहकर चिल्लाए। मैं दौड़ता हुआ उनके कमरे में आया तो देखा कि कमरे का दरवाजा कुछ खुला था, मैंने दरवाजा खोला और अन्दर गया। कमरे की लाईट जल रही थी, पंखा चल रहा था और तख्त पर मच्छरदानी लगी हुई थी एवं उसके अन्दर नियोगी जी हाथ पैर हिला रहे थे। सिरहाने के तरफ की खिड़की खुली हुई थी और उसका परदा लगा हुआ था। मुझे खिड़की के बाहर कुछ दिखाई नहीं दिया। मैं बाबू बाबू कहकर चिल्लाया तो नियोगी जी कोई जवाब नहीं दिए। मैं नियोगी जी को अपने पिता से भी बढ़कर मानता था क्योंकि उन्होंने मेरी जिन्दगी बनाई। मैं भागकर गया और बिना मच्छरदानी हटाए या उनको निकट से देखे घर से बाहर निकला और सामने वालों का दरवाजा जोर जोर से खटखटाया। अन्दर से आवाज आई तो मैंने कहा कि मेरा बाबू पता नहीं क्या कर रहा है, चलकर देखो। एक बूढ़ा आदमी दरवाजा खोलकर बाहर आया और मेरे साथ नियोगी जी के घर की ओर चला। उनका लड़का भी हमारे साथ हो लिया। हम तीनों नियोगी जी के कमरे में उनको देखने लगे। उस समय नियोगी जी ने करवट ले रखी थी। हम लोगों ने मच्छरदानी हटाकर देखा तो नियोगी

T.C.M.

PW-5

जी की पीठ से खून निकल रहा था। बूढ़े आदमी ने मुझसे पूछा कि क्या मैंने कोई आवाज सुनी थी तो मैंने कहा कि एक पटाखा चलने की जोर की आवाज आई थी। इस पर उन्होंने कहा कि बाबू जी को गोली लग गई है। उस समय कमरे में बारूद के जलने जैसी थोड़ी थोड़ी बदबू आ रही थी। बूढ़े आदमी ने कहा कि उनको अस्पताल ले जाना होगा। मेरे पास कोई साधन नहीं था। बूढ़े आदमी का लड़का अपना स्कूटर निकालकर लाया और हम दोनों आफिस गए, आफिस जाकर दरवाजा खटखटाया और दरवाजा खुलने पर सरकार बाबू, यादव, खेमू, असीत आदि बाहर निकले तो मैंने उन्हें बताया कि बाबू जी को गोली मार दी है, जल्दी से एम्बुलेंस लेकर आओ। यादव जी स्कूटर पर बैठकर अस्पताल चले गए और मैं सरकार बाबू के साथ और साथियों को लेकर कार से घर आया। बाबू जी को कार में पीछे की सीट पर सुलाया और अस्पताल की ओर चल पड़े। अभी कुछ ही दूर चले थे कि एम्बुलेंस भी आ गई, नियोगी जी को कार से उतारकर एम्बुलेंस में रखा और वहां से वे लोग अस्पताल चले गए। मैं कार लेकर अनूप जी को बताने सैक्टर 2 गया, उसके बाद अनूप जी को साथ लेकर घोसाल दादा को बताया, घोसाल दादा को लेकर मैं अस्पताल आया।

बाबू जी के हत्या से पहले एक दिन हम खाना खा रहे थे तो बाबू जी ने मुझे बताया कि यदि केडिया या सिम्पलैक्स के गुंडे उन्हें गोली मार देंगे तो वह क्या करेगा। मैंने उनसे कहा कि वो आपको क्यों मारेंगे और ये खबर उन्हें कहां से मिली। नियोगी जी ने मुझे कहा कि मुझे ये जानने की जरूरत नहीं है। नियोगी जी को सोने से पहले किताब पढ़ने का शौक था परन्तु मैंने उन्हें कभी भी लाईट जलती हुई छोड़कर सोते नहीं देखा था।

नियोगी जी की हत्या के दिन यानि 28.9.91 को पुलिस वाले मेरे पास आए थे, उस समय सुबह के 5/5.30 बजे होंगे, और घटना के बारे में मेरी रिपोर्ट लिखी थी जिसपर मैंने दस्तखत किए थे, मुझे आज वो रिपोर्ट दिखाई गई है, मैं अपने हस्ताक्षर की तसदीक करता हूं।

पढ़कर सुनाया, सही पाया।

मेरे समक्ष

सत्य प्रतिलिपि

सही-

(बी०एस० [illegible])

आरक्षी उपाधीक्षक/एस०आई०सी०-2 केन्द्रीय

भिलाई
दिनांक: 21.11.91

बयान हेलराम पुत्र लखन साहू, उम्र 28 साल, निवासी - कोंडे पावर हाउस, बी०एस०पी० क्वार्टरस, राजहरा, जिला दुर्ग ।

PW-5

मैं इस समय छत्तीसगढ़ माईन्स श्रमिक संघ (सी०एम०एस०एस०) में बतौर ड्राईवर नियुक्त हूं । मुझे 700 रुपए प्रतिमाह वेतन मिलता है । मेरी माता जी राजहरा में के०एम०एस०एस० सहकारी समिति में नौकरी करती हैं और पिताजी इसी समिति से लगभग एक साल पहले रिटायर हुए थे । मैं पढ़ा लिखा नहीं हूं । मेरे माता पिता सी०एम०एस०एस० के सदस्य हैं और इसी कारण मैं भी बचपन से ही सी०एम०एस०एस० यूनियन में हूं । हम 4 बहिन और 5 भाई हैं, सभी भाई राजहरा में ही काम करते हैं ।

सबसे पहले मैंने 4-5 साल तक पिन्टो होटल राजहरा में नौकरी की । उसके बाद 4-5 साल तक जंगल से जलाने वाली लकड़ी साईकिल पर लाकर राजहरा में बेचा करता था । लगभग 2 साल मैंने शहीद अस्पताल राजहरा में चौकीदार की नौकरी भी की है । मैं बाबू जी यानि शंकर गुहा नियोगी को बचपन से ही जानता हूं । परन्तु उनके निकट आने का अवसर मुझे उस समय मिला जब मैं शहीद अस्पताल में नौकरी करता था और बाबूजी अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती थे, उनका गिरने से पैर टूट गया था । बाबू जी के ठीक होने के बाद उन्होंने मुझे सत्तार गैरेज राजहरा में लगवा दिया । वहां पर मैं काम सीखता था परन्तु मुझे कोई वेतन नहीं मिलता था । मैं अपने मां-बाप के साथ रहता था और आज भी रहता हूं । गैरेज में काम करने के समय यदि मुझे रुपयों की जरूरत होती थी तो मैं श्री नियोगी जी से ले लेता था । मेरी शादी लगभग 10-11 साल पहले हुई थी । मेरे 4 बच्चे हैं । जब मैं सत्तार गैरेज में था तभी मेरा कार चलाने का लाइसेंस श्री नियोगी जी ने बनवा दिया था । मैं पिछले दो-ढाई साल से सी०एम०एस०एस० यूनियन की जीप नंबर 7971 (एम०पी०सी०ओ० 7971) चला रहा हूं । करीब एक साल पहले श्री नियोगी जी भिलाई में ही रहने लगे थे क्योंकि भिलाई में

-------2

PW-5

ही रहने लगे थे क्योंकि भिलाई में उस समय आंदोलन शुरू हुआ था । मैं राजहरा में ही रहता हूं और कार्यकर्ताओं को इधर उधर ले जाता हूं व भिलाई भी आता रहता हूं । लगभग एक साल पहले यूनियन ने अपना आफिस हुडको भिलाई में खोला है । हुडको में दफ्तर खुलने के बाद श्री नियोगी जी ने हुडको में ही एम0आई0जी0- 1/55 नम्बर मकान भी रहने के लिए लिया हुआ था । श्री नियोगी जी जब भी भिलाई में रहते थे तो 55 नम्बर मकान में ही रुकते थे । मैं जब भी भिलाई आया करता था तो श्री नियोगी जी के आदेश के मुताबिक यूनियन के आफिस में या उनके घर में रुकता था । यूनियन के हुडको आफिस में बसंत जी हमेशा रहते थे व वहीं पर खाना बनाते थे । नियोगी जी फियेट कार नम्बर 227 (एम0आई0 आर 227) में आया जाया करते थे । इस कार को मैंने दीपक सरकार को ही चलाते हुए देखा था ।

यूनियन को भिलाई आफिस की जीप को जामुल थाने में हड़ताल के दौरान बंद कर दिया गया था इसी कारण मुझे श्री नियोगी जी ने हत्या से कुछ दिन पूर्व भिलाई जीप लेकर बुलाया था ताकि मैं वहां पर ड्यूटी करूं । मैं श्री नियोगी जी की हत्या से 4 दिन (24 तारीख को) पहले जीप लेकर भिलाई आया था । वहां से मेरे साथ अनूप जी और बहुत सारे लोग आए थे । जिस दिन मैं भिलाई आया था उसी रात करीब 10/11 बजे नियोगी जी कार से हुडको आफिस में आए थे, मैं उनके साथ कार में उनके घर पर चला गया था । मैं रात को नियोगी जी के घर पर ही सोया था । दूसरे दिन मुझे नियोगी जी ने बताया कि बाबूलाल बिजली वाला और अंजोरी बढ़ई घर में काम करेंगे । सारा दिन बाबूलाल और अंजोरी अपने 2 हेल्परों के साथ बिजली बनाने व खिड़की दरवाजे ठीक करने का काम करते रहे । शाम को काम खत्म हो गया तो मैंने उन्हें जीप में बस स्टैंड पर छोड़ दिया । उस दिन नियोगी जी रात को लगभग 8 बजे घर आए, उनके साथ अनूप और घोसाल दादा थे । अगले दिन अर्थात 26 तारीख को श्री नियोगी जी घोसाल दादा के साथ कार में ही चले गए । कार नियोगी जी

———3

TB

PW-5

खुद चला रहे थे। घोसाल दादा बसंत के साथ आफिस के कुछ कागज लेकर घर पर आए थे। उनके जाने के बाद मैं लगभग 10 बजे दफ्तर गया, वहां से जीप को लेकर पावर हाउस गया, वहां पर मिस्त्री को जीप दिखाई। मिस्त्री ने बताया कि जीप को ठीक करने में 15/16 सौ रुपए लगेंगे। मैंने टेलीफोन से नियोगी जी को बताना चाहा परंतु टेलीफोन नहीं लगा। उसके बाद मैं जीप को लेकर दुर्ग आया। दुर्ग में मालवा होटल के पास जीप का काम करवाया। करीब 12 बजे मैंने श्री नियोगी जी को भिलाई आॅटो दुर्ग से टेलीफोन पर बताया कि एक हजार रुपए की जरूरत है। जब मैं सुबह जीप ठीक कराने जा रहा था तो आफिस में झारखंड का एक आदमी था, अनूप जी ने उससे कहा कि यदि बोर हो रहे हो तो जीप में घूम आओ। जीप ठीक कराते समय झारखंड वाला आदमी भी मेरे साथ था। जब मैंने श्री नियोगी जी को पैसे के बारे में बताया तो उन्होंने मुझे कहा कि आकर पैसे ले जाओ। मैंने मिस्त्री को स्कूटर लेकर झारखंड वाले आदमी को आफिस भेजा और वो श्री नियोगी जी से एक हजार रुपए लेकर आ गया। दिन भर जीप नहीं बनी। तब हम दोनों आदमी पैदल ही आफिस आ गए। उस वक्त करीब रात के पौने नौ बजे थे और नियोगी जी आफिस में ही मौजूद थे, मैंने नियोगी जी को जीप न बनने की बात बताई। रात करीब 10·30 बजे मैं और नियोगी जी घर गए, खाना खाया और सो गए। अगले दिन (27 तारीख को) मैंने सुबह नाश्ता तैयार किया परन्तु नियोगी जी ने नाश्ता नहीं किया, करीब 9 बजे बसंत बाबू आए और नियोगी जी को बताया कि उनसे मिलने आफिस में लोग आए हुए हैं। तब नियोगी जी बसंत को लेकर कार में आफिस चले गए। मैं करीब 9·30 बजे आफिस गया, नियोगी जी आफिस में ही थे और लोगों से बात कर रहे थे। नियोगी जी ने अपनी कार के ड्राईवर सरकार को कहा कि मुझे दुर्ग मिस्त्री के पास छोड़ दे। जीप को ठीक कराने के लिए और पैसों की जरूरत थी, मैंने टेलीफोन पर श्री नियोगी जी को बताया तो उन्होंने पैसे के लिए आफिस आने को कहा। उस दिन भी मेरे साथ झारखंड का आदमी था। उसे मैंने टेम्पो से पैसे लाने के लिए आफिस भेजा। उसके थोडी देर

R.C.
B——

बयान

PW-6

श्रीपाद भ.टेंगाँवकर पुत्र जगन्नाथ भा टेंगाँवकर उम्र 57 साल, सा॰नागपुर बजाज नगर प्लाट नं0 3 जिला नागपुर(महाराष्ट्र) हाल मुकाम हुडको सेक्टर एम॰आई॰जी॰।/66 भिलाई जिला दुर्ग ।

......

मैं हुडको सेक्टर में पूरे परिवार के साथ अरसा 5 साल से रह रहा हूँ । मैं बोरूसपो प्लांट में मार्केटिंग डिपार्टमेंट में सेल्स आफिसर के पद पर कार्य करता हूँ । मेरे साथ मेरी पत्नी, लड़का या बहू रहते हैं । मेरे लड़के का नाम हेमन्त भाटेंगाँवकर है 31 साल के हैं मेरा पुत्र ग्लैक्सोजा फारमास्युटिकल कम्पनी में मेडिकल रिप्रेजेन्टेटिव के पद पर कार्य करते हैं अभी दुर्ग हेडक्वार्टर में काम कर रहे हैं घर से आना जाना करते हैं हुडको सेक्टर एमआईजी/1,22 में अरसा 5-6 माह से शंकर गुहा नियोगी रह रहे हैं इसके पहले इस क्वाटर में गोह॰अली कोया रहते थे जो बोरूसपो से रिटायर्डमेंट होने के बाद से शंकर गुहा नियोगी को उक्त मकान बेचकर अपना मूल निवास स्थान केरल चले गये हैं गुहा नियोगी को फैमिली राजहरा में हैं कभी कभी छुट्टियों के दिन में नियोगी जी अपने बच्चों केसाथ लाकर रखते थे । वर्तमान में अरसा 15-20 दिन पहले फैमिली राजहरा चले गये हैं तब से अकेले रहते थे । गुहा नियोगी 2,3 दिन पहले दिल्ली से आये थे ऐसा मैंने सुना था । शंकर गुहा नियोगी इस क्वाटर में हमेशा नहीं रहते थे कभी दिन में तो कभी रात में आते थे कभी तुरंत आने के बाद चले जाते थे । शंकर गुहा नियोगी रात में रोज उस घर में सोते थे या नहीं ये बात मुझे मालुम नहीं है । शंकर गुहा नियोगी कभी जीप में ड्राईव्हर के साथ आते थे तो कभी उनके पार्टी के दो चार आदमी आते थे । वैसे उनके पार्टी के आदमी अक्सर मिलते रहते थे । दिनाँक 27/9/91 को रात्रि करीबन 1 बजे घर घर आये थे ऐसा मैं सुना हूँ । घर आकर रात को कमरे में सोये थे । दिनाँक 27/9/91 को रात में अपने परिवार के साथ अपने घर में करीबन 10 बजे सोया था रात करीबन 3।। पौने चार बजे एक व्यक्ति मेरे घर का दरवाजा खटखटाया मैं उठकर दरवाजा खोला देखा तो गुहा नियोगी का ड्राईव्हर जिसका नाम मुझे आज मालुम हुआ है बहाल नाम है खड़ा था । उसने मुझे बताया कि गुहा नियोगी बाबा को कुछ हो गया है हाथ पाँव हिला रहा है ऐसा कर रहा है कि सूचना पर मैं बहाल के साथ गुहा नियोगी के घर गया तथा गुहा नियोगी जिस कमरे में सोये थे वहाँ बहाल के साथ गया वहाँ जाकर देखा तो गुहा नियोगी पलंग में दाहिने करवट बिस्तर में पड़े थे पीठ में खून लगा था पहने हुए बनियान एवं पलंग का चादर खून से सना था इतने में बहल ने जोर से चिल्लाया कि बाबा को किसी ने मार

PW-6

दिया है मैं उस कमरे में जाते ही देखा तो नियोगी जी के सिर में कुछ हलचल हुई उसके बाद उनके शरीर में कोई हलचल होना बन्द हो गया । मैं जब उसके कमरे में गया तो उस कमरे का खिड़की के दोनों पल्ले खुले थे इतने में मैं उसके ड्राईव्हर को बोला एम्बुलेंस बुलवाओ एवं पुलिस को सूचना दे दो कि मैं बाहर निकल कर बहाल सिंह के पास कोई साधन नहीं होने से मेरे लड़के हेमन्त को अपने स्कूटर में बहाल को मुहा नियोगी के आफिस जो एम•आई•जी•2 में है वहाँ खबर देने जाने भेजा जो मेरा लड़का बहाल को स्कूटर में बैठाकर एम•आई•जी•2 उनके आफिस गया बहाल को वहीं छोड़ा बहाल ने उनके आदमियों को घटना की सूचना दिये फिर मेरा लड़का आफिस से एक व्यक्ति यादव को बिठाकर एम्बुलेंस के लिये सेक्टर 9 अस्पताल गये वहाँ एम्बुलैंस को सूचना देकर मेरा लड़का वापस घर आ गए कुछ देर में नियोगी के यूनियन आफिस से एक कार में बैठकर 4 आदमी नियोगी जी के घर आ गये तब तक मुहल्ले के और कुछ आदमी आ गये थे नियोगी के घर के बाहर खड़े थे कि इतने में यूनियन के आफिस के जो चार आदमी कार से आये थे उन लोगों ने नियोगी को कमरे से बाहर निकाल कर कार में रखे तथा सेक्टर 9 बीएसपी अस्पताल ले जा रहे हैं कहकर चले गये । करीबन 5 बजे प्रातः पुलिस वाले भी नियोगी के घर के पास आ गये मैं दिनांक 27/9/91 की रात में कोई भी आवाज गोली चलने की या किसी आदमी को भाग दौड़ करने की आवाज नहीं सुना । रात 10-11 बजे तक बाजू में बोरिंग मशीन का काम चल रहा था जिसकी आवाज बहुत तेज आ रही थी बाद में काम बन्द कर दिये मैं विगत दो चार दिनों से किसी भी व्यक्ति को संदिग्ध हालत में मैं मेरे स्ट्रीट में घूमते या किसी के घर के आसपास घूमते फिरते नहीं देखा हूँ । नियोगीजी जिस कमरे में सोये थे उसका सिर दक्षिण दिशा में पैर पश्चिम दिशा में था तथा खिड़की पश्चिम की ओर से नियोगी जी कभी बाहर घर के सामने दिख जाते थे तो नमस्कार कर लेता था मेरा उनसे ज्यादा आना जाना एवं घनिष्ठता नहीं थी करीबन 8 बजे मुझे पता चला कि नियोगीजी की मृत्यु हो गई है बहाल ने मुझे बताया कि मैं एम•आई•जी•1-55 में नियोगीजी के घर में करीबन 10•30 बजे सोया नियोगी जी करीबन रात 1 बजे आये तब मैं उठा दरवाजा खोला फिर नियोगीजी अपने कमरे में जाकर सो गए बताए बहाल ने मुझे बताया कि करीबन 3•11 बजे कुछ आवाज सुनाई दिया तथा नियोगीजी माँ ओ कहकर चिल्लाए तब मैं उसके कमरे में गया वहाँ वो छटपटा रहा था तब मैं डर से बाहर आकर मुझको जगाया बताता है । बयान पढ़कर सुनाया गया कहे अनुसार लिखा गया है ।

Sd. M.G. Agrawal
29.9.91
कैम्प हुडको भिलाई

भिलाई,
दिनांक 29.12.91
161 सी0आर0पी0सी0

PW-6

बयान श्रीपाद मार्टे गावकर पुत्र श्री जगन्नाथ मार्टेगावकर, उम्र 56 वर्ष, निवासी- मकान नं0 3, बजाज नगर, नागपुर [महाराष्ट्र] । हाल पता- एम0आई0जी0 1-66 हुडको सेक्टर, भिलाई नगर, दुर्ग ।

मैं उपरोक्त पते पर करीबन 5 वर्ष से अपने परिवार के साथ रह रहा हूं । मैं श्री BSP में मार्केटिंग डिपार्टमेंट में सेल्स आफिसर के रूप में अभी कार्यरत हूं । मेरे साथ मेरी पत्नी एवं मेरा पुत्र श्री हेमन्त जो करीबन 31 वर्ष का है, अपनी पत्नी के साथ रहता है ।

मेरे घर के सामने एम0आई0जी0/1/55 में करीबन 5-6 माह से स्व0 शंकर गुहा नियोगी रहा करते थे । यह मकान पहले मी0 अली कोया रहते थे जो BSP से रिटायरमेंट के बाद नियोगी साहब को मकान बेचकर चले गए । नियोगी साहब का परिवार प्रायः राजहरा में रहा करती थी और कभी-कभी छुट्टियों में यहां आकर रहा करता था । सितम्बर 1991 के दूसरे सप्ताह में उनका परिवार राजहरा चला गया था । जैसा मैं ने सुना था कि उनकी हत्या के 2-3 दिन पहले वे दिल्ली से आए थे । नियोगी साहब हर रात उस घर में नहीं सोते थे । उनसे मिलने उनकी पार्टी के लोग आते रहते थे । वे कभी-कभी गाड़ी में ड्राईवर के साथ भी आ जाते थे ।

दिनांक 27.9.91 को रात्रि करीबन 9 एवं 10 बजे अपने घर आए जैसा मैंने उनको भी 28.9.91 को सुबह सुना, और अपने घर में सोए । मैं भी उस रात अपने परिवार के साथ अपने घर में था । करीबन 3.30-पौने चार बजे एक व्यक्ति मेरे घर का दरवाजा खटखटाया । मैं उठकर दरवाजा खोला तो देखा कि वह नियोगी साहब का ड्राईवर था उसका नाम बहलराम है जो मुझे बाद में पता चला, खड़ा था । उसने बताया कि नियोगी बाबा को कुछ हो गया है, हाथ पांव हिला रहे हैं और कैसे-कैसे कर रहे हैं । मैं बहलराम के साथ नियोगी साहब के घर गया और बहलराम के साथ उस कमरे में गया जहां नियोगी साहब सो रहे थे । साथ में मेरा लड़का भी था । वहां जाकर देखा तो पाया कि गुहा नियोगी पलंग पर दाहिने करवट बिस्तर पर पड़े थे । पीठ में खून लगा था । पहने हुए बनियाने एवं बिस्तर के चादर पर भी खून था । इतने में बहलराम चिल्लाया कि नियोगी बाबा को किसी ने मार दिया है । मैं जब नियोगी साहब के रूम में गया था तो उस वक्त नियोगी साहब के शरीर में किसी से

हरकत हुई थी और फिर वे शान्त हो गए थे। उस कमरे की खिड़की के दोनों पल्ले खुले थे और नियोगी साहब मच्छरदानी में सो रहे थे। इतने में मैंने बहलराम से कहा कि एम्बुलैंस बुलवाओ एवं पुलिस को खबर करो और हम लोग बाहर आ गए। बहलराम के पास कोई सवारी नहीं था अतः मेरा लड़का हेमन्त जो वहां था को अपने स्कूटर पर बहलराम को नियोगी साहब के आफिस जो एम0आई0जी0-2 में है वहां ले जाने को कहा तथा वहां नियोगी साहब के बारे में खबर करने को कहा। हेमन्त बहलराम को स्कूटर पर बैठाकर उनके आफिस ले गए जहां बहलाल ने उनके आदमियों को घटना की सूचना दी। हेमन्त वहां से एक आदमी जिसका नाम मालूम था को लेकर स्कूटर से सेक्टर-9 के अस्पताल गए और एम्बुलैंस को सूचना दी और घर वापिस आ गया। कुछ ही देर में नियोगी साहब के आफिस से एक कार में चार आदमी नियोगी साहब के घर आए। उस वक्त तक मोहल्ले के भी कुछ लोग नियोगी साहब के घर के बाहर आ गए थे। उतने में नियोगी साहब के आफिस से जो चार व्यक्ति आएथे, नियोगी साहब को घर से बाहर निकाल कर कार में लेकर अस्पताल गए जैसा उन लोगों ने कहा था।

करीबन 5 बजे सुबह दिनांक 28-9-91 को पुलिस वाले भी आ गए थे। नियोगी साहब जहां सो रहे थे खिड़की उनके पलंग के पास ही खुली पड़ी थी। करीबन 8 बजे {आठ बजे} मुझे पताचला कि नियोगी साहब की मृत्यु हो गई।

पढ़कर सुनाया, सही पाया ।

सत्य प्रतिलिपि

[signature]

मेरे समक्ष
सही
{एम0के0 झा}
आरक्षी उपाधीक्षक 29-12-91
सी0बी0आई0/एस0आई0सी0-2
केम्प भिलाई

PW-7   PW-7

BHILAI
29.12.91
U/S 161 Cr.P.C.

Statement of Shri Hemant Mategaonkar S/o Shri Shripat J. Mategaonkar, aged about 31 yrs. r/o 66, MIG-I, Hudco Sector, Bhilai, Durg.

******

I hereby state that I have been staying at the above mentioned address for the last 5 years alongwith my family. Shri Shanker Guha Niyogi was residing in Qr.No. 55 just opposite to my house for the last 5/6 months. His family was not staying with him. They used to come sometime during holidays.

On the night of 27.9.91 I was sleeping in my house. My parents were also at home. At about 3.30 to 3.45 hrs. morning some body was knocking my door as such I alongwith my father came out after opening the door. We found that the driver of Niyogi Sahib was standing at my door. He told us that Neogi Baba "Kaise-Kaise Kar Rahe Hain (नियोगी बाबा कैसे-कैसे कर रहे हैं"
We, then went to the house of Niogi Sahib's bed room and found that Niogi Sahib was lying on the bed on right side. The Baniyan he was wearing and the bed sheet were having blood spots. At the time we entered the bed room we found some movement in Mr. Niogi but there-after there was no movement. At that time Bahal Ram, driver of Mr. Niogi, whose name I came to know later told us that he had heard a fire sound some time back. On that my father told him to call 'Ambulance'. Since he did not have any conveyance, I took out my scooter and took him to the office of Mr. Niogi in MIG-II and dropped Bahal Ram there. Thereafter I alongwith one Yadav, a man from the office of Mr.Niogi went to Sector 9 Hospital and told them to send Ambulance to the address of Mr. Niogi. After that I returned to my house. In the meanwhile 4 persons including Bahal Ram came in a car to the residence of Mr. Niogi and took

PW-7

Mr. Niogi to the Hospital.

At about 5 AM Police came. I did not hear any sound of firing on that night. At about 8 AM on 28.9.91 I came to know that Mr. Niogi died.

RO&AC.

Before me,

Sd/-
(M.K. JHA) 29.12.91
DSP/CBI/SIC.II/NEW DELHI.
CAMP : BHILAI.

T.C.

[signature]

PW.8 पी.डब्ल्यू-8, दिनांक 23/12/91

बयान दीपक सरकार पुत्र एस.एन.सरकार, उम्र 38 साल, निवासी-शिवाजी नगर, भिलाई।

—oo—

I am as above. I did my pre-science in the year 1968 from Kerala University. I worked as a Steno-Typist in Central Mechanical Engineering Research Institute, Durgapur from 1968-70. I resigned from there in 1970 and worked for 8 years in a private concern namely Hindustan Malleables Limited, Dhanbad as a Stenographer. In the year 1978, I joined Simplex Castings, Bhilai. I worked there upto 1983. Thereafter I joined Bhilai Engineering Corporation Ltd. Bhilai as a Junior Executive and worked there till April, 1991. I again joined Simplex Castings in April,1991. I am working as PA to Shri Navin Shah who is one of the Directors of Simplex Castings Ltd., 5, Industrial Area, Bhilai (M.P.).

Simplex Castings Ltd. is a private limited company whose Chairman is Shri H.B.Shah whereas Mool Chand Shah, Arvind Shah and Navin Shah are the Directors of the company. Shri Navin Shah usually sits in the premises of Simplex Castings Ltd. for supervising the work of the company. Shri Navin Shah is popularly called Vice-Chairman of the company. Besides Simplex Castings Ltd.,

Ex P | 117

there are other concerns namely, Simplex Engineering and Foundary Works, Bhilai, Simplex Udyog, Bhilai, Simplex Castings Ltd. (Special Casting Divisdon) Urla, Raipur and Sangam Forging Tedesara(which form the Simplex Group of Industries).

The raw materials used in Simplex Castings, Bhilai are pig iron, scrap and hard coke.

Simplex Castings are engaged in the manufacture of Door Body, Door Frame, Ingot Mould, Flash Plate, Cement Plant Castings, Railway Castings, Fertiliser Plant Castings.

Simplex Castings used to get the work of scrap cutting.etc. done from Oswal Industries Pvt. Ltd. belonging to Chandrakant Shah who is one of the brothers of S/Shri Mool Chand Shah and Navin Shah.

RO&AC

Exp| 117

Before me.

Sd/- 2.12.91
(B.N.P.AZAD)
DSP CBI SIC.II

TC
[signature]

PW-31

बयान : अन्नाव राव पुत्र अरविन्द फुलनले उम्र 53 वर्ष, सीनियर टेक्नीशियन भिलाई स्पात संयत्र, निवासी क्वार्टर नम्बर एल.डी. 6जी, कैम्प-1, भिलाई ।

मैं क्वाटर नम्बर एल.डी.6जी में कई वर्षों से रह रहा हूँ । मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा को अच्छी तरह से जानता हूँ । अभय सिंह मेरे मकान के पास ही रहते हैं इससे उन्हें भी अच्छी तरह से पहिचानता हूँ । अभय सिंह पिछले 4 वर्षों से मेरे मकान के सामने क्वाटर में रहता था । अभय सिंह के क्वाटर पर ज्ञान प्रकाश अक्सर दिखते थे तथा साथ साथ रहते थे । मेरे क्वाटर के बाजू में दो तीन माह से एक आदमी रहता था जिसका नाम रवि उर्फ पल्टन कहते थे । वह कहीं काम नहीं करता था । लाल रंग की सुजुकी मोटर साईकिल पर चलता था । मोटर साईकिल उसके घर के सामने अक्सर खड़ी रहती थी । रवि उर्फ पल्टनने जिस क्वाटर में वह रहता था उस पर जबरन कब्जा किया था । वह मकान में कब आता था कब जाता था कोई निश्चित समय नहीं रहता था ।

Red colour Motorcycle

नियोगी हत्याकांड के बाद से ही रवि उर्फ पल्टन तथा अभय सिंह अपने घरों से गायब हैं व फरार हैं ।

यही मेरा बयान है पढ़ा सही पाया ।

रा.प्र. सिटौरिया
पुलिस उप अधीक्षक
21-11-91

TC

PW-31

पी डब्लयू 31।

ब्यान अजाक्राय अर्जुन जी० फूल अले पिता अर्जुन जी फूल अले उम्र 53 वर्ष डीफिन्ट ना० ब्लाक नं० 6, क्वा० जी० कैम्प । थाना कल्यानी ।

....

मैं उपरोक्त पते पर सन 1975 से इस क्वा० में रह रहा हूं । डीएसपी में जनरल मेंटनेन्स विभाग में नौकरी करता हूं अरसा 2-3 माह पहले की बात है मैंने सुना था कि ब्लाक नं० 6 क्वा० एम० किसी सिक्युरिटी गार्ड वाले को एलाट हुआ था किंतु सिक्युरिटी गार्ड वाला नहीं आया और उस उस क्वा० में पलटन नाम का आदमी आ कर रहने लगा था पलटन कभी - 2 आता था कभी रात में आता था कभी दिन में आता था कभी लाल रंग की हीरो होण्डा में आता था तो कभी लूना कभी सायकिल से भी आना जाना करता था । जब पलटन रहता था तो ज्ञान प्रकाश उसके क्वा० में आना जाना करता था । अभयसिंह भी पलटन के यहां उठना बैठना करता था । अभयसिंह ब्लाक नं० 8/क्वा० नं० जी में अरसा एक डेढ़ वर्ष से रहता था । यह लोग क्वा० में अंदर क्या-2 बात करते थे मुझे नहीं मालूम है।

ह०/- 28.10.91
Mishra SI.

सत्यप्रतिलिपि

P.W.-32

ब्यान : दीप नारायन पुत्र राधौ पाण्डे प्रिन्सिपल आआ राघव दास उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सेक्टर नं॰11, जोन 2, रोड नम्बर 18, कैम्प । भिलाई ।

....

मेरा मकान प्रभुनाथ मिश्रा के सामने है । इस मकान में मुझे रहते हुये 20 वर्ष हो गए हैं । मैं प्रभुनाथ मिश्रा तथा ज्ञान प्रकाश मिश्रा को पिछले 20 वर्षों से जानता हूँ । प्रभुनाथ मिश्रा जन सेवक हैं तथा ज्ञान प्रकाश मिश्रा अभी पढ़ रहे हैं । मैं गोरखपुर उत्तर प्रदेश का निवासी हूँ । अभय सिंह को भी भली भाँति जानता हूँ । अभयसिंह गाजीपुर का निवासी है ज्ञान प्रकाश मिश्रा तथा अभय सिंह साथ ही साथ अक्सर रहते थे । अक्सर ज्ञान प्रकाश मिश्रा के घर बहुत से व्यक्ति आते थे तथा मिलते जुलते थे । अभी 2 यह हमारे घर के सामने एक तखत लकड़ी का पड़ा है उस पर बैठते थे । ज्ञान प्रकाश के पास अक्सर अभयसिंह चन्द्रप्रकाश सिंह, बल्देव सिंह, अवधेश सिंह, रवि मल्लाह तथा दोनो पंजाबी आते थे । उनकी क्या2 बातें होती थी यह मुझे नहीं मालूम ।

नियोगी हत्याकाण्ड के बाद से अभय सिंह, रवि उर्फ पल्टन अपने 2 घरों से फरार हैं और अपने घर अभी तक नहीं लौटे हैं ।

यही मेरा ब्यान है पढ़ा सही पाया ।

रा॰प्र॰लिटौरिया
पु॰उप॰अधी॰
21॰11॰91॰

TC
[signature]

PW-33

ब्यान : अहमद अली पुत्र रासिद अली मुसलमान, मकान नम्बर 6 डी· कैम्प । भिलाई ।

....

मैं भिलाई स्टील प्लान्ट में गैस कटर की नौकरी करता हूँ। मुझे प्लान्ट में नौकरी करते हुये 27 वर्ष हो चुके हैं। मेरी ड्यूटी भिलाई स्टील प्लान्ट में तीनों पाली रहती है। अभय सिंह मेरे मकान के सामने पिछले 4 वर्षों से रह रहा है। मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा को अच्छी तरह से जानता हूँ। वेह भी कैम्प । में रहते हैं। अभय सिंह के घर ज्ञान प्रकाश मिश्रा अक्सर आते थे। व साथ 2 रहते थे। मेरे मकान के बगल में पुन्नाराम घसले रहते हैं। उनके मकान के बगल के क्वाटर में एक आदमी रहता था जो रवि उर्फ पल्टन कहते थे। नियोगी हत्याकाण्ड के बाद पता चला कि रवि उर्फ पल्टन तथा अभय सिंह अपने घरों से गायब हैं तथा फरार हैं। उनके घरों पर ताले लगे हैं। रवि उर्फ पल्टन को भिलाई इस्पात संयत्र के क्वाटर अलाट नहीं किया था वह उस क्वाटर में जबरन रह रहा था।

जो मेरा ब्यान है पढा सही पाया।

रा·प्र·लिटोरिया
पु·उप·अधी·
21·11·91·

TC

PW-34

ब्यान : नायडू मारन पुत्र वी·टी·राजू क्वाटर नं· एसोबी-5, कैम्प 1, भिलाई ।

.....

मैं तथा मेरे भाई राजेन्द्र कैम्प 1 में रहते हैं । मेरे पिता कपड़ों की सिलाई का काम करते थे । मेरी दुकान प्रभुनाथ मिश्रा के मकान के सामने थी । जब प्रभुनाथ मिश्रा ने अपनी पक्की दुकानें बना ली तो 3·11·91 से 500=00 माहवार से प्रभुनाथ मिश्रा की दुकान में अपनी सिलाई की दुकान "पैराडाईज टेलर्स" के नाम से खोल ली । मैं प्रभुनाथ मिश्रा के भाई ज्ञान प्रकाश मिश्रा को भलीभांति से जानता हूँ । ज्ञान प्रकाश मिश्रा तथा अभय सिंह में अच्छी दोस्ती थी तथा वे अक्सर साथ साथ रहते थे । ज्ञान प्रकाश मिश्रा के पास टोनी, भसीन चन्द्रबक्स सिंह, बल्देव सिंह तथा अवधेश अक्सर आते जाते थे तथा अक्सर द्वीप नारायन पाण्डे की चौकी पर बैठते थे । उनमें क्या2 बातें होती थी हमें जानकारी नहीं है । ज्ञान प्रकाश के साथ एक रवि नाम का लड़का लाल सुजुकी मोटर सायकल पर रहता था तथा ज्ञान प्रकाश के पास आता जाता था । रवि उर्फ पल्टन की फोटो देखने के बाद पहिचानकर बताया ।

Red Colour Motorcy

नियोगी हत्या काण्ड के बाद अभय सिंह तथा रवि दिखाई नहीं दिये हैं घरों से फरार हैं ।

यही मेरा ब्यान है पढ़ा सही पाया ।

TC

रा·प्र·सिसोदिया
पु·उप अधी·
21·11·91

PW-35

ब्यान : श्री राजेन्द्र पुत्र वी·टी·राजू मालिक पैराडाईज टेलरिंग शाप क्वाटर नं· एसोजी-5, केम्प नं· 1, भिलाई ।

.....

मेरी टेलरिंग की दुकान पिछले 20-25 वर्षों से है दुकान प्रभुनाथ मिश्रा के मकान के सामने थी। मेरे पिता के मरने के बाद अब हम दोनों भाई टेलरिंग का काम करते हैं । दिवाली के तीन दिन पूर्व प्रभुनाथ मिश्रा की दुकान 500=00 माहवार किराये पर लेकर स्वयं की टेलरिंग की दुकान शुरू कर दी है । मैं मैं प्रभुनाथ मिश्रा तथा ज्ञान प्रकाश मिश्रा को वर्षों से जानते हैं । ज्ञान प्रकाश मिश्रा के साथ अभय सिंह तथा अवधेश को देखते थे । तीनों में अच्छी दोस्ती थी । तीनों अक्सर साथ2 रहते थे । दोनो भगोन, चन्द्रवक्स सिंह, तथा बल्देव सिंह से भी ज्ञान प्रकाश मिश्रा की दोस्ती थी । रवि उर्फ पल्टन की फोटो देखकर पहिचाना व कहा कि वह लाल रंग की मोटर साईकिल पर घूमता रहता था तथा ज्ञान प्रकाश से अक्सर मिलता था । यह सभी अक्सर दीप नारायन की चौकी पर बैठते थे । ‖Red Colour Motorcycle

अभय सिंह तथा लाल बुलेट वाला रवि उर्फ पल्टन नियोगी हत्या काण्ड के बाद दिखाई नहीं दिये अपने घरों से फरार हैं ।

यही मेरा बयान है पढा सही पाया ।

रा·प्र·सिटौरिया
पु·उप अधी·
21·11·91·

TC
[signature]

PW-36

PW-36

RC.9(S)/91-SIU.V/CBI   Dated : 2nd January, 1992.

Statement of Sh. P.B.Nair, Supervisor Town Engg.Deptt.(Civil) Camp No.1, near Hr.Sec.School, Bhilai r/o Qr.No.16-A, Street No.22, Sector 2, Bhilai age 42 yrs., Telephone No. 4332 recorded u/s 161 Cr.P.C.

******

I am posted in the TED (Civil) Deptt. Camp No.1, Bhilai as Supervisor/Section Officer since 1986. Today, as required I have submitted the certified photocopy of the following documents :-

1. Occupation Report No.03372 dt. 6.4.73, signed by Shri Chaukse, Section Officer vide which Qr.No.154, Camp No.1, Tata Line was occupied by Sh. Ram Ashish Rai, Rigger BSP. As per the entry mentioned in the Occupation Report, the above said quarter was allotted to Sh. Ram Ashish Rai vide Order No.Estt/Camp I/73/307 dt. 3rd Feb.1973.

2. Vacation Report No.07074 dt. 15.2.89 vide which Sh. Ram Ashish Rai vacated the above said quarter.

As per the above record, Qr.No.154, Camp No.1, Bhilai remained in the possession of Sh. Ram Ashish Rai, Rigger BSP w.e.f. 6.4.73 to 15.2.89. I have kept the original record relating to this quarter with me and I will produce it in the court as and when required.

RO&AC.   Before me.

Sd/-
(HOSHIYAR SINGH) 2.1.92
Inspr./CBI/SIC.II/New Delhi.
Camp : Bhilai.

T.C.

STATEMENT

PW-36

Case No. RC.2(S)/91-SIU.V/SIC.II Dated : November 20, 1991.

SHRI P.B.NAIR S/O LATE P.K.P.NAIR P.NO.134646, SUPERVISOR, T.E.D.(CIVIL), BHILAI STEEL PLANT, DURG.

PW19 1.3.95

I am working as above since 1986. The Estate Deptt. does the allotment of the quarter to the employees of Bhilai Steel Plant as per the eligibility. Once the allotment order is issued by the Estate Office, I give the possession of the quarter to the allottee. Today I have been shown the Allotment Order No.010544 dated 21.4.88 and Allotment Order No. Estt/5(H)/90/200 dated 22.12.90. The first allotment Order was issued by Raj Kumar Hansda, Estate Manager and the second order was issued by Shri K.G.Achary. Vide Allotment order No.010544 dt. 21.4.88, the quarter No.7-G, situated in Labour Camp-I was allotted to Shri Lathlu Ram, Helper, P.No.138818, working in Blast Furnace (Blast Repair Shop), BSP. Vide Allotment order No.Estt/5(H)/90/200 dated 22.12.90, the quarter No.6-F situated in Labour Camp-I was allotted to Central Industrial Security Force. Today I have been also shown, the Occupation Report No.00612 dt. 28.1.91 and Occupation Report No.00104 dt. 26.4.88. Vide the former occupation report the quarter No.6-F was handed over to Narain Rao, Quarter Master of C.I.S.F. by me. Vide latter occupation report, the quarter No.7-G was handed over to Shri Lathlu Ram by Shri Ramroop Ram, Section Officer of Enquiry Office, Labour Camp-I. After taking the possession of the quarter, Shri Narain Rao, Quarter Master and Lathlu Ram have signed on the occupation reports No.00612 and 00104 respectively.

Read over & admitted to be correct.

Sd/-
(R.K. SHUKLA)
INSPECTOR OF POLICE
CBI : JABALPUR (MP)
CAMP : BHILAI.

5

(S)/91-SIU.V PW-37 PW.37 Dated : 4.12.1991

Statement of Shri Jacob Kunian S/o Shri M.K.Kunian, aged about 27 years, Asstt. Manager(Personnel) Blast Furnace, Bhilai Steel Plant, Bhilai, Distt. Durg (MP) r/o H.No.3-A/13/10-Sector, Bhilai, Distt. Durg (MP)

******

I joined service in Bhilai Steel Plant, Bhilai on 27.10.1986 as a Management Trainee and since May,1990, I am working as above i.e. Asstt.Manager(Personnel) Blast Furnace, B.S.P. Bhilai (MP).

Today, I have handed over one leave Book of Shri Abhay Kumar Singh bearing personnel No.148218 and token No.22906, N-3 Operator, Blast Furnaces, B.S.P., Bhilai vide a Receipt memo to you. This book contains the leave record of Shri Abhay Kumar Singh from the date of joining service in B.S.P. According to the leave record, Shri Abhay Kumar Singh has not availed any leave during the month of Sept.90 and Oct.1990. Shri Abhay Kumar Singh had intimated his chargeman, Shri S.C.Sarkar, now Junior Executive, Blast Furnaces for proceeding on leave(verbally) w.e.f. 10.11.90 to attend an urgent piece of work. Shri Abhay Kumar Singh thereafter had joined duty on 22.11.90 and had submitted a medical certificate of Dr. M.B.Male, M.S.D.L.O., ENT Surgeon, Distt.Hospital, Gasipur (UP) for 10 days w.e.f. 12.10.90. He was not having E.L. due in his account therefore, he was recommended 2 days H.P.L.(Half Pay Leave) from 10.11.90 & 11.11.90, 9 days commutted leave(on the basis of Medical Certificate) from 12.11.90 to 20.11.90 and 1 day L.W.P. (Leave without Pay) for 21.11.90 by his the then chargeman Shri S.C.Sarkar on 22.11.90 and the leave for this period on the recommendation of Shri S.C.Sarkar was sanctioned by Shri R.C.Sharma, Manager Blast Furnaces, BSP, Bhilai.

Thereafter, he availed leaves dated 10.1.91, 21.1.91, 23.1.91 & 25.1.91 on the grounds mentioned against each. He had

applied for 4 days E.L. from 28.1.91 to 31.1.91 on 25.1.91, which was sanctioned by Shri G.N.Singh, Sr.Manager, Blast Furnaces, BSP. The grounds for grant of this E.L. are not mentioned against this leave. He had not joined his duty after the expiry of this 4 days E.L. on 1.2.91 but had joined his duty only on 9.2.91 (By mistake in the leave Book the date is mentioned as 9.1.91 instead 9.2.91). On 9.2.91, he had submitted a medical certificate of Dr. M.B.Mall, M.S.,D.L.O., E.N.T. Surgeon, Distt.Hospital, Ghazipur (UP) for 8 days w.e.f. 30.1.91. On the basis of this medical certificate on medical grounds, the commutted leave for 8 days from 1.2.91 to 8.2.91 was sanctioned to him by Shri G.N.Singh, Sr.Manager, Blast Furances, BSP, Bhilai on 9.2.91. After this, he has availed leaves on 13.2.91, 14.2.91, 5.3.91 to 9.3.91, 10.3.91 to 22.3.91, 17.4.91, 14.5.91, 19.5.91, 26.5.91, 16.6.91 to 22.6.91, 12.7.91, 13.7.91, 7.8.91, 19.8.91, 21.8.91 and on 11.9.91 for the grounds mentioned against the entries and we do not maintain any application/record separately for the leaves granted on the grounds mentioned there. The above mentioned both medical certificates have also been handed over to you today vide above mentioned receipt memo.

He proceeded on weekly off from 4.10.91 and thereafter he has not joined his duty so far. He is being treated as absentee w.e.f 5.10.91 and for that charge-sheet No. C.S./BF/Pers/91/153 dt. 19.11.91 has been issued to him by Shri A.S. Khokhare, Chief Supdt.(Operation), Blast Furnaces, B.S.P., Bhilai (MP).

One copy of the receipt memo mentioned above for handing over the 3 documents mentioned therein has been received by me.

RO&AC.

Before me,

Sd/-
(J.C. PRABHAKAR) 4.12.91
Inspr/CBI/SIC.II/New Delhi,
Camp : Bhilai (MP)

T.C.

Statement

RC.2(S)/91-CBI/SIC.II-Delhi Date 20/11/91

श्री ललू राम आत्मज श्री दउवा राम उम्र 40 साल, Operator, Blast Furnace, Tap hole Masab, Bhilai Steel Plant Durg
Permanent Add : - Camp-I, Shastri Chowk, Bhilai, Durg.

PW-38

--CC--

मै सन् 1979 से भिलाई स्टील प्लांट में आपरेटर का काम कर रहा हूं, अभी करीब 5 साल से मै ब्लास्ट फरनेस (Production) विभाग में तैनात हूं। मेरे ही साथ श्री अभय सिंह जो भी ऑपरेटर है काम करते है, इन्हे, मै अच्छी तरह से पहचानता हूं सन् 88 में मुझे एक क्वार्टर नं. 7-जी लेबर कैम्प । में Estate office से मिला था । ता. 27/4/88 को यह मकान मुझे मेरे अधिकार में दिया गया था, इस क्वार्टर के अपने अधीन लेने के बाद मैंने Occupation Report में अपने हस्ताक्षर किया मुझे आज, Occupation Report No.00104 dt/26/4/88 दिखाया गया देखने के बाद मैं अपने हस्ताक्षर इसके ऊपर पहचानता हूं क्वार्टर मिलने के बाद श्री अभय सिंह जो कि मेरे साथ ही काम करते हैं, ने मुझे कहा कि मै क्वार्टर मैं उन्हे दे दूं और वो मुझे 100 महीना जो कि मेरे वेतन से कटेगा वो मुझे दे देंगे। मकान लेने को, कारण उन्होने ने बताया कि वो अपना परिवार उसमें रखना चाहते है मेरे पास कच्चा एक झोपडी जैसा मकान भिलाई में ही है जिसमें मै और मेरा परिवार, रहता हूं । इसलिये मै उनको मकान देने के लिये राजी हो गया, और मई 1988 मे मैंने श्री अभय सिंह को 100/- महीना पर ये मकान नं. 7-जी. जो कि प्लांट से मिला था दे दिया, मकान श्री अभय सिंह को देने के बाद उस मकान में वे खुद रहते थे, या किसी अन्य को उस मकान में रखते थे ये मुझे नहीं मालूम है, क्योंकि हर महीना श्री अभय सिंह मुझे 100/- रु. मुझे फैक्ट्री में ही दे दिया करते थे । मकान 7-जी से मेरी झोपडी करीब 3 किलोमीटर दूर है इसी कारण मुझे इस मकान में

T.C.M.

जिसको अभयसिंह को किराये पर दिया था जाने की फुर्सत नहीं मिलती थी अभयसिंह मुझे हर महीना नगदी दे दिया करते थे, ।

R.O.A.C.

PW-38

Sd/- 20.11.91
(R.K.SHUKLA)
Inspr./CBI/SPE/Jabalpur
Camp-Bhilai

//सत्यप्रतिलिपि //

STATEMENT PW-39.

RC.9(S)/91-SIU.V/CBI/SIC.II Dated : 20.11.91

PW.24
24395

Shri H.P.Mishra S/o Shri Ram Sunder,
Sub-Inspector(Min) to Commandant,
CISF, Bhilai Steel Plant, Durg.

I am working as above since 1989. On perusal of termination file of Shri R.Shri Ram Reddy, No.90231037/5 Kahar(Saes), I am to say that Shri Reddy was appointed as Kahar on dt. 5.9.90. During the probation period of two years, he absented himself from duty unauthorisedly during the period 12.3.91 to 16.4.91, 1.5.91 to 14.5.91 and 22.5.91 to 8.9.91. When his service was terminated by the Commandant vide Order No.E-33014/40/Estt.III/91-02 dated 17.9.91(Unit Service Order Part I No.91/91) issued by Shri V.S.Choubey, Commandant, CISF Unit, Bhilai).

RO&AC.

Before me,

Sd/-
(R.K. SHUKLA)
INSPECTOR OF POLICE
CBI : JABALPUR.
CAMP: BHILAI.

D.N. Sahu examined in place of HP Misra as he is transferred

PW. 40 बयान पी.डब्लू 40

सि[illegible] आत्मज जगदेव यादव उम्र 48 साल साकिन क्वार्टर 7ई कैम्प 1 अट्ठारह नम्बर भिलाई,

--CC--

मैं भिलाई कैम्प 1 में रहता हूँ मैं बी.एस.पी. में काम करता हूँ मेरे 2 लड़के हैं जीवन सिंह बड़ा लड़का है मेरे घर के सामने एक लड़का 2-3 महीने से रह रहा था जो फोटो आज सामने मुझे दिखाया यह फोटो वाला लड़का ही मेरे घर के सामने रहता था आसपास बताने पर ज्ञात हुआ कि उसका नाम पल्टन है जिस घर में यह पल्टन रहता था उसमें पहले अकील नाम का आदमी उसमें रहता था अकील अब श्मशान के पास झोपड़े में रहता है कपड़े ठेला में बेचता है अकील के बाद बी.एस.पी. की तरफ से उसमें ताला लगा दिया गया था करीब 2-3 महीने पहले अभय सिंह ने उस मकान का ताला तुड़वाकर उस लड़के को रखा था जिसका नाम पल्टन पता चला पल्टन के पास लाल रंग की मोटर सायकल थी (Red colour) पल्टन के घर अभय सिंह का आना जाना, रहता था मैंने कई बार देखा हूँ कि पल्टन भी अभय सिंह के आता जाता रहता था शंकर गुहा नियोगी की हत्या के बाद से पल्टन फरार है अभय सिंह बी.एस.पी. में काम करता है इसी कारण मेरी उससे जान पहचान है । अभय सिंह भी नियोगी जी की हत्या के बाद से फरार है ।

हस्ता/सही . M.C. [illegible]

दिनांक 26/10/91

डी.एस.पी.

[illegible]

बयान श्री मिट्ठू लाल पुत्र श्री जादेव यादव, उम्र 48 साल, निवासी क्वार्टर नं. 7 ई, केम्प -1 रोड नम्बर 18 भिलाई, ।

PW-40

—CC—

मै गाव लोलाह डाकखाना रानीगंज थाना रानीगंज जिला प्रतापगढ़ उत्तर प्रदेश का रहने वाला हूं । 1962 से बी.एस.पी. में काम कर रहा हूं पिछले 23/24 साल से मै एस.जी. प्लांट में कार्यरत हूं और इस समय क्रेन आपरेटर हूं मै अपने परिवार के साथ केम्प । में रहता हूं जो घर मुझे बी.एस.पी. से मिला हुआ है श्री अभय सिंह जो कि बी.एस.पी. में काम करते है भी मेरे पडोस में ही क्वार्टर नं. 7 जी में रहते है । मै अभय सिं. को पिछले 4-5 साल से जानता हू । मै ज्ञान प्रकाश मिश्रा को भी जानता हूं । जो कि केम्प -1 में ही रहते है ज्ञान प्रकाश मिश्रा अक्सर अभयसिंह के घर आता रहता था ज्ञान प्रकाश मिश्रा के अलावा भी बहुत सारे लड़के अभय सिंह के घर आते रहते थे जिनको मै नहीं जानता हूं क्योंकि अभय सिंह घर में अकेले ही रहते थे इसलिये उनके पास कई लड़के आते रहते थे या वे खुद ही घर से बाहर रहते है 3-4 महीने पहले अभय सिंह और ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने हमारे घर के सामने वाले मकान अर्थात 6 एफ का ताला तोडा था और एक लड़के को को वहां पर रखा था ये मकान सी.आई.एस.एफ. को मिला हुआ था परन्तु इन लोगो ने ताला तोडकर उस लडके को रखा हुआ था अब मुझे पता चला है कि उस लड़के का नाम रवि उर्फ पलटन है । रवि उर्फ पलटन के पास एक लाल रंग की मोटर साईकिल थी अक्सर तैयार होकर प्रातः वो मोटर साईकिल पर बाहर चला जाता था, अभयसिंह पलटन के घर आता जाता रहता था और मैने पलटन को भी कई बार अभयसिंह के घर जाते हुये देखा था । शंकर गुहा नियोगी की हत्या के बाद उक्त पलटन अपने घर मे नहीं आया अभयसिंह भी नियोगी जी की हत्या के कुछ दिनो के बाद घर से चला गया था और वापिस नहीं आया ।

Red colour Motor Cycle

TC

हस्ताक्षरी,

बी.एस.कंवर, डी.एस.पी

20/12/91

भिलाई,

PW11
19.12.94

PW-41. PW11
19.12.94
21.12.94 PW-41

Statement of Shri Manubhai Boda S/o Shri Velji Boda, age 34 years, r/o Plot No. 51-A, Baba Deep Singh Nagar (Vaishali Nagar), Bhilai-23, Permanent Add : Village Gondhali, Taluka, Mandvi Kutch, Gujrat working at Simplex Castings, Bhilai, Phone-5589, 6125 (O).

Ex P/63
21.12.94

******

I am as above and am working in the capacity of Junior Executive Purchase with Simplex Castings, 5, Industrial Estate, Bhilai-26. My duties include to procure the raw materials, consumable and other required items for production as per the targets fixed by the production department.

Whenever we receive indents from the indentors, we are floating enquiry to the reputed manufacturer or dealers (any for cement). After receipt of quotations, we are preparing comparative statements and forwarding to the indentor for the technical recognition. Indentor is giving approval as per the past performance of the supplier or [illegible] of a new suppliers. After vetting from indentor we forward the comparative statements to the finance deptt. for their approval. After clearance from finance-Purchase deptt. places the order as per recommendations of production (indentor) and finance.

After delivery of goods, the stores deptt. make the SRV Stores Receipt Vouchers on actual receipt. Stores deptt. contact the indentor/quality control for their information and approval. Thereafter the SRV is forwarded to the Purchase Deptt. for the concurrence with the Finance.

[signature] Hohile

PW-41

I am working in Simplex Castings for the past 11 years, started as Stores Clerk and presently as Junior Executive Purchase. I have known Shri Navin Shah for the past 11 years and report to him only through the Chief Executive Finance. I have been to his house only with the other workers on festivals of the Jains.

I know Chandrakant Shah and Gyan Prakash Mishra. "Gyan Prakash had come to me after being recommended by Navin Shah for award of contract for supply of sand." I enquired from him about his experience and terms etc. However the thing did not materialise because he did not turn up. This was around the end of July'91 or early August'91. Besides this Gyan Prakash used to come to me with the supplies of Oswal Iron & Steel Industry of Chandrakant Shah. The volume of business with Oswal Iron & Steel Industry is as usual as before and all in house scrap breaking work still goes to Oswal Iron & Steel Industry.

RO&AC.

Before me,

Sd/-
(K. BHATTACHARYA) 17.12.91
Sub-Inspector: CBI.

T.C.

PW-45   बयान   पी.डब्ल्यू 42

जसवंत कुमार आत्मज मिट्ठूलाल यादव उम्र 20 साल साकिन केम्प ।
अट्ठारह नंबर ब्लाक -7 ई भिलाई,

--OO--

मैं भिलाई केम्प एक में रहता हूं पालिटेक्निक कालेज दुर्ग में सेकन्ड इयर का छात्र हूं मेरा मकान केम्प । अट्ठारह नंबर में ब्लाक 7 ई में रहता हूं मेरे पिता जी भिलाई स्टील प्लांट में काम करते है । मेरे घर के सामने के पक्के मकान [illegible] में एक लडका रवि नाम का रहता था जिसकी फोटो आपने मुझे दिखाया, यही फोटो रवि की है वह अधिकतर रात को ही घर पर आता, [illegible] दिन को ज्यादातर घर के बाहर ही रहता था यह करीब 3-4 महिने से अपने घर में रह रहा था यह मकान जहाँ रवि रहता था, अभयसिंह ने उसे यह मकान दिलवाया था, । 2-3 दिन की आड में उसके घर रात को ज्ञान प्रकाश मिश्रा, मुकेश अभयसिंह, आते रहते थे ये सब रात को रवि के घर मस्ती करते रहते थे अक्सर खाना पीना भी वहीं होता था । रवि के पास टी.व्ही.एस. सुजुकी मोटर सायकल थी यह लाल रंग की थी रवि, शंकरगुहा नियोगी की हत्या होने के बाद से फरार है रवि दिन में क्या करता था मुझे नहीं मालूम । रवि के आस पडोस के लोग रवि को जानते है ।

Ridcoli

हस्ता/सही. MC Agrawal
दिनांक 26/10/91
डी.एस.पी.

Pw - 43

बयान

कृष्ण कुमार पुत्र ~~श्री~~ श्रीराम 30 साल ड्राइवर आपरेशन गैरेज बीएसपी, सा० कैम्प -1, 18 नंबर क्वा० 7 सी, भिलाई।

......

मैं भिलाई स्टील प्लांट में ड्राइवर के पद पर कार्यरत हूँ। करीबन 3-4 महिने पहले से क्वा० नं० 6 एफ में एक लड़का को अभय सिंह ने बीएसपी के क्वार्टर में रखवाया था उसके पास लाल रंग की मोटर सायकल थी। वह रात में आता जाता रहता था दिन को लगभग बाहर ही घूमता रहता था। आपने जो फोटो बतलाया वह वही लड़का है जो 6 एफ में रहता था। नियोगी की हत्या के बाद से वह नहीं दिखाई दे रहा है। इसके यहाँ अभय सिंह का आना जाना लगा रहता था। अभय सिंग भी बीएसपी में काम करता है। यह भी हत्या के बाद से मुझे नहीं दिख रहा है। आपने जो फोटो बतलाई वह ~~वह~~ आपके बताने पर ज्ञात हुआ कि यह पल्टन की फोटो है। यही मेरा बयान है पढ़कर सुना जैसा बतलाया वैसा ही लिखा है।

Red colour

सही/-
28.10.91
डी०एस०पी०

सत्य प्रतिलिपि

T.C.

ता० 20/12/91

बयान श्री कृष्ण कुमार पुत्र उदयराम, उम्र तकरीबन 37 साल, हेवी-व्हीकल ड्राईवर, प्लान्ट व्हीकल पूल, (आपरेशन गैरेज), बीएसपी, साकिन ब्लाक 1, मकान नं० 7-सी, कैम्प नं०-1, भिलाई।

PW-43

....

बयान करता हूं कि मैं मार्च 1986 से बीएसपी में उक्त पद व स्थान पर कार्यरत हूं। उक्त मकान मुझे बीएसपी की तरफ से मिला हुआ है। अभय सिंह जो कि हमारे बीएसपी में आपरेटर के पद पर कार्य करता था, मेरे घर की लाईन में ही रहता था। इस तरह वो हमारा पड़ोसी था और मैं उसे जानता था। अभय सिंह जो कि यू० पी० का रहने वाला है वैसे शादीशुदा है परन्तु कभी भी अपनी फैमिली नहीं लाया। नियोगी काण्ड से करीब दो महीने पहले मैंने एक लड़के को, जिसका नाम बाद में मालूम पड़ा कि रवी है, अभय सिंह के साथ आते जाते देखा क्योंकि मेरे घर के सामने वाली लाईन में ब्लाक नं० 6-एफ उक्त रवी ने एक कमरे में रहना शुरू किया था। ये मकान अभय सिंह के जरिये ही रवी को मिला था। उक्त रवी अकेला ही रहता था और उसके पास एक लाल रंग का सुजुकी मोटर साईकिल था। रवी के पास अभय सिंह के अलावा कार और मोटर साईकिल पर कुछ लोग आते थे। कार सफेद रंग का मारुति वैन था। उस समय ही हमें मालूम पड़ा कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा जिसकी कैम्प-1 में रोड पर ही आटा चक्की है, भी उक्त रवी के घर आता है। ये मैंने भी स्वयं देखा। सफेद मारुति वैन वही ज्ञान प्रकाश मिश्रा ही चलाता था। ज्ञान प्रकाश का नाम मोहल्ले में तकरीबन सबको मालूम था और मोहल्ले वालों के जरिए ही मुझे भी इसका नाम मालूम पड़ा। मैंने भी इसको आटा चक्की पर कईबार देखा है। नियोगी जी के हत्या के बाद मैंने रवी उर्फ [illegible] को फिर कभी उक्त मकान में आते जाते या रहते नहीं देखा और तब से ही वो हमारे मोहल्ले से गायब है। इस हत्या काण्ड के बाद मैंने ज्ञान प्रकाश मिश्रा को भी उक्त मकान में अकेले या किसी के साथ आते जाते नहीं देखा।

सही/-
(शमशेर)
20.12.91
नि०/सीबीआई/एसआईसी-2/दिल्ली
कैम्प भिलाई.

सत्य प्रतिलिपि

20/12/91
भिलाई.

बयान श्री अजित कुमार पुरकायस्थ आत्मज स्वर्गीय जे.के. पुरकायस्थ उम्र करीब 38 वर्ष आर./ओ. ब्लाक 6 क्वार्टर नं. आई. लेबर कालोनी भिलाई (म.प्र.)

PW-44

--00--

मै बी.एस.पी. आयरसेकन्ड्री स्कूल कुम्हार मे शिक्षक हूं. मै उपरोक्त क्वार्टर मे तकरीबन 4/5 सालो से रह रहा हूं अभय सिंह कुछ वर्षो से क्वार्टर नं. 76 मे रह रहा है जून जुलाई 1991 मे क्वार्टर नं. 6 एफ.(एल.सी.) कैम्प 1 भिलाई जो मेरे पडोस मे है मे सरकारी ताला लगा था, अभय सिंह और ज्ञान प्रकाश मिश्रा.ने क्वार्टर नं. 6 एफ (एल.सी.) का ताला तोडकर पलटन को उस क्वार्टर मे रखा, ताला तोडकर पलटन को जून जुलाई 1991 मे ही रखा गया अभय सिंह के क्वार्टर मे तरह तरह के लोग आया जाया करते थे वे तरह तरह की गाडिया मे आया करते थे, रात मे अनेकबार अभय सिंह के क्वार्टर और पलटन के क्वार्टर मे शराब की पार्टिया हुआ करती थी, नियोगी जी की हत्या के 2-3 महीने पहले से अभय सिंह के यहां काफी लोग आया जाया करते थे, और पार्टियो मे भाग लिया करते थे पलटन के पास लाल रंग की मोटर सायकिल थी जिस पर आया जाया करता था, वह किसी से ज्यादा बोलता चालता नही था, अभय सिंह, दादा टाइप का आदमी, ज्ञान प्रकाश मिश्रा के संगत मे आने के बाद हो गया था, नियोगी, जी की हत्या के बाद पलटन उपरोक्त क्वार्टर मे दिखाई नही पडा है, अभय सिंह 3-4 अक्टूबर के बाद दिखाई नही पडा, 1 Read

पढकर सुनाया व तस्दीक किया मेरे समक्ष, 1

//सत्यप्रतिलिपि//

हस्ता/सही,

दिनांक 30/12/91

बी. एन.पी. आजाद
उप. पु. अधीक्षक,
सी.बी.आई.

बयान

श्री अशोक कुमार पुत्र श्री जे0के0पुरोहित जाति बंगाली उम्र 38 वर्ष सा0 ब्लाक 6, क्वा0 नं0 आई. केम्प 1, थाना छावनी जिला दुर्ग।

Pw-44

....

मैं भिलाई इस्पात संयत्र में सिक्यु. के पद पर कार्यरत हायर सेकेंडरी स्कूल, जोन 2, खुर्सीपार में कार्यरत हूं। मैं केम्प के इस क्वार्टर में करीब 4/5 साल से रहता हूं। अभय कुमार सिंह ब्लाक 7, क्वा0 नं0 जी में करीब 4/5 साल से रहता था। अभय कुमार सिंह भिलाई इस्पात संयत्र में खिलाड़ी था। अभय कुमार सिंह का दोस्त ज्ञान प्रकाश मिश्रा था। ज्ञान प्रकाश अभय सिंह के क्वार्टर में आना जाना करता था। ज्ञान प्रकाश के अलावा भी बहुत से लड़के आते थे। एक सफेद रंग का जिप्सी भी आती थी वहां अभयसिंह के यहां सब लोग शराब भी पीते थे। पल्टन करीब 3 माह से यहां क्वा0 नं0 एफ ब्लाक 6 में रहता था। इस क्वार्टर का ताला अभय सिंह तोड़कर पल्टन को इस में रखवाया था। पल्टन के आने के पश्चात् और बहुत से लोगों का आना जाना हो गया था। कभी स्कूटर में तो कभी जिप्सी में लोग बैठ कर आते थे और उनमें हाकी, राड वगैरह रखे रहते थे। अभय कुमार सिंह एवं पल्टन के क्वार्टर में सब का जमघट लगा रहता था। लोग यहां शराब पीकर हुल्लड़ भी करते थे। यहां के सभी लोग परेशान थे किन्तु डर के कारण कुछ बोलने का हिम्मत नहीं करते थे। पल्टन हमेशा अपनी लाल रंग की टीओएस सुजुकी में आना जाना करता था। ज्ञान प्रकाश मिश्रा, पल्टन अभय कुमार सिंह तथा उनके अन्य साथी आपस में बैठकर क्या बातें करते थे यह मुझे नहीं मालूम है। इन लोगों की मीटिंग रात दिन यहां चलता रहता था। जब से अभय कुमार और पल्टन यहां से गये हैं तब से आज तक यहां वापस नहीं आये हैं।

सही/-
26.10.91

सत्य प्रतिलिपि

[signature]

PW 45

बयान

पी०डब्ल्यू 45

संतोष लोधी आत्मज मानसिंह लोधी उम्र 20 वर्ष सा० ग्राम हाथीडोन थाना धमधा जिला दुर्ग हाल :- ब्लाक 6 क्वार्टर एम० कैम्प 1 भिलाई,

--OO--

मैं ग्राम हाथीडोन का रहने वाला हूं मेरे 4 भाई है मैं सबसे बड़ा हूं । मैं आठवीं तक पढ़ा हूं मेरे पिता खेती करते है मेरे पास 10 एकड़ खेत है, मैं अपने घर से भागकर एक साल पहले भिलाई आया हूं पहले मैं [illegible] भिलाई आकर गंगा सायकिल स्टोर्स जामुल लेबर कैम्प में काम किया हूं उसके बाद केडिया डिस्टलरी भिलाई में 6 माह काम किया हूं केडिया मे मुझे 15/16 रुपये रोज मजदूरी मिलती थी केडिया में हड़ताल हुई तो दूसरा काम की तलाश में वहां से छोड़ दिया केडिया से काम छोड़ने के पश्चात अग्रवाल आटा चक्की लेबर कैम्प जामुल में काम किया हूं अग्रवाल मुझे 30 रुपये महीना वेतन देता था इस कारण मजदूरी कम होने से उसके यहां से काम छोड़कर 6/91 को लाला आटा चक्की में आया हूं मुझे यहां 450/- माह वेतन मिलता था पहले मैं जामुल से आना जाना करता था, मुझे वहां से आने जाने में दूर पड़ता था तो ज्ञान प्रकाश मुझे इस क्वार्टर की चाभी दिये और बोले इस क्वार्टर में तू रहा कर, तब से मैं करीबन एक माह से इस क्वार्टर में रहता हूं जब से मैं इस क्वार्टर में रहता हूं तब से पलटन नहीं आया है, इस क्वार्टर का नं. ब्लाक 6/ क्वार्टर नं. एफ. है । पलटन की इस क्वार्टर में एक फोल्ड वाली चारपाई है, एक सायकिल एक बैटरी एली फोम है, ।

हस्ता/सही,
Mishra S.I

//सत्यप्रतिलिपि//

28/10/91

P10 - 4C

दिनांक 1.12.91

बयान श्री विजय कुमार भसीन उर्फ टोनी पुत्र श्री सत्यपाल भसीन निवासी तीन मंदिर दर्शन कैंप नं0 1, जिवराज ट्रांसपोर्ट लाईन, भिलाई। उम्र 30 साल.

....

मैं उपरोक्त पते पर सपरिवार रहता हूं और जयभारत ट्रांसपोर्ट कंपनी जीई रोड भिलाई (टेलीफोन नं0 52181) में मैनेजर की नौकरी करता हूं मैं इस कंपनी में कंपनी के मालिक श्री हरजीत सिंह निवासी रायपुर का पार्टनर भी हूं मैं एक ट्रक नंबर एमपी 24 सी 0425 का मालिक हूं और मेरे पास लोकल इस्तेमाल के लिए अपनी हीरो होंडा मोटर साइकिल नंबर एमआईआर 4413 भी है।

मैं श्री ज्ञानप्रकाश मिश्रा निवासी भिलाई को अरसा करीब 4-5 साल से जानता हूं क्योंकि वह हमारी ट्रांसपोर्ट कंपनी से कुछ दूरी पर रहता है। मैं ज्ञानप्रकाश मिश्रा के दोस्तों अवधेश राय, अभय सिंह को भी अच्छी तरह जानता हूं इसके अलावा मैं श्री विक्रम सिंह ठाकुर, व देवेंद्र पाटनी उर्फ देबू जो दुर्ग के रहने वाले हैं और ज्ञान प्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू के दोस्त हैं, को भी अच्छी तरह जानता हूं।

मैं पिछले करीब 6-7 महीने से अभयसिंह के मकान पर जो ज्ञान प्रकाश मिश्रा के घर के पास ही है, उपरोक्त दोस्तों के साथ पार्टी व खानेपीने के प्रोग्रामों में जाता रहा हूं। इसी तरह एक दिन अभयसिंह के घर पर ही मेरी मुलाकात बलदेव सिंह, चंद्रप्रकाश सिंह उर्फ छोटू, महेंद्र प्रताप सिंह उर्फ महेन्द्र से ज्ञानप्रकाश मिश्रा ने करवाई और बतलाया कि ये भी उसके साथी है क्योंकि मेरे ट्रांसपोर्ट के धंधे में अच्छी कमाई है इसलिए मैं अक्सर उपरोक्त खाना पार्टियों के लिए मीट, मुर्गा इत्यादि का इंतजाम करता था व काफी बार खुद भी मीट खरीद कर लाता था मेरे साथ मीट खरीदने के लिए 2-3 बार बलदेव भी गया था खाने पीने के ऐसे ही एक मौके पर ज्ञान प्रकाश मिश्रा उर्फ ज्ञानू ने मेरी मुलाकात रवि नाम के एक लड़के से कराई जिसका असली नाम बाद में मुझे पलटन होना मालूम हुआ।

मैं ज्ञानप्रकाश मिश्रा, अभयसिंह, महेंद्र, बलदेव, चंद्रप्रकाश सिंह, अवधेश राय कई बार शाम के समय मेरे मोटर साइकिल, ज्ञानप्रकाश की काइनेटिक होंडा व अभयसिंह का स्कूटर इत्यादि लेकर दुर्ग में देबू व विक्रमसिंह से मिलने अक्सर जाते थे। जहां पर ये लोग आपस में बातचीत करते थे। माह सितंबर 91 में अभयसिंह के घर पर खाने पीने के प्रोग्राम कई बार हुए जहां पर उपरोक्त सब लोग शरीक होते थे। हम लोग कभी कभी शिवनाथ नदी पर बन्ना ढाबे पर भी खाना खाने जाते थे। नियोगी की हत्या से दो तीन दिन पहले भी मैं ज्ञानप्रकाश, अभयसिंह, छोटू, बलदेव व रवि, देबू व विक्रम के साथ बन्ना ढाबे में रात को खाना खाने गए थे। उस दिन रवि देबू की जिप्सी में से नहीं उतर रहा था जिसे बाद में ज्ञानप्रकाश ने उतारा तो उसने भी खाना खाया।

दिनांक 27.9.91 को शाम को करीब 9/9.30 बजे मैं अपनी मोटर सायकल पर ज्ञानप्रकाश मिश्रा के घर पहुंचा वहां अभयसिंह, देबू पाटनी और उसके तीन चार दोस्त मुझे मिले। मुझसे अभयसिंह ने ज्ञानप्रकाश के बारे में पूछा मैंने उसको बताया कि मुझे ज्ञानप्रकाश मिश्रा के बारे में मालूम नहीं फिर देबू के कहने पर मैं व अभयसिंह मेरी मोटर साइकिल पर बैठकर ज्ञानप्रकाश मिश्रा को ढूंढने व बुलाकर लाने के लिए पावर हाउस मार्केट में गए। वहां हम बसंत टाकीज व इंडियन काफी हाउस में पहुंचे जहां पर उसके मिलने के चांस थे। ज्ञानप्रकाश मिश्रा को वहां ढूंढा लेकिन वह हमें कहीं नहीं मिला। उसके बाद मैं व अभय सिंह श्री के0के0झा पत्रकार के घर पर पहुंचे लेकिन ज्ञानप्रकाश मिश्रा हमे वहां भी नहीं मिला परंतु देबू, छोटू, बलदेव, महेंद्र हमें मिले। अभयसिंह ने उन्हें बताया कि ज्ञानप्रकाश

.... 2 पर

PW 46

11211

कहीं नहीं मिला । उसके बाद मैं अपने दफ्तर ट्रांसपोर्ट नगर में आ गया ।

अगली दिन यानि 28.9.91 को सुबह मैं अपने बिजनेस के काम से रायपुर गया था वहीं मुझे पता लगा कि नियोगी की हत्या हो गई है ।

ज्ञानप्रकाश मिश्रा के कहने पर मैंने भी अवधेश राय, अभयसिंह, बलदेव, छोटू इत्यादि के साथ चंद्रा मौर्या सिनेमा हाल के सायकिल स्टैण्ड का ठेका चलाने के लिए हामी भर दी थी जो ठेका अवधेश के नाम से 30.9.91 को मिला था ।

दि0 4.10.91 को ज्ञानप्रकाश मिश्रा के कहने पर मैंने उसका खाता सिंडिकेट बैंक जीई रोड भिलाई में खुलवाया था जो उसको साइकिल स्टैंड का ठेका चलाने के लिए चाहिए था । ज्ञानप्रकाश मिश्रा के खाता खोलने के फार्म पर मैंने बतौर इन्ट्रोड्यूसर दस्तखत किए थे उसी दिन शाम को करीब 5-5.30 बजे मैं अभयसिंह, ज्ञानप्रकाश मिश्रा अपनी दोपहिया गाड़ियों पर दुर्ग में विक्रम सिंह ठाकुर के मकान होकर पहुंचे और वहां देबू के बारे में पूछा व नाश्ता किया । विक्रम सिंह ठाकुर ने पूछा कि इनदेबू को क्यों पूछ रहे हैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा कि उसका दुर्ग की कोर्ट से गैर जमानती वारंट निकला हुआ है और पुलिस उसको गिरफ्तार करना चाहती है । ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा कि इस वारंट को कैंसिल करवाने के लिए उसे देबू की मदद की जरूरत है वहां 30-35 मिनट बैठने के बाद विक्रम सिंह ठाकुर और ज्ञानप्रकाश मिश्रा देबू के घर उसका पता करने के लिए चले गए व मैं और अभय सिंह देबू के दफ्तर शिवनाथ मिनरल्स पहुंच कर बैठ गए 2 कुछ देर बाद ज्ञान प्रकाश मिश्रा और विक्रम सिंह ठाकुर भी वहां पहुंच गए और हम सब वहीं बैठकर देबू का इंतजार करने लगे । देबू वहां 7/7.30 बजे पहुंचा ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने देबू से कुछ बातचीत की व अभयसिंह को कहा कि भिलाई जाकर अपने सामान तैयार कर लो तो मैं अभयसिंह को अपनी मोटर सायकिल पर बैठाकर भिलाई ले आया और उसके घर पर छोड़ दिया । उसके बाद मैं अपने दफ्तर पहुंच गया । बाद में मुझे पता लगा कि ज्ञानप्रकाश मिश्रा व अभयसिंह रात को ही बाहर जाने के लिए चले गए हैं ।

उसके बाद दि0 10.10.91 को जब मैं अपने काम से दुर्ग कोर्ट में गया था तो वहां मुझे ज्ञानप्रकाश मिश्रा व अभयसिंह मिले थे । वहां ज्ञानप्रकाश मिश्रा अपना गैर जमानती वारंट कैंसिल करवाने आया था फिर वहां से मैं विक्रमसिंह ठाकुर के कहने पर देबू के शिवनाथ मिनरल्स आफिस में पहुंचा था जहां पर अभयसिंह, ज्ञानप्रकाश मिश्रा, देबू व विक्रम सिंह ठाकुर पहले से मौजूद थे वहां सबने बातचीत की । वहां ज्ञानप्रकाश मिश्रा व अभयसिंह ने मेरे से पूछा कि भिलाई के क्या हाल है तो मैंने बताया कि मुझे चंद्रा मौर्या साइकिल स्टैण्ड के एक लड़के ने बताया था कि 2-3 दिन पहले अभयसिंह के मकान पर पुलिस ने रेड कीथी ।

बयान सुन लिया ठीक है। मेरे समक्ष

सही/1.12.91

(होशियारसिंह)

इन्स्पेक्टर सीबीआई एसआईसी-2, नई दिल्ली

कैम्प भिलाई

CTC [signature]

पी.डब्ल्यू 46

26/12/91

पृथक बयान श्री हितेन्द्र कुमार भसीन उर्फ सोनी, पुत्र श्री सत्यपाल भसीन निवासी जैन दर्शन मन्दिर के पास कैम्प 1, जी.ई. रोड भिलाई, ।

--00--

पूछने पर आगे बयान करता हूँ मैं ज्ञान प्रकाश से कई सालों से परिचित हूँ इस वर्ष अक्टूबर 1991 में ज्ञान प्रकाश ने व इसके साथी अवधेश राय आदि ने चंद्रा मौर्या सिनेमा के साईकल स्कूटर व कार स्टैण्ड का ठेका लिया था, इस ठेके से प्राप्त कमाई को बैंक जमा करवाने के लिये ज्ञान प्रकाश मिश्रा, ने सिंडीकेट बैंक में खाता खुलवाने की इच्छा जाहिर की और मुझे इन्ट्रोड्यूसर बनने के लिये कहा क्योंकि उक्त बैंक में मेरा भी खाता है, । उक्त बैंक चंद्रा मौर्या सिनेमा केम्पस में मौर्या कम्पलेक्स में ही स्थित है । अतः एक 4/10/91 को मैंने ज्ञान प्रकाश का एस.बी. ए/सी उक्त बैंक में खुलवाया

आज आपने मुझे उक्त बैंक का खाता खोलने का एक फार्म दिखाया है जो उक्त ज्ञान प्रकाश के नाम से है । उक्त फार्म के पीछे मेरे भी हस्ताक्षर है जो मैंने इन्ट्रोड्यूसर की हैसियत से किए थे व अपने खाता नं. 4128 भी लिखा है खाता खोलने वाले ही दिन मैंने अपनी ओर से 501/- रुपया भी ज्ञान प्रकाश के खाता नं. 5405 में जमा करवाये थे आज आपने मुझे उक्त खाता नं. 5405 की एक डिपोजिट स्लिप ता. 4/10/91 दिखाई है जिसके द्वारा मैंने अपने हस्ताक्षर करके 501/- रुपये जमा करवाए है । उक्त स्लिप मैंने वहां मौजूद किसी व्यक्ति से भरवाई थी ।

पढ़कर सुनाया सही पाया

हस्ताक्षर/सही,
(शमशेर)
प्र.निरी. सी.बी.आई./एस
आई.सी. 2 कैम्प भिलाई,

//सत्यप्रतिलिपि//

PW - 47 पी डब्ल्यू 47

बयान श्री [illegible] रायचंद नाग उम्र 34 साल साकिन सर्वेन्ट रूम क्वा० नं० 3ए सड़क नं० 29 सेक्टर 9 भिलाई स्थायी पता ग्राम कुल्लू बहल पो०आ० चाकल सुखा थाना किरीपुरा जिला अंलागीर उड़ीसा

मैं उपरोक्त हूं और भिलाई में पिछले 15-16 साल से रह रहा हूं जब मैं पहली बार यहां आया तो रोजी कमाने के उद्देश्य से आया था, और तिवारी होटल जो कि सेक्टर 9 हास्पिटल सेक्टर में है में काम करता था, वहां पर करीब 4 साल काम करने के बाद मैं एक किराये की रिक्शा चलाता था। अब करीब 7-8 साल से मैं सेक्टर 9 के अस्पताल के परिसर में चाय का ठेला लगाता हूं। पहले किराये का ठेला था और अब करीब 3 साल से अपने चाय के ठेले पर से कमाता खाता हूं। मैं हमेशा रात में ही ठेला लगाता हूं। शाम के 7 बजे से लेकर करीब सुबह 8 बजे तक मैं ठेले से चाय सिगरेट आदि बेचता हूं इस धंधे से हमारी रोज की आय करीब 35-40 रूपये हो जाते हैं और इसमें मैं अपना परिवार चलाता हूं।

27 सितंबर 91 और 28 सितंबर 91 के दरम्यानी रात को भी हमने अपना ठेला सेक्टर 9 के अस्पताल के परिसर में लगाया था मेरे ठेले के बगल में ही एक और ठेला लगता है जिसका मालिक नारायणा है 28 सितंबर 91 के करीब 1.00-1.30 बजे कुछ लोग नारायणा के ठेले पर चाय पीने आये और नारायणा के ठेले पर पहुंच कर चाय बनाने के लिए कहा यह सब लोग आपस में बातचीत कर रहे थे और हंसी मजाक भी कर रहे थे। यह सब लोग नारायणा के ठेले से चाय पी रहे थे नारायणा के लड़के अनिल कुमार उस वक्त ठेला के बाजू में सो रहा था उसका नौकर फुटबाल उनको चाय बनाकर पीलाया था उन लोगों में से एक हट्टा कट्टा लड़का मेरे ठेले पर आया और एक ब्रिस्टल सिगरेट खरीदा वह जब मेरे ठेले पर आया था तो उसके हाथ में चाय का गिलास था उस लड़के के फोटो को हमने देखकर पहचाना है और उसके पीछे अपने दस्तखत किया है।

हमको यह उपरोक्त घटना इसलिए याद है क्योंकि उसी सुबह करीब चार बजे नियोगी जी जो कि भिलाई का एक नेता था को अस्पताल लाया गया था।

आरओएसी

सही/17.12.91

(के० भट्टाचार्य)

उप निरीक्षक सीबीआई/भोपाल.

सत्यप्रतिलिपि

बयान श्री राजकुमार पांडे पु. श्री रामसूरत पांडे, उम्र 26 साल, निवासी क्वार्टर नं0 155, टाटानगर लाईन, कैम्प-2, थाना छावनी, भिलाई.

Pw-48

.....

मैं गांव पकौली, पोस्ट सराय, थाना हाजीपुर, जिला वैशाली, बिहार का मूल निवासी हूं । मेरे पिताजी भिलाई स्टील प्लांट के एक्युपमेंट जोन से जीप ड्रायवर के पद से 6-7 महीने पहले रिटायर हुए हैं । टाटा लाईन का 155 नंबर मकान मेरे पिताजी को भिलाई स्टील प्लांट की तरफ से मिला हुआ था और अब हम इसमें किराए पर रहते हैं । उपरोक्त मकान में हम मेरे बचपन से ही रहते आए हैं । हमारे पड़ोस के क्वार्टर नंबर 154 में श्री रामअशिष राय यादव 4-5 साल पहले तक अपने परिवार के साथ रहते थे उनका एक बेटा अवधेश राय भी है जिसको मैं बचपन से ही जानता हूं । वे अब सेक्टर 4 भिलाई में रहते हैं ।

मैंने मैट्रिक की परीक्षा बी0एस0पी0 के हायर सेकेण्डरी स्कूल कैंप-1 से 1984 में पास की थी । उसी समय ज्ञान प्रकाश मिश्रा जो कैम्प 1 में रहता है, उसी स्कूल में प्राइवेट परीक्षा देने आया था मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा को उसी समय से जानता हूं । अवधेश राय भी उसी स्कूल में पढ़ता था परंतु मेरे से 3 वर्ष पीछे था । पिछले एक साल से मैं बसंत टाकीज के निकट जी0ई0रोड पर होटल चला रहा हूं । इस होटल में ज्ञान प्रकाश मिश्रा अवधेश राय और उनका दोस्त अभय सिंह खाना खाने आते रहते हैं । मैं इन तीनों को पिछले 4-5 साल से इकटठा घूमते देखता आ रहा हूं । अभयसिंह भी कैंप -1 में रहता है । इन लोगों के साथ कभी-कभी टोनी भी खाना खाने आता है । ज्ञानप्रकाश मिश्रा अक्सर अपनी सफेद काइनेटिक होण्डा पर आता है, अवधेश राय के पास लूना मोपेड है तथा अभयसिंह के पास एक स्कूटर है ।

पढ़कर सुनाया।

मेरे समक्ष

सही/-25.12.91

(बी0एस0कंवर)

आरक्षी उपाधीक्षक

सी0बी0आई0/एस0आई0सी0-2

कैम्प भिलाई.

सत्यप्रतिलिपि

[signature]

आरसी 4(एस)/91-एस0आई0यू0-5/एस0आई0सी0-2

बयान श्रीमती रेशमा पत्नी स्वर्गीय कांतिलाल मराठी, मोची, उम्र तकरीबन 40 वर्ष, निवास - गांधीनगर, ओल्ड भिलाई थाने के पीछे, भिलाई । PW-49

मैं उपरोक्त हूं । मेरे पति, जिन्हें टी0बी0 थी, की मृत्यु आज से तकरीबन 3-4 वर्ष पूर्व हुई थी । मेरे पति जब जीवित थे तो यू0पी0 के देवरिया जिले के निवासी पलटन मेरे घर के करीब रहता था । मेरा पति शराब पीकर मुझे मारा पीटा करता था । पलटन कभी कभी इन झगड़ों को रोकने और बीच बचाव करने के लिए आ जाता था । इसके कारण मेरी उससे जान पहचान बढ़ी और उससे मेरे शारीरिक संबंध स्थापित हो गए । यह बात तकरीबन 1985-86 की है । मेरे पति की मृत्यु के बाद वह मेरे साथ ही रहने लगा । सन् 1990 के आसपास की बात है, मेरे घर पर पुलिस का छापा पड़ा और पुलिस ने कुछ चीजें पलटन के पास से बरामद कीं । पलटन हाल के दिनों में कैम्प -1 के ज्ञान प्रकाश मिश्रा के पास रहने लगा था । नियोगी जी की हत्या के कुछ दिन पूर्व उसने मुझसे खर्च के लिए 50 रुपए मांगे थे पर पैसे न होने के कारण मैं उसे पैसा न दे पायी थी । नियोगी जी की हत्या के दिन के बाद पलटन मेरे पास नहीं आया है । लगता है भिलाई छोड़कर कहीं चला गया है ।

पढ़कर सुनाया, सुन व तसदीक किया ।

सत्य प्रतिलिपि

मेरे सामने

सही-
(ब्र0प्र0 आजाद)
आरक्षी उपाधीक्षक
सी0बी0आई0/एस0आई0सी0-2
कैम्प भिलाई

बयान श्री उमाशंकर राम पुत्र श्री जे0 राम, उम्र 30 वर्ष, निवास- क्वार्टर नं0 1 ए, स्ट्रीट नं0 -22, सेक्टर-1, भिलाई (म0 प्रदेश)

मैं गोरखपुर (यू0पी0) का मूल निवासी हूं । मेरे पिताजी बी0एस0पी0 में काम करते हैं । मैंने बी0ए0 1984 में कल्याण कालेज, भिलाई से किया है । बी0ए0 करने के बाद मैंने बी0एम0 पटेल कान्ट्रेक्टर सिम्पलैक्स उद्योग में हैल्पर का काम किया । टी0एम0 पटेल एच0एस0सी0एल0 में ठेकेदार हैं । मैंने वहां जनवरी 1987 से जून 1987 तक नौकरी की । जुलाई 87 में सी0एम0 पटेल की सिफारिश से सिम्पलैक्स में नौकरी मिली थी । सन् 1989 मैंने साईकिल एलाउंस, मेडीकल एलाउंस, मकान किराया आदि की मांगों को लेकर शंकर चक्रवर्ती, जो इंटक के नेता हैं, के नेतृत्व में हड़ताल की थी परन्तु इसमें सफलता नहीं मिली । 27 जुलाई 1990 को मैं नियोगी से मिला और उनके संगठन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा में शामिल हो गया । इस समय उनकी यूनियन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के संगठन के मजदूरों की ए0सी0सी0 जामुल में भूख हड़ताल चल रही थी । मैंने राजाराम निर्मलकर, भारत भूषण पांडे से मिलकर सिम्पलैक्स इंजीनियरिंग के मजदूरों को संगठित किया और उन्हें नियोगी के संगठन में शामिल किया । बाद में मुझे छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के स्थानीय ईकाई प्रगतिशील श्रमिक संघ का उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया ।

दिनांक 15·8·90 को नियोगी जी ने एक रैली निकाली । उस रैली में मैंने भी भाग लिया । उस रैली में सिम्पलैक्स ग्रुप, केडिया आदि उद्योगों के श्रमिक भी शामिल थे । ये रैली ए0सी0सी0 चौक से होते हुए नंदनी रोड होते हुए मजदूर भवन जो जामुल थाने के पीछे है, में जाकर सभा में बदल गई ।

17·9·90 को विश्वकर्मा पूजा के दिन शंकर गुहा नियोगी के नेतृत्व में एक विशाल रैली का आयोजन किया गया जो कि भिलाई के उद्योगपतियों के खिलाफ थी । जब यह रैली सिम्पलैक्स इंजीनियरिंग के सामने पहुंची तो ज्ञान प्रकाश मिश्रा के आदमियों ने हमला किया । मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा को चिन्द्रा हत्याकांड से जानता हूं जो 3-4 साल पहले भिलाई में घटित हुआ था । मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा के बड़े भाई प्रभुनाथ मिश्रा को भी जानता हूं । प्रभुनाथ मिश्रा और ज्ञान प्रकाश मिश्रा अक्सर मूलचन्द शाह और उसके भाईयों से मिलते जुलते रहते थे ।

------2

अक्तूबर 1990 में हमारे संगठन ने अपनी मांगों का एक ज्ञापन बनाया जिसपर नील रतन घोषाल, महामंत्री, इस्पात श्रमिक संघ, भिलाई, शंकर गुहा नियोगी, संगठन मंत्री, छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा, रामाधिलास मंडल, जनरल सैक्रेटरी प्रगतिशील इंजीनियरिंग श्रमिक संघ के हस्ताक्षर थे। यह ज्ञापन मुझे मूलचन्द शाह को देने के लिए दिया गया। मैं इस ज्ञापन को लेकर मूलचन्द शाह के पास गया लेकिन उन्होंने इसे नहीं लिया और कहा कि रजिस्टर डाक से भेजा। मूलचन्द शाह ने मुझे बताया कि आप लोग अपना संगठन बनाकर मिल सकते हो लेकिन छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा या नियोगी जी से तो बात नहीं करेंगे।

छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के श्रमिकों को उद्योगपतियों के पाले हुए गुंडो से पिटवाया जाता था तो इसके विरोध में हम लोग रैली, आमसभा और फैक्टरी के गेट पर नारे आदि लगाते थे और हड़ताल करते थे। सिम्पलैक्स इंजीनियरिंग गेट पर नारेबाजी कई कई बार करवाई गयी। इनमें मैं शामिल रहता था। संगठन के लोगों को पिटवाने के लिए मूलचन्द शाह, नवीन शाह, केडिया आदि ने गुंडे पाल रखे थे।

जुलाई 1991 में सिम्पलैक्स इंजीनियरिंग में कांट्रैक्ट देने जापान के आदमी आए थे तो मैंने गेट पर नारे लगवाये जिससे उन्हें कांट्रैक्ट नहीं मिल सका। जापान के ये लोग कितने थे, कहाँ के थे मुझे मालूम नहीं है।

मूलचन्द ने मुझे बुलाकर कहा कि वह नियोगी जी को अच्छी तरह जानता है और वह उनसे किसी भी तरह के समझौते की बात नहीं करेगा। मूलचन्द शाह ने आगे कहा कि वह कोर्ट से कंपनी बंद करने के आर्डर ले आया है और यदि जरूरत पड़ी तो कंपनी बंद कर देगा लेकिन नियोगी से समझौता नहीं करेगा। मैंने मूलचन्द शाह को कोर्ट का आर्डर दिखाने के लिए कहा लेकिन उसने दिखाने से इन्कार कर दिया। हमारी हड़ताल लगातार चलती रही।

माह अगस्त 1991 के एक शाम 5.30 बजे के करीब जब मैं अपने दोस्त की लूना पर अपने घर जा रहा था तो साईकिल की दुकान जो हाउसिंग बोर्ड पर है के आगे बी०आई०टी० चौक के पास पीछे से स्कूटर पर तीन आदमी आए

------3

F 20 50

और अचानक मुझे लोहे के राड व बाजुओं से मारना शुरू कर दिया । मैं अपना जान बचाने [illegible] में घुस गया । उस वक्त उनमें से एक ने कहा पिस्तौल लाओ इसे मार डालते हैं नहीं तो यह खतरनाक हो जायेगा । इस घटना की रिपोर्ट मैंने थाना जामुल में उसी दिन दर्ज कराई थी । बाद में इन मारने वालों का नाम ज्ञान प्रकाश मिश्रा के दोस्त [illegible] सिंह वगैरह पता चला । मुझे ये भी मालूम हुआ कि उस दिन जान से मारने वाली बात बलदेव सिंह ने कहा था।

घायल होने व मार पड़ने के कुछ दिनों बाद मूलचन्द शाह अपना कांटेसा कार नं0 225 में खुद चलाकर आए । उन्होंने कहा कि जो कुछ हुआ उसे भूल जाओ । जितने पैसे चाहिए ले लो । उनके पास नोटों से भरा एक ब्रीफकेस भी था जिसे उन्होंने मुझे खोलकर दिखाया । मैंने पैसे लेने से इंकार कर दिया और कहा कि मैं यूनियन के साथ दगाबाजी नहीं कर सकता तो वे चले गए । फिर इसके 5-6 दिन बाद मूलचन्द शाह मुझसे मिलने मेरे घर आए और बोले कि वे मुझे सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग के फैब्रीकेशन में ठेकेदार बना देंगे और कहा कि मैं नियोगी जी को छोड़कर उनके साथ आ जाऊं । मैंने इसके लिए भी उनसे मना कर दिया और इसके बाद वे चले गए । माह सितम्बर 1991 में मूलचन्द शाह एक बार फिर मेरे घर आए और नाना प्रकार के लोभ देकर बोले कि मैं अपने साथियों के साथ संबल चक्रवर्ती के संगठन में मिलकर समझौता कर लूं । मैंने कहा कि संबल चक्रवर्ती को कब से देख चुका हूं, वह दलाल है । उससे समझौता नहीं हो सकता है । संबल चक्रवर्ती के कारण ही हमारे कई एक मजदूर नौकरी से बाहर हैं । मैंने मूलचन्द शाह से कहा कि आप संबल चक्रवर्ती से समझौता कर सकते हैं तो नियोगी जी से क्यों नहीं कर सकते हैं ? नियोगी जी की बात क्यों नहीं मान लेते ? मूलचन्द शाह ने कहा कि नियोगी जी को जल्दी ही देख लिया जाएगा फिर तुम अकेले पड़ जाओगे । तुम हमारे साथ अभी क्यों नहीं आ जाते । मेरे साथ घटना होने से मुझे काफी चोट था प्लास्टर भी चढ़ा था जिसके कारण मैं डेढ़ महीने के करीब घर ही बिस्तर पर पड़ा रहा । 28.9.91 को जब नियोगी जी की हत्या हुई तो उस दिन मैं घर पर ही था । मुझे मेरे साथियों ने बताया कि नियोगी जी को किसी ने गोली मार कर हत्या कर दी है ।

पढ़कर सुनाया, सही पाया ।

सत्य प्रतिलिपि

मेरे समक्ष
सही-2.1.92
आरक्षी उपाधीक्षक
सी0बी0आई0/एस0आई0सी0-2
कैम्प भिलाई

PW-51

भिलाई

दिनांक 26.11.91

श्याम श्री राम आसरे राम पुत्र श्री घुनाऊ राम, उम्र 45 साल, फिटर, मकेनिकल मैंटेनेंस सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग एण्ड फाऊंड्री लिमिटेड, यूनिट- 1, भिलाई। निवासी- आजाद मोहल्ला, कैम्प -1, स्टील नगर, भिलाई।

मैं गांव जारैला तिवारी की, थाना खजनी, जिला गोरखपुर, यू०पी० का रहने वाला हूं। मैंने फिटर की नौकरी उस कम्पनी में 15.11.77 को शुरू की थी। मैं 23 सितम्बर 1990 से हड़ताल पर हूं। 16.9.91 को रात को लगभग बाहर बजे मुझे ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने अपने घर पर बुलाया। मैं उसके घर से 25 गज की दूरी पर रहता हूं तथा उन्हें पहले से ही जानता हूं। मैं सोनी व उसके भाई मुमताज के साथ गया था। मिश्रा के घर पर श्री नवीन शाह व एक और सज्जन बैठे थे। मिश्रा ने बताया कि वे सज्जन ओसवाल के चंद्रकांत शाह हैं। उन्होंने मुझे कहा कि क्या आप श्री नियोगी की यूनियन के मुखिया हैं तो मैंने न कही। उन्होंने मुझसे और मुखियों के बारे में जानकारी चाही परन्तु मैंने मजबूरी जाहिर की। इस पर मिश्रा ने कहा कि उसके पास सबकी लिस्ट है व मैं उन सब लोगों को सचेत कर दूं। उनका उद्देश्य उन लोगों का पता पक्का करना था तथा रैली जो 17.9.90 को निकालना था उसे विफल करना था। 17.9.90 को श्री नियोगी के नेतृत्व में भिलाई के मजदूरों ने एक बड़ी भारी रैली निकाली थी। उस रैली पर उद्योगपतियों के गुंडों ने हमले किए थे और कुछ लोग घायल हुए थे। श्री नियोगी के हत्या के चार दिन पूर्व भी ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने बुलाया था अपने नौकर के द्वारा लगभग 7 बजे शाम को। मैं उनके घर गया और मिश्रा ने मुझे घर के अंदर बुला लिया। उन्होंने बताया कि केडिया के 7-8 लोग उनसे हड़ताल खत्म करने के बारे में बात कर रहे हैं। केडिया की ओर से सुझाव है कि उनको ट्रक आदि फाइनान्स कर देंगे। उन्होंने मुझे भी बताया कि मैं चार दिन के अंदर काम पर चला जाऊं नहीं तो बाद में मुश्किल होगी। मैंने मिश्रा से पूछा कि किस शर्त पर वापिस लिया जायेगा तो उन्होंने श्री नवीन शाह से टेलीफोन पर मेरे सामने बात की तथा बात करने के बाद मुझे बताया कि श्री नवीन शाह ने कहा है कि नौकरी पर वापिस ले लेंगे परन्तु लिखकर देना होगा कि मेरा नियोगी जी की यूनियन से कोई संबंध नहीं है। मैं नियोगी जी की यूनियन का शुरू से ही मेंबर हूं।

T.C.

B

——2

हड़ताल के परिणाम का बाद में फैसला होगा, यह कहा । श्री नवीन शाह द्वारा बताई हुई शर्तें मुझे मंजूर नहीं थी इसलिए मैंने ड्यूटी में हाजिर होने का मना किया । इस पर श्री मिश्रा ने मुझे कहा कि और साथियों से बात कर लो । मिश्रा ने मुझे यह भी बताया कि वह सिम्पलेक्स में शाह को शाहू का ठेका दिये जा रहा है । जब बातचीत हो रही थी तो अभय सिंह भी वहां बैठा हुआ था । उन्होंने मुझे डराने की कोशिश की परन्तु मिश्रा ने उन्हें बताया कि मैं भी उनके गांव का ही हूं । मैं अभय सिंह को बहुत दिनों से जानता हूं । और उनको अक्सर मिश्रा के घर पर देखता रहता हूं । जो बात मुझे मिश्रा ने बताई थी वह मैंने दूसरे साथियों को बताया तथा उन्हें श्री नियोगी जी को भी बताने को कहा तथा कहा था कि श्री नियोगी साथियों को व मुझे जान का खतरा हो सकता है । नियोगी की हत्या होने पर मुझे पूरा विश्वास हो गया है कि इस हत्या के पीछे ज्ञान प्रकाश मिश्रा व उसके साथियों और सिम्पलेक्स ग्रुप का हाथ है ।

पढ़कर सुनाया, सही पाया ।

मेरे समक्ष
सही-
(बी0एस0 [illegible])
आरक्षी उपाधीक्षक
सी0बी0आई0/एस0आई0सी0-2
कैम्प भिलाई

सत्य प्रतिलिपि
[signature]

STATEMENT PW-52

CASE NO.RC 9(S)/91 : SIC.II Dated : November 2?, 1991.

SHRI M.V.REDDY S/O LATE AMMI REDDY, ASSTT.EXECUTIVE, TIME KEEPING ORGANISATION (OPERATION) P.NO.45399, BHILAI STEEL PLANT, BHILAI DURG.

I am working as above since 1989 in Time Keeping Organisation. As per the Master Attendence Register of the Blast Furnace (Production), token No.22906 has been allotted to Abhay Kumar Singh who is working as Operator in the Blast Furnace Production Section. In case of Shri Abhay Kumar Singh, Operator, his attendence was marked through token system. The tokens are kept in the Time Office and whenever he used to attend duty he collects the token from the Time Office Counter and deposits the same with the Sectional Incharge in the Blast Furnace and at the end of the shift he collects the token from the Shift Incharge and deposits at the Time Office Counter. When he submits the token in his Section i.e. Blast Furnace, the Sectional Head will mark his attendence in the Daily Present Report. As per the Daily present Report, for the date 27.9.91, Shri Abhay Kumar Singh did not attend the duty because his weekly rest had fallen on this date which is clear from the Master Attendence Register for the month of September'91. As per the Master Attendence Register Shri Abhay Kumar Singh attended the duty in A-shift from 23rd to 26th & 27th has been shown as his weekly rest. As such on 27th Shri Abhay Kumar Singh did not attend duty. As per the Daily Present Report for date 28.9.91, Shri Abhay Kumar Singh attended the duty in A-shift. In Bhilai Steel Plant there are four shifts, the details of which are as follows :-

1.	'A' shift	Timing	6 a.m.	to 2 p.m.
2.	'B' shift	"	2 p.m.	to 10 p.m.
3.	'C' shift	"	10 p.m.	to 6 a.m.
4.	General shift	"	8 a.m.	to 4.30 p.m.

TCB

PW-53

पी डब्ल्यू. 53

बयान श्री सूरजमल जैन पुत्र श्री मिश्री लाल जैन बमिलसिला आरसी 9 (एम/91 एसआईयू 5/एसआईती-2 नियोगी हत्याकाण्ड व्यवसाय सूरज आटो ट्रेडर्स, आकाश गंगा, सुपेला भिलाई, हाल निवासी एम0डी05, एम्पी हाउसिंग कालोनी दुर्ग.

....

श्री सूरजमल जैन ने दरयाफ्त पर बयान किया कि मेरी उम्र लगभग 36 वर्ष है और वैसे तो हम मूलत: जोधपुर के रहने वाले हैं लेकिन हमारा परिवार काफी समय से दुर्ग में ही व्यवसाय करता है एवं मैंने दुर्ग में ही पढ़ाई लिखाई की है । मैं कालेज दिनों से ही श्री चंद्रकांत शाह, निवासी 21/24 अनुविला, मोतीलाल नेहरू नगर को जानता हूं. श्री चंद्रकांत शाह मेरे गहरे मित्र हैं । मैंने 1978 में अपना आटो मोबाइल का बिजनेस चालू किया चंद्रकांत मुझे लगभग एक साल छोटा है और उन्होंने लगभग 1984 में स्वतंत्र रूप से अपना बिजनेस चालू किया । हमारा अपना बिजनेस चालू होने के बाद हम आपस में उठने बैठने लगे और धीरे -2 हमारी घनिष्ठता बढ़ती गई. मैं अक्तूबर 90 से जून 91 तक श्री चंद्रकांत शाह के पास वाले मकान में किराए पर रहा और पड़ोसी होने के कारण अक्सर हम एक दूसरे के घर आने जाने लगे थे । मैं बयान करता हूं कि फरवरी मार्च 1991 में श्री चंद्रकांत शाह अपने टेम्पो ट्रेवलर नंबर एमपी 24 बी 6622 में अपने कुछ मित्रों, जिनके नाम ज्ञानप्रकाश मिश्रा जो प्रभुनाथ मिश्रा का छोटा भाई है, अवधेश राय, अभयसिंह जो बीएसपी में काम करता है, के साथ नेपाल गया था । इनकी गाड़ी का ड्राइवर रवि था जो पहले मेरा यहां सर्विस कर चुका था और अब माइंस में नौकरी करता है । इनकी नेपाल यात्रा लगभग 12-13 दिन की थी और रवि ड्रायवर ने वापस आने के बाद टेंपो ट्रेवलर को मेरी दुकान के बाजू वाले रोड पर खड़ा किया था और डीजल कैन उतारा था और मुझे बताया था कि भैया कैसे आदमी के साथ आपने मुझे नेपाल भेज दिया । रवि ने आगे बताया कि पैसे मांगे तो पैसे नहीं दिए, आपने कभी 2 साल में मुझे गाली नहीं दी लेकिन इन्होंने मुझे मां बहन की गालियां दी और घूमने के बहाने क्या करने गया था आपको मालूम है क्या और वे वहां से कुछ हथियार खरीद कर लाए हैं । उसके बाद वो चला गया । उस समय गाड़ी में अवधेश राय और ज्ञान प्रकाश मिश्रा बैठे हुए थे और गाड़ी ज्ञानप्रकाश मिश्रा चला रहा था। जब मैं रात को घर गया तो मेरी मुलाकात चंद्रकांत शाह से हुई और मैंने उससे पूछा कि तुमने रवि ड्राइवर के साथ ऐसा दुर्व्यवहार क्यों किया और वो मेरे को बता रहा था कि तुम लोग वहां से हथियार खरीद कर लाए हो । मैंने उससे पूछा कि क्या खरीद कर लाए हो, मुझे दिखाओ । इस पर उसने कहा कि तुम्हें क्या करना है । समय आएगा तो दिखा देंगे । इसके बाद हमारा व्यवहार सामान्य स्तर पर चलता रहा।

मुझे याद है कि 27 सितंबर 1991 को रात को लगभग 9.15 बजे हम लोग यानि मैं, देवेंद्र पाटनी, सोहन जैन, उत्तम बरड़िया आदि अपनी कार से ज्ञानप्रकाश के घर गए, हम ज्ञानप्रकाश को साथ लेकर कैलाशपति केडिया के यहां दुर्गा उत्सव के लिए चंदा लेना चाहते थे परंतु ज्ञान प्रकाश घर में नहीं मिला । देवेन्द्र पाटनी, अभयसिंह के घर गया जो पास ही में है और उसे बुला लाया । अभयसिंह को भी नहीं मालूम था कि ज्ञान प्रकाश कहां है । इसी बीच टोनी वहां आया वह और अभयसिंह ज्ञान प्रकाश को खोजने गए उनके जाने के बाद छोटू, बलदेव और महेन्द्र एक स्कूटर पर आए । देवू ने छोटू से ज्ञान के बारे में पूछा तो उसने कहा कि के0के0हा

...... 2 पर

पत्रकार के यहां हो सकता है तब देवू उन लोगों के साथ ज्ञा के यहां चले गये और वापस आने पर बताया कि ज्ञानप्रकाश का पता नहीं चला । चूंकि देर हो रही थी इसलिए हम वापिस चले गए ।

दूसरे दिन सुबह यानि 28 सितंबर 1991 को जब मैं अपनी दुकान पर पहुंचा तो मार्किट के दुकानदार खड़े थे । मेरे वहां पहुंचने पर उन लोगों ने मुझे बताया कि नियोगी जी की हत्या रात को किसी ने कर दी है जिसके कारण श्रमिक चक्का जाम कर रहे हैं और उन्होंने मुझे पूछा कि मार्किट खोलनी है या नहीं । क्योंकि मैं उस मार्किट का अध्यक्ष हूं इसलिए उन लोगों ने मेरे से पूछा । उनसे बात करने के बाद मैंने सामने से अपनी दुकान नहीं खोली जब मैं पीछे के शटर खुलवाने में लगा हुआ था तो उस समय करीब 9.15/9.30 बजे के बीच का समय होगा जब चंद्रकांत शाह वहां आया उसने आते ही पूछा तुम्हें मालूम है क्या कि नियोगी को किसी ने गोली मारकर हत्या कर दी है।" मैंने उससे कहा कि बाजार में उसके बारे में काफी हल्ला है तब उसने कहा कि "ले देकर मैं अपनी गाड़ी लाईन पर लाया था पर मेरे लिए यह नया सिरदर्द खड़ा हो गया है। अब मेरे से पूछताछ होगी क्योंकि यह मेरे ही लड़कों का काम है।" मैंने चंद्रकांत शाह से लड़कों के नाम के बारे में नहीं पूछा क्योंकि मैं जानता हूं कि उसके लड़के ज्ञानप्रकाश मिश्रा, अवधेश राय, अभयसिंह मोटू आदि है ।

इसके बाद 30 सितंबर 1991 को मेरी लड़की का जन्मदिन था, इसमें मैंने जान पहचान के बहुत लोगों को बुलाया था । जब मैं चंद्रकांत शाह को बुलाने गया था तो ज्ञानप्रकाश मिश्रा वहां बैठा हुआ था । जन्मदिन पर चंद्रकांत शाह भी अपने परिवार सहित आया था लेकिन नियोगी के संबंध में भीड़भाड़ के कारण कोई बात नहीं हुई परंतु जब वो जाने लगा तो बाहर निकलकर मैंने पूछा कि "तेरे से कोई पूछताछ हुई क्या" चंद्रकांत शाह ने कहा अभी तक तो पूछताछ नहीं हुई है उस समय रात के करीब 10.30 बजे होंगे उसके बाद चंद्रकांत चला गया । उसके बाद चंद्रकांत शाह मार्किट में एक दो बार आया और उससे दुआ सलाम हुई लेकिन नियोगी हत्याकाण्ड के बारे में कोई बातचीतनहीं हुई । मेरे पेट में बीमारी थी और मैं 5.10.91 को अस्पताल में भर्ती हुआ तब मुझे पता चला कि चंद्रकांत फरार हो गयाथा ये जानकारी मुझे 7 अक्टूबर 1991 को अखबार से मिली मेरे नौकर ने अस्पताल में उन्हीं दिनों बताया के चंद्रकांत शाह अपनी प्रिमियर गाड़ी नं0 एमपी 23/7736 मेरे फार्म हाउस गैरेज जो कि माडल टाउन में है, पर छोड़ गया है और चाबी उसीके पास है।

पढ़कर सुनाया, सही पाया।

मेरे समक्ष
सही/25.11.91
(आर0एन0प्रसाद)
आरक्षी उपाधीक्षक
सी0बी0आई0/एस0आई0सी0-2, कैंप भिलाई.

सत्यप्रतिलिपि

PW-53 पीडब्ल्यू 53

आर सी 9 (एस) 91 एस आई 5 दिनांक 4.12.91

जारी बयान श्री सूरज मल जैन पु0 श्री मिश्रीलाल जैन नि0 एम-डी-5 एचपी हाउसिंग कालोनी दुर्ग सूरज आटो ट्रेडर्स, आकाश गंगा सुपेला भिलाई ।

...

आज मुझे निम्न कागजात जिसके लिखावट है दिखाई गई ।

1. होटल एलो पगोडा की रसीदें नं0 006648 दि0 15/3, 006648 दिनांक 15/3, 004087 दि0 14.3.91, 004080 दि0 13.3., 006613 दि0 13.3.91, 006612 दि0 3.3.91

उपरोक्त सभी रसीदों को देखने के बाद मैं बयान करता हूं कि इसमें जो कालम गेस्ट सीगनेचर के उपर हस्ताक्षर है अंग्रेजी में वे सभी हस्ताक्षर चन्द्रकांत शाह के हैं ।

2. हल्के गुलाबी रंग के लाइनों वाले कागज पर लिखा हिन्दी का पत्र "प्रिय रेनू" चन्द्रकांत" दि0 23-9.79 (2 पृष्ठ) जिन पर 12.11.91 की तारीख में दो हस्ताक्षर है।

उपरोक्त पत्र को देखने के बाद मैं बताता हूं कि यह पत्र श्री चन्द्रकांत शाह की लिखावट में है ।

3. सफेद लाइनों वाले कागज पर लिखाई हिन्दी में तीन पृष्ठ जिन पर 12.11.91 की तारीख में दो हस्ताक्षर है।

उपरोक्त कागजों को देखने के बाद मैं बयान करता हूं कि ए चन्द्रकांत शाह की लिखावट ही है ।

4. एक सादे कागज पर लाल स्याही से लिखापत्र जिस पर 12.11.91 की तारीख में दो हस्ताक्षर है एक पृष्ठ और जिस पर नीचे में अंग्रेजी में 15.6.87 लिखा है और हस्ता0

इन्हें देखकर मैं बयान करता हूं कि यह लिखावट और हस्ताक्षर चन्द्रकांतशाह के हैं।

5. एक छोटे सफेद कागज पर लाल रंग की स्याही से हिंदी में लिखाई और नीले रंग की स्याही में दो गाड़ियों के नंबर इसकेअतिरिक्त में नीले रंग की स्याही में लिखा मंडपारवनाम

6. एक सफेद कागज पर लिखा 4 नाम जिन दोनों ही कागजों पर 12.11.91 की तारीख में दो हस्ताक्षर हैं ।

उपरोक्त को देखने पर मैं बयान करता हूं कि ए सारी लिखावट चंद्रकांत शाहकी है। लाल रंग की लिखाई को छोड़कर

7. दीपावली ग्रीटिंग कार्ड "लविंग योनू एण्ड ब्रुन" जिस पर अंग्रेजी में लिखा है।

8. ग्रीटिंग कार्ड जिस पर अंग्रेजी में लिखाई है "रेनू आई फोल फोर यू" और जिस पर नीचे अंग्रेजी में ही हस्ताक्षर है ।

9. लाल रंग के लिफाफे पर अंग्रेजी में बुक पोस्ट और हिन्दी में पता लिखा है और जिसके अंदर में दीवाली ग्रीटिंग कार्ड पर हिंदी में लिखाई है और नीचे हस्ता0है।

10. एक हल्के गुलाबी रंग का लिफाफा जिसपर मास्टर करन और पता हिंदी में लिखा है और जिसके अंदर में दीवाली ग्रीटिंग कार्ड पर अंग्रेजी में "टू माई लव" और नीचे अंग्रेजी में हस्ताक्षर हैं ।

11. एक रोड एटलस आफ इंडिया जिसके पिछले कवर पेज के अंदर "13 विक्टोरिया क्रिसेन्ट रोड मद्रास और टेलीफोन नं0 लिखा है हिंदी में अंग्रेजी में ।

..... 2 पर

PW-53/12/11

12. ब्लू वेल्स नीट चीयर गत्ते के डब्बे का नीचे का हिस्सा जिसमें हिंदी में "यह गाड़ी भिलाई दुर्ग वाले चन्द्रकांत शाह " वगैरह लिखा है और टेलीफोन नंबर लिखे हैं अंग्रेजी में ।

मैं उपरोक्त सभी लिखावटों और हस्ताक्षरों को जो क्र० सं० 7 से 12 तक है को देखने के बाद बयान करता हूं कि यह लिखावट और हस्ताक्षर श्री चन्द्रकांत शाह के हैं ।

मैं चन्द्रकांत शाह की हस्तलिपि को अच्छी तरह पहचानता हूं मुझे उनकी लिखाई हिंदी और अंग्रेजी को देखने का अवसर मिलता रहा है । मैं उनकी लिखावट से अच्छी तरह परिचित हूं ।

मेरे समक्ष
R.C. Rawat
मह 1/12.91
अधि० अ०अ० सी०बी०आई०
कैम्प भिलाई

TC
[signature]

पुरक बयान श्री सूरजमल जैन पुत्र श्री मिश्री लाल जैन ब्सिलसिला आरसी 1§एस§/91/ एस0आई0यू0-5/एस0आई0सी0-2-नियोगी हत्याकांड । व्यवसाय - सूरज ऑटो ट्रेडर्स, आकाश गंगा, सुपेला, भिलाई । हाल निवासी- एम0डी0 -5, एम0पी0 हाऊसिंग कालोनी, दुर्ग ।

मेरे पहले दिए गए बयान के आगे मैं बताता हूं कि माडल टाउन दुर्ग में मेरी 15 एकड़ जमीन है । 1989 में मैं इस जमीन को मैं बेचना चाहता था लेकिन चंद्रकांत शाह जोकि मेरा दोस्त है, ने मुझे सलाह दी कि जमीन एक मुश्त न बेचकर प्लाट काटकर बेचा जाए तो ज्यादा फायदा रहेगा । मैंने उसे कहा कि इस काम में बहुत झंझट हैं क्योंकि कालोनी बनाने के लिए कलोनाईजर का लाइसेंस होना चाहिए, फिर साडा व टाउन प्लानिंग आदि से भी तरह तरह की इजाजत लेनी पड़ती है, तो चंद्रकांत शाह ने कहा कि मैं उसे वर्किंग पार्टनर बना लूं वो ये सारे काम अपने आप कर लेगा, अत: हम दोनों ने सलाह करे, हलांकि हमारा कोई लिखित समझौता नहीं हुआ था, दीवाली 1990 से जैन शाह एण्ड कम्पनी के नाम से एक फर्म खोल दी जिसका कार्यालय दुकान नं0 108, आकाश गंगा व्यावसायिक परिसर में था । ये दुकान मैंने ही साडा से किराए पर ले रखी थी । हमने उपरोक्त फर्म का रजिस्ट्रेशन नहीं कराया है क्योंकि चंद्रकांत शाह कहते थे जब काम शुरु होगा तो रजिस्ट्रेशन करा लेंगे । ये दफ्तर खोलने के बाद हमने अपनी कालोनी का नक्शा भी जवराकर आर्किटैक्ट से बनवाया लेकिन जब हम नक्शा टाउन प्लानिंग में देने गए तो उन्होंने कहा कि अरबन सेलिंग वालों से अनापत्ति प्रमाण पत्र लेकर आना होगा क्योंकि इसी बीच मास्टर प्लान के लागू होने की वजह से मेरी जमीन लैंड सेलिंग से ज्यदा होती थी । इसी बीच किसी पार्टी ने हाई कोर्ट से स्थगन आदेश प्राप्त कर लिया व मेरी जमीन अभी सरकार ने अधिग्रहण नहीं की और न ही हमारे कालोनी के काम में कोई प्रगति हुई है । जनवरी 1990 से ही चंद्रकांत शाह उपरोक्त जैन शाह एण्ड कंपनी के दफ्तर में बैठता था वह वही इस काम को देखभाल करता था ।

मैं शान्ति लाल शाह, जिसकी रायपुर में कपड़े की दुकान है, को जानता हूं । उसके मामा मेघराज §दुर्ग वाले§ को मैं फूफा कहता हूं । दिसम्बर 1990 में मेघराज ने मुझे कहा था कि उनके पास एक फिएट गाड़ी है जिसे वे बेचना चहते थे । मैंने उन्हें कहा कि वे फिएट मुझे दिखा दें, गाड़ी मुझे §पसंद§ पसन्द आ गई तो मै ले लूंगा । इसके कुछ

———2

दिन बाद मेघराज शान्ति लाल शाह को साथ लेकर सफेद फियेट नं० एम०पी०
23-7736 में मेरी दुकान पर आए । वहां शान्ति लाल शाह ने अपनी उपरोक्त
फियेट का मेरे से सौदा किया । उपरोक्त गाड़ी शान्ति लाल ने फाइनांस करवाई
हुई थी जिसकी कि आखिरी किश्त दिसम्बर 1991 में देनी थी । गाड़ी का सौदा
एक लाख 40 हजार रुपए में हुआ जिसे मैंने 7 हजार रुपए माहवार के हिसाब से देना
स्वीकार किया । सौदा होने के बाद शान्ति लाल गाड़ी मेरे पास छोड़कर चले गए ।
मैंने एक दो दिन गाड़ी को चलाया लेकिन मुझे जंची नहीं व मैंने उसे वापिस शान्ति
लाल को भेजने का मन बना लिया । जब चंद्रकांत शाह को इसका पता लगा तो उसने
कहा कि उसे गाड़ी की जरुरत है व मैं वो गाड़ी उसे दे दूं । मैंने इस बारे शान्ति
लाल से बात की तो शान्ति लाल ने कहा कि उसे तो उसके पैसों से मतलब है, मुझे
मतलब है, चाहे मैं गाड़ी किसी को भी दे दूं । अत: मैंने जनवरी 1991 में ही
उपरोक्त फियेट गाड़ी चंद्रकांत को दे दी । चंद्रकांत ने 7 हजार रुपए माहवार के हिसाब
से 8 किस्तें दी । उपरोक्त गाड़ी जनवरी से चंद्रकांत शाह के पास ही है, इसका उसके
नाम ट्रांसफर इसलिए नहीं हो सका क्योंकि ये गाड़ी फाइनांस करवाई हुई थी व
गाड़ी का पूरा पेमेंट करके, दिसम्बर 91 तक, चंद्रकांत शाह का अपने नाम ट्रांसफर
कराने का इरादा था । इस गाड़ी को चंद्रकांत शाह व उसकी पत्नी चलाते थे ।
कभी कभी ज्ञान प्रकाश मिश्रा भी इस गाड़ी को चलाता था ।

पढ़कर सुनाया, सही पाया ।

सत्य प्रतिलिपि

T.C
[signature]

मेरे समक्ष
सही-
(एम०के० झा)
आरक्षी उपाधीक्षक
सी०बी०आई०/एस०आई०सी०-2
कैम्प भिलाई

बयान श्री रवीन्द्र कुमार उर्फ राव पुत्र श्री रामा गेंडे, उम्र 26 साल, निवासी- हिंगन घाट, जिला वर्धा, महाराष्ट्र । हाल मुकाम के0 पाकेट, क्वार्टर नं0 36 सी, मरोदा सेक्टर, भिलाई, थाना नेवई, जिला दुर्ग ।

मैं उपरोक्त पते पर सपरिवार रहता हूं । मेरे पिताजी बी0एस0पी0 में वाटर सप्लाई विभाग में फिटर के पद पर कार्यरत हैं । मैं वर्तमान में साडा में स्थाई ड्राईवर के पद पर कार्य कर रहा हूं । साडा में मैंने नौकरी अप्रैल 1990 में शुरू की थी, उसके पहले मैं सूरज आटो ट्रेडर्स में पिछले 5-6 साल से नौकरी करता था । वहां श्री चंद्रकांत शाह सुरजमल जैन के पास आते जाते रहते थे और इस तरह मैं उन्हें भी जानने लगा । होली के बाद मार्च 1991 के शुरू में मुझे सुरजमल जैन ने कहा था कि चंद्रकांत शाह को नेपाल जाना है और उसके लिए उन्हें एक ड्राईवर चाहिए । मैं साडा से छुट्टी लेकर जाने के लिए तैयार हो गया और होली के बाद श्री चंद्रकांत शाह की गाड़ी टेम्पो ट्रेवलर एम0पी0-24-B-6622 में चंद्रकांत शाह, अवधेश राय, अभय सिंह के साथ नेपाल के लिए चल पड़े, गाड़ी मैं चला रहा था । भिलाई से चलकर हम लोग बिलासपुर, अंबिकापुर, बनारस होते हुए टेम्पो ट्रेवलर से अभय सिंह के घर बालिसपुर जिला गाजीपुर रात को पहुंचे और रुके । वहां से दूसरे दिन सुबह 4 बजे टेम्पो ट्रेवलर में हम सभी निकल पड़े और सिवान वगैरह होते हुए बीरगंज, नेपाल में पहुंच गए । बीरगंज पहुंचने पर हम सभी होटल कैलाश में रुके । उस होटल में श्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा पहले से ही रुके हुए थे । जैसा मुझे बताया गया ज्ञान प्रकाश मिश्रा दुर्ग से कलकत्ता गया था और कलकत्ता से हवाई जहाज द्वारा नेपाल पहुंचा था । मैंने उन्हें बीरगंज में ही पहली बार देखा था । बीरगंज में हम लोग लगभग 2 दिन रुके और वहां से टेम्पो ट्रेवलर में ही हम सभी काठमांडू चले गए । काठमांडू पहुंचकर हम लोग होटल जनक में रुके । वहां 2 कमरे लिए गए थे, एक कमरे में चंद्रकांत और ज्ञान प्रकाश मिश्रा ठहरे थे जबकि दूसरे कमरे में अभय सिंह, अवधेश राय और मैं ठहरे । काठमांडू में भी हम लोग लगभग 2-3 दिन ठहरे व पशुपति नाथ मंदिर एवं अन्य स्थान भी हम लोगों ने देखे । काठमांडू से टेम्पो ट्रेवलर में मैं, अवधेश राय, ज्ञान प्रकाश मिश्रा और अभय सिंह वापिस बीरगंज आए । श्री चंद्रकांत शाह काठमांडू में ही रुक गए । बीरगंज वापिस आने के बाद हम लोग पुनः कैलाश होटल में रुके । 2-3 दिन बाद चंद्रकांत शाह हवाई जहाज से वापिस आए । बीरगंज में कुछ खरीददारी हुई । बीरगंज में एक दो दिन रुकने के बाद हम सभी टेम्पो ट्रेवलर में वापिस

 PW 54

चल पड़े और रक्सौल पहुँचे । रक्सौल पहुँचकर चंद्रकांत शाह ने टैम्पो ट्रैवलर में एक बंदूक और एक थैली में कुछ कारतूस, टेप रिकार्डर और जिप्सी के टायर रखवाए । रक्सौल हम लोग बेतिया के लिए चल पड़े । रक्सौल से एक आदमी टैम्पो ट्रैवलर में हम लोगों के साथ बैठा, मैं उस आदमी को नहीं पहचानता था । बेतिया हम लोग करीब 10/11 बजे रात में पहुँचे थे । बेतिया पहुँचने के कुछ देर पहले ही सड़क पर गाड़ी रोकी गई । वह आदमी उतर कर कहीं गया और वापिस आकर उस आदमी ने (जो रक्सौल से हमारे साथ आया) श्री चंद्रकांत शाह को 2 पिस्तौल दिए, उसके बाद श्री चंद्रकांत शाह ने उसे वापिस भेज दिया । उस व्यक्ति के वापिस जाने के बाद कुछ दूरी पर चंद्रकांत शाह के कहने पर मैंने गाड़ी रोकी, गाड़ी में पहले से ही एक विदेशी शराब की बोतल लेकर इन लोगों ने रखी हुई थी जिसे खोलकर सभी ने शराब पी । मुझे भी पीने के लिए कहा लेकिन चूंकि मुझे गाड़ी चलानी थी इसलिए मैंने शराब नहीं ली । शराब पीते समय चंद्रकांत ज्ञान प्रकाश मिश्रा वगैरह आपस में कुछ बातें कर रहे थे । चंद्रकांत शाह ने ज्ञान प्रकाश मिश्रा से कहा कि अब हमारे पास अच्छे अच्छे हथियार जैसे पिस्तौल और बंदूक और उनके कारतूस आ गए हैं, अतः अब हमें नियोगी का काम करने में किसी तरह की कठिनाई नहीं आएगी । चंद्रकांत ने ये भी कहा कि नियोगी ने हम लोगों के नाक में दम कर रखा है और बहुत ही परेशान कर रखा है, इस पर ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने चंद्रकांत शाह से कहा उन्हें फिक्र करने की जरूरत नहीं, वो खुद ही सब देख लेंगे । इस पर चंद्रकांत शाह से ज्ञान प्रकाश मिश्रा से कहा कि यदि वह कुछ नहीं कर सकता तो वो अकेले ही खुद ही काम कर देंगे । इस पर ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा कि आप बिल्कुल चिंता न करें हम सब काम लेंगे, हमें सिर्फ पैसे की मदद चाहिए । चंद्रकांत शाह ने कहा पैसे की कोई चिन्ता नहीं है यदि 10-20 लाख खर्च हो जाएं तो वो देने के लिए तैयार हैं, काम जल्दी से जल्दी होना चाहिए ।

वहां से हम लोग वापिस चल पड़े और बनारस में सुबह 6-7 बजे पहुँचे और कुछ देर के लिए रुके । वहां ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने मुझे ये धमकी दी कि रात की बात मैंने सुनी है उसे मैं अपने तक ही रखूं और किसी को नहीं बताऊं यदि मैं उसे किसी को बताऊंगा तो वे नियोगी को खत्म करने से पहले मुझे खत्म करेंगे । बनारस से हम

लोग इलाहाबाद, रीवा, जबलपुर, मांडला होते हुए भिलाई पहुंचे । भिलाई पहुंचने पर मैंने चंद्रकांत शाह को उसके घर नेहरू नगर में छोड़ दिया, वहीं सब लोग उतर गए और चंद्रकांत शाह के कहने पर मैंने टैम्पो ट्रैवलर को सर्विसिंग के लिए प्रोजेक्ट आटो मोबाइल में छोड़ दिया । चंद्रकांत शाह ने मुझे पारिश्रमिक के तौर पर 4/5 सौ रुपए दिए थे ।

उपरोक्त यात्रा के दौरान चंद्रकांत शाह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अवधेश राय, अभय सिंह चूंकि नेपाल से हथियार लाए थे और गलत [illegible] करना चाहते थे, ये बात मुझे अच्छी नहीं लगी, बाद में मेरी मुलाकात श्री सूरजमल जैन से हुई तो मैंने उन्हें चंद्रकांत शाह द्वारा नेपाल से हथियार लाने की बात बताई ।

पढ़कर सुनाया, ठीक पाया ।

मेरे समक्ष

सत्य प्रतिलिपि

सहो-

(आर०एस० धनखड़) 16/11/91

आरक्षी उपाधीक्षक

सी०बी०आई०/एस०आई०सी०-2

कैम्प, भिलाई

पी.डब्ल्यू 54

कथन गवाह

रवीन्द्र कुमार उर्फ रवि आत्मज रा गोंढे जाति लोहार उम्र 26 साल, निवासी हिगनधार जिला वर्धा महाराष्ट्र हा.मु. के.पाकिट क्वार्टर नं. 36सी, मडौदा सेक्टर भिलाई थाना नेवई जिला दुर्ग (म.प्र.)

--CO--

मै मडौदा सेक्टर में सपरिवार रहता हू तथा मेट्रिक पास हू और साडा में स्थायी ड्रायवर के पद पर 16 अप्रैल 1990 से कार्यरत हू मेरे घर मे माता पिता बडा भाई अविनाश छोटा भाई सिद्धार्थ, छोटी बहन, कु. कल्पना, छोटा भाई मनोज रहते हैं मेरे पिता, बी.एस.पी. वायर राड मिल मे फिटर के पद पर कार्यरत है साडा मे रहने मै सूरज आटो ट्रेडर्स, मे पिछले चार पाच सालो से नौकरी करता था चंद्रकांत शाह सूरज आटो ट्रेडर्स आना रहता था इसी कारण मेरी उनसे पहचान हो गई होली के बाद मार्च महीने में सूरज आटो ट्रेडर्स, के सूरजमल के कहने पर मैं चंद्रकांत शाह से आकाशगंगा में जैन एण्ड शाह कंपनी में मिला था जहां चंद्रकांत शाह ने कहा कि अपने को नेपाल चलना है तब मैने कहा कि छुट्टी मिल जायेगी तो चलूगा, फिर साडा ऑफिस में छुट्टी लेकर, चंद्रकांत शाह की वाहन टेम्पो ट्रेवलर नंबर एम.पी. 24बी, 6622 से चंद्रकांत शाह अवधेशराम , अभयसिंह, को लेकर नेपाल, रवाना हुआ अवधेश और अभयसिंह से रास्ते में परिचय हुआ , बिलासपुर अंबिकापुर, बनारस होकर गाजीपुर गये गाजीपुर के पास ही शालिमपुर में रात रूके, अभयसिंह के घर पर फिर दूसरे दिन, फिर 4 बजे वहा से रवाना होकर सिवान गये वहां से वीरगंज गये वीरगंज में होटल कैलाश में रूके । वीरगंज में ही ज्ञान प्रकाश मिश्रा मिले थे जो भिलाई से कलकत्ता ट्रेन से गये, थे फिर कलकत्ता से हवाई जहाज से नेपाल, गये थे । वीरगंज, में होटल कैलाश में दो कमरे लिये गये, थे और दो दिन रूके फिर वहा से काठमाण्डू, गये, जहां होटल जनक में रूके, वहां भी दो कमरे किराये पर लिये, एक कमरे में चंद्रकांतशाह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, व दूसरे कमरे में मै अभयसिंह तथा अवधेश साथ रूके । काठमाडू में तीन दिन रूके जहा पशुपति नाथ मंदिर देखे, कांग्रेस भवन गये, फिर वापस वीरगंज आये फिर दो दिन होटल कैलाश में रूके । चंद्रकांत शाह, काठमाडू, में रूक गये थे, जो बाद में

दूसरे या तीसरे दिन हवाई जहाज से वीरगंज पहुंचे उनके आने के पश्चात रक्सौल गये, जहाँ चंद्रकांत ने दो टायर व एक टेपरिकार्डर एवं स्पीकर व एक रायफल व एक थैली में कारतूस रखवाये, । रक्सौल से एक आदमी, जिसका नाम नहीं मालुम हम लोगो के साथ बेतिया आया । बेतिया से थोडा पहले उन लोगो ने सड़क पर गाडी रोकी, जो आदमी हम लोगों के साथ,. रक्सौल,से चला था, वह गाडी से उतरकर गया और थोडी देर में दो पिस्तौल, लाकर चंद्रकांत शाह को दिया, और वह चला गया इसके बाद कुछ दूर, और चलकर, गाडी रोककर सभी लोगों ने गाडी में बूथ में खरीदकर रखी अंग्रेजी शराब निकालकर एक एक पेग पी, पीने के बाद चंद्रकांत शाह ने ज्ञान प्रकाश से कहा कि अब तो हमें अच्छे अच्छे बंदूक और पिस्तौल मिल गये है, अब नियोगी का काम खत्म करने में थोडी ही कोई कठिनाई है ज्ञान प्रकाश ने कहा कि आप क्यो फिक्र कर रहे है अब तो मै ही सब कर लूंगा, चंद्रकांत ने कहा कि नियोगी का काम जल्द ही खत्म होजाना चाहिये, । यदि तुम नहीं कर सकते हो तो बताओ फिर मै ही निपटा दूंगा, साला नियोगी हम लोगो की नाक में दम किये हुये है । ज्ञान प्रकाश ने फिर चंद्रकांत शाह से कहा, कि आप तो पैसे भर की मदद कीजिये हम सब निपट लेंगे । क्यो अवधेश " क्यों अभय " तब अभयसिंह तथा अवधेश ने भी हामी भरते हुये हाँ कहा । जिस पर चंद्रकांत ने कहा, कि पैसा चाहे जितना भी लगे 10 लाख -20 लाख मै दूंगा, पैसे की फिक्र मत करो फिर रवाना हो गये, दूसरे दिन 6-7 बजे बनारस पहुंचे, बनारस मे कुछ देर रुके तो ज्ञान प्रकाश ने मुझसे कहा था, कि क्यो रे रवी, तूने तो हमारी रात वाली बात नही सुनी तो मैने कहा कि सुनने न सुनने से हमे क्या मतलब है, तो ज्ञान प्रकाश ने कहा था, कि सुना भी हो तो किसी से भी नही बताना, नही तो तेरा काम पहले खत्म कर देंगे । फिर हम लोग बनारस इलाहाबाद, रीवा, मंडला, कवर्धा होते हुये भिलाई आये, भिलाई में मैने उपरोक्त सभी लोगों को चंद्रकांत के घर में नेहरुनगर में छोडदिया और चंद्रकांत शाह के कहे अनुसार गाडी को सर्विसिंग के लिये प्रोजेक्ट आटोमोबाइल्स में छोडकर अपने घर चला गया उक्त दिन का चंद्रकांत शाह ने मुझे चार -पांच सौ रुपये दिये थे, । यही मेरा बयान है, पढवाकर सुना सही लिखा है ।

हस्ता/सही,
13/10/91
"एम.जी.अग्रवाल, केम्प भिलाई"

//सत्यप्रतिलिपि//

CTC

Local Pol

करवाया था, मैं और 8-10 लडके तकरीबन डेढ, दो घंटे तक कर चले आये थे, मेरे वहां से चलने तक ज्ञान प्रकाश मिश्र व अभय सिंह के तकरीबन 1000 लडके वहां इकट्ठा हो गये थे।

PW-55

मैं मार्च 1991 में गांव गया और मुहर्रम के दिन जुलाई 91 में लौटकर भिलाई आया, अभय सिंह के घर पर ताला पडा था, मेरे पिता जी भी क्वार्टर पर ताला लगाकर बाहर गये हुये थे जब मैं गांव गया था तो क्वार्टर नं. 6 एफ (एल.सी.) में सरकारी सील लगा हुआ था, लौटने पर मैंने पाया कि उसमें ताला लगा हुआ था अभय सिंह से मुलाकात हुई, मेरे पिता जी, भी लौटकर आ गये, तो मैं अपने घर में आकर सो गये, अभय सिंह से बाद में मालूम हुआ कि 6 एफ (एल.सी.) में रवि उर्फ पलटन रह रहा था, मैंने रवि को मुझकी पर आते जाते देखा है।

अभय सिंह जबकभी बाहर जाते थे तो अपना कीमती सामान मेरे पास छोड जाते थे, 28/9/91 के सुबह तकरीबन 5-साढे पांच बजे अभय सिंह मुझसे मिले और बोले कि मेरा सामान रख लो नियोगी की हत्या रवि उर्फ पल्टन ने की है मेरे यहां कभी भी पुलिस आ सकती है तुम्हारे यहां नहीं आयेगी इसलिये यह सामान जो जूते के डिब्बे में रखा है रख लो बाद में ले लूंगा, चूंकि अभय सिंह अपना सामान समय समय पर मेरे यहां रखते रहते थे इसलिये मैंने जूते का डिब्बा ले लिया और कमरे के दिवार में बने आलमारी के ऊपर रख दिया।

3 या चार अक्टूबर के दिन रात में तकरीबन साढे दस बजे अभय सिंह मेरे पास आया और अपने क्वार्टर की चाबी मुझे दे दी अभय सिंह कहीं जाने की तैयारी में था अभय सिंह को लेने के लिये एक एम्बेस्डर कार आयी, जिसमें बैठकर अभय सिंह चले गये मैं अभय सिंह के साथ जाने वालो को नहीं देख पाया, उस दिन के बाद अभय सिंह लौटकर नहीं आये।

दिनांक 29/11/91 के दिन अभय सिंह पुलिस हिरासत में मेरे घर आये और मुझे अभय सिंह ने आवाज देकर बुलाया और 28/9/91 के दिन सुबह दिये सामान को देने के लिए कहा मैंने क्वार्टर के दिवार में बने आलमारी के ऊपर से जूता रखने का डिब्बा जो अभय सिंह ने दिया था उतार कर दिया डिब्बे को खोलकर देखा गया तो एक रेक्जीन का बैग मिला जिसके अन्दर दो देशी रिवाल्वर व दवा के बोतलें डिब्बे में

10 भिन्न भिन्न प्रकार के कारतूस मिले गवाहो के सामने इस बारे में फर्दनामा बना जिस पर मैने भी दस्तखत किये, । PW-55

28/9/91 की सुबह जब भूपेन्द्र सिंह ने मुझे जूते का डिब्बा लाकर रखने को दिया था, उसके पहले मैने एक मोटर साईकिल भूपेन्द्र सिंह के घर पर आकर रुकी थी जिसकी आवाज मैने सुनी थी मै बिस्तर में ही था, इसलिये मैने यह नही देखा कि कौन आया था, और किस मोटर साईकिल पर आया था तकरीबन 10-15 मिनट बाद भूपेन्द्र सिंह ने मुझे बुलाया था, तब तक मोटर साईकिल सवार व्यक्ति जा चुका था मोटर साईकिल जाने की आवाज सुनी थी, नियोगी की हत्या के बाद मै रवि अपने क्वाटर में नही आया ।

लाला आटा चक्की में काम करने वाला एक लडका रवि वाले क्वाटर में अक्टूबर 1991 मे रहने लगा लाला आटा चक्की मालिक प्रकाश मिश्र के परिवार वालो का है, मै रवि के क्वाटर में रहने वाले लडके का नाम नही जानता हूँ ।

पढकर सुनाया तसदीक किया मेरे समक्ष,

हस्ता/सही,

//सत्य प्रतिलिपि//

§बी.एन.पी.आजाद, § 30/11/91

उप,
पुलिस, अधीक्षक /सी.बी.आई के
एस.आई.सी.II. /नई दिल्ली,
§कैम्प भिलाई§

P.W.-56

कथन

संतोष कुमार गुप्ता पिता भोलानाथ गुप्ता उम्र 27 वर्ष, डि-4, तीन मंजिला क्वार्टर्स, हाउसिंग बोर्ड, औद्योगिक क्षेत्र, जामुल ।

....

मैं हाउसिंग बोर्ड में पिताजी के साथ रहता हूं । मेरे पिताजी छत्तीसगढ़ डिस्टलरी कुम्हारी में पिछले 20 वर्ष से सुपरवाईजर हैं । हम चार भाई तथा एक बहन है । मेरे से दो भाई बड़े हैं । एक सुभाष गुप्ता बीएसपी में इंस्ट्रूमेंट टेक्नीशियन है । दूसरा भाई अशोक गुप्ता केडिया डिस्टलरी में पिछले सात वर्षों से एकाउंटेंट है । छोटा भाई मनोज गुप्ता बी0काम0 सेकेंड ईयर प्राइवेट कर रहा है तथा रेलवे स्टेशन दुर्ग में सायकल स्टेण्ड चला रहा है । बहन संगीता बी0ए0 थर्ड ईयर में पढ़ रही है । मैं 10वीं कक्षा तक पढ़ा हूं । 11वीं कक्षा में कैम्प-1 हायर सेकेंडरी स्कूल में पढ़ता था । पढ़ाई 9 साल पहले छोड़ दिया । वर्ष 1984 से छत्तीसगढ़ डिस्टलरी कुम्हारी में सिविल ठेकेदारी का काम प्रदीप देवड़ा ने मुझे दिलवाया था । छत्तीसगढ़ डिस्टलरी में मैंने टैंक, वाटर टैंक तथा रोड आदि बनवाने का कार्य तथा शेड बनवाने का कार्य किया है । करीब 12 लाख का काम किया है । उसके बाद केडिया डिस्टलरी में भी लेबर सप्लाई एवं सिविल वर्क का काम किया है । केडिया डिस्टलरी में छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा का हड़ताल चल रहा है। करीब तीन चार माह पूर्व छत्तीसगढ़ मोर्चा का लेबर शराब बोतल लेकर जा रहा था तो मेरे भाई अशोक ने उसको मना किया इस बात को लेकर लेबर मेरे भाई से मारपीट करने लग गये थे मैं भी वहां था इस पर जामुल थाना में दोनों तरफ से रिपोर्ट लिखाई गई थी । ज्ञान प्रकाश मिश्रा को जब कैम्प-1 स्कूल में पढ़ता था तभी से जानता हूं । इसने वहां पर हायर सेकेंडरी स्कूल का फार्म प्राइवेट भरा था । मेरे से इसकी दोस्ती था । करीब साल भर से ज्ञान प्रकाश से संबंध कम है । ज्ञान प्रकाश के साथ अवधेश राय तथा अभयसिंह रहते थे । अवधेश तथा अभय सिंह कैम्प-1 में रहते हैं ।

इस वर्ष मोहर्रम के दिन मैं घर पर था तब रात करीब आठ-साढ़े आठ बजे मेरे घर पर ज्ञान प्रकाश, अभय सिंह, छोटू, बलदेव सिंह संधू तथा एक आदमी और जिसका नाम नहीं जानता सफेद रंग की फियट कार में जिसको ज्ञान प्रकाश चला रहा था लेकर आये थे । ज्ञान प्रकाश मुझे बोला कि नियोगी कहां मिलेगा हम उसे ढूंढ रहे हैं । अभय सिंह तथा छोटू स्टेनगन लिये हुये थे । ज्ञान प्रकाश बोला था कि आज पूरी पुलिस मोहर्रम ड्यूटी में लगी आज नियोगी को मारने का अच्छा मौका है । नियोगी को पूरे आफिसों में ढूंढ लिया कहीं नहीं मिल रहा है । मैंने बताया था मुझे नहीं मालूम नियोगी कहां मिलेगा । मेरे से ज्ञान प्रकाश बोला था कि केडिया से पैसा दिलवाओ नियोगी का काम कर देते हैं तब मैं बोला था

...2/...

PW - 56

कि तुम मेडया से बात करो मैं इस संबंध में कुछ नहीं जानता इसके बाद ज्ञान प्रकाश अपने साथियों के साथ कार से चला गया था ।

ज्ञान प्रकाश के साथ करीब दो वर्ष पूर्व अपना टाकिज के मालिक के साथ हुई मारपीट में 307 का केस बना था उसमें मेरा भी चालान न्यायालय में हुआ है । यही मेरा बयान है ।

सही/-
13.10.91

सत्य प्रतिलिपि

Tc

Lai

PW-56.

ये कहा जाता था कि मैं केडिया का गुंडा हूं ।

ज्ञान प्रकाश मिश्रा मेरे साथ पढ़ता था इसलिये मैं उसको दसवीं कक्षा से ही अच्छी तरह से जानता हूं । 5-6 महीने पहले मैंने एक देशी रिवाल्वर ज्ञान प्रकाश मिश्रा से अपनी सुरक्षा के लिये लिया था । यह रिवाल्वर मैंने पुलिस को बरामद करवा दिया है । इस साल के मोहर्रम के दिन शाम को 7.30 बजे ज्ञान प्रकाश मिश्रा, ओटू, अभय सिंह, बलदेव सिंह संधु और एक आदमी के साथ एक सफेद फियट में मेरे घर आये थे । अभय सिंह, बलदेव सिंह संधु व ओटू को मैं पिछले डेढ़ वर्ष से जानता हूं, वे ज्ञान प्रकाश के साथ घूमते थे । वे लोग कार में बैठे हुये थे और मैं कार के पास खड़ा होकर बातें कर रहा था । गाड़ी को ज्ञान प्रकाश मिश्रा चला रहा था । ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा कि वे नियोगी को ढूंढ रहें हैं और उन्होंने हुडको और घासीदास नगर के आफिस में ढूंढा परन्तु वह कहीं नहीं मिला । उन्होंने कहा कि उस दिन सारी पुलिस मोहर्रम के इंतजाम में लगा था इसलिये नियोगी जी को मारने का अच्छा मौका था । उन्होंने मुझसे भी पूछा कि क्या मैं नियोगी के बारे में जानता हूं तो मैंने कहा मुझे नहीं मालूम है । गाड़ी में अभय सिंह व ओटू स्टेनगन लिये हुये थे । अभय सिंह, ज्ञान प्रकाश के साथ अगली सीट पर बैठा हुआ था तथा बाकी लोग पिछली सीट पर बैठे हुये थे उन्होंने मुझे अपने साथ चलने के लिये कहा परन्तु मैंने मना कर दिया । अभय सिंह ने मेरी तरफ हाथ बढ़ाकर कहा कि स्टेनगन ले लो, काम आयेगा, । मैंने कहा कि मुझे इसकी कोई आवश्यकता नहीं है । फिर अभय सिंह ने स्टेनगन अपने पास रख ली और वे लोग वहां से चले गये ।

पढ़कर सुनाया, सही पाया ।

मेरे समक्ष

(बी0एस0कंवर)
आरक्षी उपाधीक्षक
सी0बी0आई0/एस0आई0सी0-2
कैम्प- भिलाई

सत्य प्रतिलिपि

[signature]

PW-57 पी.डब्ल्यू 57

महेन्द्र कुमार सिंह उम्र 2[illegible] साल पुत्र स्वर्गीय महात्मा सिंह निवासी क्वा नं. टी.आर.टी. 284 ए.सी.सी. कालोनी जामुल दुर्ग ।

—00—

स्थाई पता :- गांव भिदुना डाकखाना - गौराबाजार पी.एस. गौराबाजार जिला जौनपुर, उत्तरप्रदेश ।

— —00—

मेरे स्वर्गीय पिता जी ए.सी.सी. में ड्रेसिंग विभाग में खलासी के पद पर काम करते थे मै मेरी मां और मेरा बड़ा भाई मेरे पिता जी के साथ ही रहते थे. मेरे पिता जी का निधन 5 वर्ष पूर्व हो गया था मेरे पिता के निधन के बाद मेरा परिवार मेरे मामा उपेन्द्र सिंह, बघेल, जो कि ए.सी.सी. में ही रहते है और ए.सी.सी. में ड्रेसिंग विभाग में हाई प्रेशर सिलेंडर का काम करते है के पास रहने लगा ।

मै अपनी पढ़ाई सिर्फ पांचवी कक्षा तक कर सका, ज्यादा पढ़ा लिखा नहीं होने के कारण मैं प्रायः बेकार ही रहता था बीच में कुछ छोटे-मोटे काम कर लेता था । मैं चन्द्रभूषण सिंह उर्फ छोटू पुत्र श्री भरत सिंह और बलदेव सिंह पुत्र श्री केवल सिंह को पिछले 3-4 वर्षों से जानता हूँ और ये लोग मेरे अच्छे मित्र भी है । चन्द्रभूषण सिंह के पिता भी ए.सी.सी. में ही बस कंडक्टर है और वह ए.सी.सी. क्वार्टर में अपने पिता के साथ रहता है बलदेव सिंह एम.पी. हाउसिंग बोर्ड कालोनी में रहता है मै इन लोगों के घर आता जाता हूं और ये लोग भी मेरे घर आते जाते है ।

1990 में विश्वकर्मा पूजा के दिन मै चन्द्रभूषण सिंह के साथ ओसवाल आयरन इंडस्ट्रीज के कारखाने में जो चन्द्रकांत शाह का है चन्द्रभूषण सिंह के कहने पर गया था वहां, विश्वकर्मा पूजा का आयोजन था, इसलिये चन्द्रभूषण सिंह मुझे वहां ले गया था वहां चन्द्रभूषण ने मेरा परिचय ज्ञान प्रकाश मिश्रा से कराया, वहां अखिलेश राय और अभय सिंह, भी थे, चन्द्रभूषण सिंह ने ही मेरी पहचान अखिलेश राय से कराई वहां लगभग 150 लड़के उपस्थित थे, सभी के खाने पीने का प्रबंध था और कुछ लोग खाना खा भी रहे थे तभी बीच ज्ञान प्रकाश ने जोर से आवाज लगाई कि छत्तीसगढ़ मुक्ति मोर्चा के मजदूर कारखाने को बन्द कराने आ रहे

है, कारखाने का गेट बंद नहीं होना चाहिये और वह स्वयं गेट की ओर गया और साथ ही साथ अवधेश राय और अभय सिंह भी दौडे और उनके पीछे 35-40 लडके और दौडे । उसके बाद मै और चंद्रबक्श सिंह भी उनके पीछे गये । ज्ञान प्रकाश मिश्र, अवधेश राय और अभय सिंह, एवं अन्य कुछ लडको ने मिलकर किसी एक मजदूर की पिटाई कर दी कुछ हंगामा, हुआ और इसी बीच पुलिस भी आ गयी बाद में छत्तीसगढ मुक्ति मोर्चा की ओर से एक रैली भी निकली, जिसमें 6-7 हजार लोग थे जब रैली गुजर गयी तो मैं और चंद्रबक्श सिंह उस दिन बलदेव सिंह के घर गये क्योंकि उस दिन बलदेव सिंह का जन्मदिन था इसके बाद मेरी मुलाकात ज्ञान प्रकाश मिश्र, अवधेश राय या अभयसिंह से पुन: 1991 के बरसात के मौसम में ही हुई ।

1991 में मै ठेकेदार मन्नालाल तिवारी जो भिलाई स्टील प्लान्ट में ठेकेदारी का काम करते है के साथ काम करने लगा, मैने भी उनके काम में अपनी तरफ से 8-10 हजार रूपये लगाये थे उनके साथ मैने मोदी सीमेंट कम्पनी में भी काम किया लेकिन दोनो ही जगह के काम में मुझे घाटा हुआ और मै पुन: बेकार हो गया और अपने गांव चला गया, ।

गांव में मेरे जीजा जी, जो भिलाई में ही रहते है आये और मुझे सूचना दी कि चंद्रबक्श सिंह और बलदेव सिंह ने मुझे भिलाई में अतिशीघ्र बुलाया है मेरे जीजा जी ने मुझे ये भी बताया कि बलदेव सिंह और चंद्रबक्श सिंह ने कहा कि वे मेरे लिये कही नौकरी का प्रबंध कर रहे है मै बरसात के समय भिलाई आ गया वापिस भिलाई आकर मै चंद्रबक्श सिंह और बलदेव सिंह से मिला उन्होने बताया कि हम लोग ज्ञान प्रकाश मिश्र के पास जायेंगे । और उन्हे हम लोगो को कोई नौकरी दिलाने के लिये कहेंगे । बलदेव सिंह और चंद्रबक्श सिंह भी बेकार ही थे । भिलाई वापिस आने के 3-4 रोज बाद चंद्रबक्श सिंह और बलदेव सिंह के साथ मै बलदेव सिंह के स्कूटर पर ज्ञान प्रकाश मिश्र से मिलने उनके घर गया । वहा उनके नौकर, के बुलाने पर ज्ञान प्रकाश मिश्र बाहर आये, हम लोग ज्ञान प्रकाश मिश्र साहब के साथ उनके घर के सामने सडक के दूसरी तरफ पडे बल्ले पर बैठे और वही उनसे नौकरी. के विषय में चंद्रबक्श सिंह और बलदेव सिंह ने बातचीत की । ज्ञान प्रकाश मिश्र ने आश्वासन दिया कि वे प्रयत्न करेंगे । और हम लोगों के लिये कोई अच्छी सी नौकरी देखकर दिला देंगे । चूंकि हम तीनो ही बेकार थे, । और ज्ञान प्रकाश मिश्र भी

जब वो अपनी लूना से आ रहा था हमला किया उमाशंकर की पिटाई में इन लोगों ने राड वगैरह का इस्तेमाल किया उमाशंकर की पिटाई के बाद ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने चन्द्रबक्श सिंह और बलदेव सिंह को एक लाल रंग की टी.वी. एस. सुजुकी मोटर सायकिल जिसका नम्बर एम.पी. 24 बी. 1707 था ये कहकर दी थी कि ये चन्द्रकान्त शाह, मोगवाल आयरन स्टील इंडस्ट्री वाले ने दी है और इसका इस्तेमाल नियोगी साहब कहां कहां भाषण के लिये उपस्थित होते है का पता लगाने के लिये कियाजाये इस बात को मुझे चन्द्रबक्श सिंह, और बलदेव सिंह ने कहा था उपरोक्त टी.वी.एस. सुज्जुकी मोटर साईकिल मिलने के बाद हम तीनो ही, इस पर घूमते थे, एक बार इसी मोटर साईकिल पर हम तीनों यानि मैं चन्द्रबक्श सिंह, और बलदेव सिंह ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अभय सिंह और अवधेश राय के साथ सिमप्लेक्स कारखाने में नवीन शाह से मिलने के लिये गये हम लोग वहां ज्ञान प्रकाश मिश्रा के कहने पर गये थे वहां पर चन्द्रबक्श सिंह, बलदेव सिंह और मैं बाहर ही रहे और ज्ञान प्रकाश अभयसिंह, एवं अवधेश, राय अंदर नवीन शाह के पास बातचीत करने गये नवीन शाह के पास बातचीत करने वापिस आकर ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने हम लोगों को सबके सामने बताया कि नवीन शाह ने कहा है कि अभी नियोगी साहब दिल्ली गये हुये है, उनके दिल्ली से वापिस आते ही उन्हे जान से मारना है, ।

उसके बाद अभयसिंह, के घर में 15-20 दिन के अंदर 3-4 बार खाने पीने का प्रोग्राम हुआ, इसमें मुर्गा, और मटन वगैरह बना। इन अवसरों पर मैं चन्द्रबक्श सिंह, बलदेव, सिंह, दोनो ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अभयसिंह, अवधेश राय उपस्थित थे। उपरोक्त लोगों के अलावा, एक या 2 बार बी.के.सिंह जो बी.ई.सी. में कामकरता है, भी ज्ञान प्रकाश मिश्रा, के कहने पर आया बी.के.सिंह को बुलाने के लिये ज्ञान प्रकाश ने चिट्ठी देकर अवधेश राय और चन्द्रबक्श सिंह को भेजा था। इन अवसरों पर अक्सर ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अभयसिंह, अवधेश राय से नियोगी के विषय में बात करते थे, वे लोग ये कहते थे कि नियोगी न खुद चैन से रह रहा है और न ही हम लोगों को चैन से रहने दे रहा है। जब अभय सिंह, के यहां खाने पीने का प्रोग्राम, था 2 बार वहां रवि उर्फ पलटन भी आया जो अभय सिंह के घर के सामने ही रहता था रवि जब वहां आया तो उसने भी खाना आदि खाया। ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने ये कहते हुये रवि का परिचय कराया कि

P.W.-57 (114)

27/9/91 को करीब 9/30 बजे रात को मैं चंद्रप्रकाश सिंह और बलदेव सिंह ज्ञान प्रकाश मिश्रा के घर बलदेव सिंह के स्कूटर से गये । वहाँ पहुँचने पर हम लोगों ने देखा कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा के घर के सामने खड़े तख्त के नजदीक देवू भाई और सूरज भाई 5-6 और लोगों के साथ खड़े थे, देवू भाई ने चंद्रप्रकाश सिंह से पूछा, कि हम लोगों को ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने यहां बुलाया थां, पता नहीं वो कहां चला गया, क्या तुम्हे पता है कि वह कहां गया हो सकता है ' चंद्रप्रकाश सिंह ने कहा कि हो सकता है वो के.के. शा के पास एस.पी. हार्डिंग रोड कालोनी उनके घर चला गया हो । देवू भाई और चंद्रप्रकाश एवं मैं देवू भाई की मारुति से के.के. शा साहब के घर गये, वहाँ नौकर से पता चला कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा वहाँ नहीं आया, । इस बीच अभय सिंह वहाँ पहुंच गया और बोला, कि उसे भी ज्ञान प्रकाश कहीं नहीं मिला और कहा कि काफी देर हो गयी अपने अपने घर जाओ । हम लोग, फिर चले गये, अगले दिन यानि 28/9/91 को सुबह, सवेरे नियोगी जी की हत्या के बारे में मालूम हुआ ।

चंद्रा मौर्या सिनेमा के साईकिल स्टैंड को ठेकेदार को ठेके पर देना था श्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने ये ठेका अवधेश राय के नाम से लिया था जो कि दिनांक 1-10-91 से ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अभय सिंह, और अवधेश राय ने शुरू किया । 1-10-91 से 30-40 दिन पहले ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अवधेश राय और अभय सिंह ने चंद्रप्रकाश सिंह, बलदेव सिंह और मुझे, बताया कि ये सायकिल स्टैण्ड का ठेका ले रहे है इसमें हम तीनो यानि चंद्रप्रकाश सिंह बलदेव सिंह और मैं, काम करेंगे और हमें कम से कम 500-600 रूपये प्रतिमाह मिलेगा, और इसके अलावा 20 रूपये प्रतिदिन का भत्ता भी होगा, हमें ये भी कहा गया कि यदि ठेके में ज्यादा मुनाफा हुआ तो महीने में 500-600 के स्थान पर 1000-1100 रूपये भी दे देंगे । ठेका लेने पर थियेटर वाले को 20-25 हजार रूपये प्रतिमाह देना था जो ज्ञान प्रकाश , अभय सिंह, और अवधेश राय ने दिया,

P W-58

26.11.91

बयान : बयाने श्री विजय सिंह ठाकुर उर्फ पप्पू पुत्र श्री रघुराज सिंह ठाकुर, निवासी -मोतीपारा, अपोजिट हनुमान मन्दिर, वार्ड नं0 23, दुर्ग, टेलीफोन नं0- 3131।

.....

मैं उपरोक्त पते पर सपरिवार रहता हूँ और एल0आई0सी0 दुर्ग में एजेंट का काम करता हूँ एवं बी0कॉम0 पी0 फाईनल ईयर में और एक्स स्टूडेंट पढ़ाई भी कर रहा हूँ। हमारे मेरे पिता जी व उनके दो भाईयों के नाम होटल मान बुलाजी एवं ढाबा, मोती पारा को भी मैं अपने चचेरे भाईयों के साथ चलाता हूँ। हमारा परिवार गाँव अतर्रा, जिला बांदा, यू0पी0 से यहाँ पर करीब 80 साल से स्थापित हुआ है।

मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा निवासी भिलाई कैम्प-1 को अरसा करीब 3-4 साल से जानता हूँ क्योंकि वो मेरे साथ साईंस कालेज दुर्ग में पढ़ता था। अवधेश राय भी ज्ञान प्रकाश के साथ कभी कभी कालेज में मिलने आता था तभी से उसको भी मैं जानता हूँ और अभय सिंह को मार्च/अप्रैल 1991 से जानता हूँ। क्योंकि वो भी ज्ञान प्रकाश मिश्रा के साथ हमारे घर मिलने आता था।

मेरे दोस्त देवेन्द्र पाटनी उर्फ देबू, निवासी दुर्ग, का एक प्लाट ज्ञान प्रकाश मिश्रा के घर के पीछे की तरफ है जिस पर पड़ोसियों ने कब्जा करने की नीयत से थोड़ा थोड़ा चारों ओर से घेर लिया है। देवेन्द्र पाटनी उर्फ देबू ने ज्ञान प्रकाश मिश्रा को यह प्लाट देने का वायदा किया था और ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने इसको पड़ोसियों से खाली करवाने का फैसला किया था और वो इस प्लाट को लेना चाहता था। इसके लिये ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अभयसिंह, अवधेश राय, बलदेव सिंह, छोटे पहलवान, महेन्द्र, हितेश भसीन उर्फ टोनी अक्सर देबू से मिलने दुर्ग आते थे, जहाँ मैं भी उनसे मिलता था और हम अक्सर देवेन्द्र पाटनी के आफिस विश्वनाथ मिनरल्स, शीला होटल के पास में खड़े होकर बात चीत करते थे और हम सब काफी बार खाना पीना भी साथ खाते थे। देबू भी ज्ञान प्रकाश मिश्रा से दोस्ती बढ़ाता था क्योंकि दुर्ग में देबू का संतोष, सूर्या इत्यादि के साथ झगड़ा था जो उन पर दबदबा दिखाने के लिए ज्ञान प्रकाश मिश्रा व उसके साथियों की मदद चाहता था।

अगस्त, सितम्बर 1991 में करीब 10-15 बार ज्ञान प्रकाश मिश्रा अपने इन साथियों, अवधेश राय, अभय सिंह, बलदेव, छोटे व टोनी के साथ मेरे से व देबू से मिलने दुर्ग आए थे। वे कभी दिन में आते थे और कभी शाम के समय। इनके पास हीरो होंडा, काइनेटिक होंडा, लूना व एक लाल रंग की टी0वी0एस0 सुजुकी गाड़ियाँ होती थीं।

......2/...

शंकर गुहा नियोगी की हत्या के करीब 10-15 दिन पहले मैं और देवेन्द्र पाटनी शाम को अभय सिंह के घर में जो कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा के घर के पास में ही है, करीब 7·30 बजे एक मारुति कार में उनसे मिलने पहुंचे थे जहाँ मुझे ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अभय सिंह, हितेश उर्फ टोनी, बलदेव, छोटे पहलवान वगैरह मौजूद मिले जिनसे हमारी बातचीत हुई। वहाँ हमने खाना खाया और करीब 11 बजे वहाँ से अपने घर के लिए चल दिये।

नियोगी की हत्या के करीब एक सप्ताह पहले ज्ञान प्रकाश मिश्रा के संदेश पर मैं और देवेन्द्र पाटनी एक जिप्सी में 1/2 बजे अभय सिंह के घर पर पहुंचे, वहाँ पर हमें अभय सिंह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा, छोटे पहलवान व एक और लड़का जिसका नाम हमें ज्ञान प्रकाश मिश्रा से रवि उर्फ पलटन मालूम पड़ा, भी मौजूद था। उस समय रवि टी शर्ट व जींस पहने हुए वहाँ बैठा था। ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने रवि उर्फ पलटन से बातचीत की और वहाँ कुछ देर रुकने के बाद में, देवेन्द्र पाटनी, अवधेश राय और ज्ञान प्रकाश साडा में आए और उसके बाद हम दोनों वापिस दुर्ग पहुंच गए। मैं रवि उर्फ पलटन को देखने पर पहचान सकता हूँ।

नियोगी हत्याकांड के लगभग 20-25 दिन पहले देवेन्द्र कुमार पाटनी उर्फ देबू के माँगने पर ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने, एक इम्पोर्टेड रिवाल्वर ·25 बोर का काले रंग का जो छोटे साईज का था और पॉकेट में आसानी से आ जाता था, देबू को दिया था। ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने देबू के दफ्तर शिवनाथ मिनरल्स में बताया था कि उसने चंद्रकांत शाह से यह रिवाल्वर लेकर देबू को दिया है। मैंने देबू के पास वो रिवाल्वर अच्छी तरह से देखा था। नियोगी की हत्या के करीब 7-8 दिन पहले एक दिन जब मैं और देबू, देबू के आफिस में बैठे थे तो चंद्रकांत शाह शाम को करीब 8 बजे आया और देबू से अपना रिवाल्वर वापिस ले गया। नियोगी हत्याकांड के बाद यही रिवाल्वर पुलिस ने देबू से बरामद किया था, ऐसा लगता है कि वही रिवाल्वर देबू चंद्रकांत शाह से वापिस लाया था।

उसके 3/4 दिन बाद यानि नियोगी की हत्या के 2/3 दिन पहले शाम को करीब 8/8·30 बजे ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अभय सिंह, हितेश उर्फ टोनी, अवधेश राय, रवि उर्फ पलटन, बलदेव, छोटे पहलवान और महेन्द्र प्रताप सिंह देवेन्द्र पाटनी उर्फ देबू के दफ्तर में शिवनाथ मिनरल्स में हमसे मिलने आए, मैं वहां मौजूद नहीं था लेकिन अभय सिंह व अवधेश राय मुझे मेरे होटल मान से मुझे बुलाकर देबू के उपरोक्त दफ्तर ले गए जहाँ देबू पहले ही इनके साथ मौजूद था। वे सब अपनी अपनी टू व्हीलर्स पर वहाँ पहुंचे थे जिसका मैंने पहले भी जिक्र किया है। वहाँ हमने आधे

PW-58...

घंटे तक बातचीत की । उसके बाद हम सब देबू की जिप्सी नम्बर एम0आई0एस0-5555 में बैठकर करीब 10 बजे रात दुर्ग में हो हन्ना ढाबा जोकि शिवनाथ नदी पर है, खाना खाने गए, वहाँ हमने खाना खाया । वहाँ रवि उर्फ पलटन जिप्सी से उतर नहीं रहा था और अपने को छुपाने की कोशिश कर रहा था तो ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने बाद में उसको खाना ... और हम अपने वहाँ पर खाना खाया । उसके बाद हम सब वापिस शिवनाथ मिनरल्स दफ्तर आफिस आ गए और करीब 12 बजे रात के ये सब अपनी अपनी गाड़ियों पर बिदाई के लिए वहाँ से चल दिए।

उसके बाद देवेन्द्र पाटनी व सूरज सोनोरिया 27.9.91 को शाम करीब 9/10 बजे ज्ञान प्रकाश मिश्रा से मिलने उसके घर गए थे । मुझे बाद में मालूम पड़ा कि उस दिन इनको ज्ञान प्रकाश मिश्रा मिला नहीं ।

28.9.91 को करीब 9 बजे दिन में ज्ञान प्रकाश मिश्रा अपने काइनेटिक होंडा पर मुझसे मिलने मेरे घर आया, वह घबराया हुआ था और मेरे नजदीक आकर बोला "किसी को बताना नहीं, हमने बीती रात नियोगी को मार डाला" और कहा कि देवेन्द्र पाटनी (देबू) व सूरज को बताना है कि वो उसके (ज्ञान प्रकाश) के घर पर न पहुँचे क्योंकि वहाँ माहौल खराब है । फिर मैं व ज्ञान प्रकाश मिश्रा देवेन्द्र पाटनी के घर पहुँच गए । उसके बाद ज्ञान प्रकाश मिश्रा, मैं और देवेन्द्र पाटनी देबू के दफ्तर शिवनाथ मिनरल्स में इन्दिरा मार्केट दुर्ग में पहुँचे और हमने वहाँ 15/20 मिनट तक बातचीत की । देवेन्द्र पाटनी को भी ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने नियोगी को जान से खत्म करने की बात बताई । उसी समय रवि उर्फ पलटन अपनी लाल रंग की टी0वी0एस0 सुजुकी मोटर साईकिल पर आया और देबू के इस आफिस के सामने मोटर साईकिल खड़ी करके दफ्तर में आया जहाँ पर मैं, देबू व ज्ञान प्रकाश मिश्रा बैठे थे । ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने रवि उर्फ पलटन से अलग से बात की, उसके बाद ज्ञान प्रकाश मिश्रा के कहने पर कि पलटन को रुपए देने हैं, देबू ने मेरे सामने अपने गल्ले से व जेब में से पैसा जोकि करीब 10-15 हजार रुपया होगा ज्ञान प्रकाश को दे दिया जो कि 100-100 के नोट थे । रवि उर्फ पलटन भी वहीं मौजूद था । ज्ञान प्रकाश ने भी अपनी जेब से एक पचास के नोटों की गड्डी निकाली और उसको मिलाकर सारे रुपए उसने हमारे सामने पलटन उर्फ रवि को दे दिए और कहा कि "तुम गाँव चले जाओ और 1/2 महीने बाद आना"। उसके बाद रवि उर्फ पलटन अपनी लाल रंग की उसी मोटर साईकिल टी0वी0एस0 सुजुकी में चला गया और ज्ञान प्रकाश मिश्रा करीब आधे घंटे तक हमारे साथ बातचीत करता रहा। बातचीत में पूछने पर ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने बताया कि जो नोटों की गड्डी उसने

Extra Judicial confession of G.P.

Red colour

...4/...

अपनी जेब से निकाल कर रा[illegible] उर्फ पल्टन को दी थी, वह रुपये उसे चंद्रकांत शाह ने उसी दिन सुबह दिए थे जब वह चंद्रकांत के घर गया था ।

उसके करीब 3 दिन बाद यानि 30 सितम्बर या 1 अक्टूबर को चंद्रकांत शाह को सफेद फियट कार में ज्ञान प्रकाश मिश्रा मुझे शाम को करीब 8 बजे अकेला दुर्ग में सूर्या जुआ कारनर के पास [illegible] और पूछा कि देबू कहाँ है तो मैंने बताया कि मुझे पता नहीं है । [illegible] और कोई खास बातचीत नहीं हुई और वो वहाँ से चला गया ।

उसके बाद 4 या 5 [illegible] 1991 को शाम को करीब 5/5.30 बजे अभय सिंह, ज्ञान प्रकाश [illegible] दोनो अपनी दु व्हीलर्स गाड़ियों पर मेरे भान होटल दुर्ग में आए और [illegible] किया और देबू के बारे में पूछा । मैंने पूछा कि क्यों देबू को पूछ रहे हो तो उन्होंने कहा कि अवधेश राय को नियोगी की हत्या के लिए पुलिस ने पकड़ लिया है और उसे (ज्ञान प्रकाश मिश्रा) पुलिस सीधा उठाने की हिम्मत नहीं कर रही है [illegible] लिए दुर्ग कोर्ट से उसका 107 के केस में वारंट निकलवाया है ताकि पुलिस उसे गिरफ्तार करके नियोगी की हत्या के बार में पूछताछ कर सके । उसने बताया कि जो आज दुर्ग कोर्ट अवधेश की पैरवी के लिए आया था, वहीं उसे यह मालूम पड़ा और उसके बाद वो दोनों सीधे देबू के दफ्तर शिवनाथ मिनरल्स, जहाँ वो नहीं मिला, से होकर मेरे पास आए हैं । उसने बताया कि इस वारंट को कैंसिल करवाने के लिए उसे देबू की मदद की जरूरत थी।

मेरे होटल में 30-35 मिनट बैठने के बाद देबू का पता करने के लिए मैं और ज्ञान प्रकाश मिश्रा देबू के घर गए और अभय सिंह व दोनो देबू के दफ्तर शिवनाथ मिनरल्स पहुँच गए । देबू हमें घर पर नहीं मिला और हम दोनों भी उसके दफ्तर शिवनाथ मिनरल्स में पहुँच कर बैठ गए और वहीं देबू का इन्तजार किया जो करीब 7-7.30 बजे वहाँ पहुँचा । वहीं बैठकर हम सबने बातचीत की ।वहाँ देबू ने कहा कि वो वारंट कैंसिल करा लेगा तब-तक अभय सिंह व ज्ञान प्रकाश 4/5 दिन के लिए यहाँ से कहीं बाहर चले जाएं । उसके बाद दोनो व अभय सिंह दोनो की हीरो होंडा मोटर साईकिल पर बैठकर भिलाई के लिये चल दिए । फिर हम वहाँ और आधे घंटे तक बैठे रहे । उसके बाद मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा, देवेन्द्र पाटनी, देबू की एम्बेसडर कार में अभय सिंह के घर भिलाई कैम्प-1 में पहुँचे, यहाँ अभय सिंह मिला जिसने अपना सामान बाँधा हुआ था । वहाँ से अभय सिंह ने अपना सामान उसी कार में डाला और जल्दी ही हम चारों यानि मैं, देबू, ज्ञान प्रकाश मिश्रा व अभय सिंह दुर्ग के लिए चल पड़े । दुर्ग पहुँचकर ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने देबू को अपनी ही एम्बेसडर कार बाहर जाने के लिए देने को कहा तो देबू ने कहा कि वो गाड़ी

खतरा है, तो देबू द्वारो गाड़ी, मारूति वैन सफेद रंग, किराए की टैक्सी जो दुर्ग टैक्सी स्टैंड से चलती है, जाकर खुद लाया । देबू ने ज्ञान प्रकाश मिश्रा को कहा कि वो 2/3 दिन के पचमढ़ी घूमने चला जाए और रविवार या मंगलवार को शाम यानि 7/8·10·91 को उसके जीजा के घर छिंदवाड़ा में वे दोनों पहुँच जाएं जहाँ वो (देबू) उनको टेलीफोन पर बता देगा कि वारंट कैंसिल होने का क्या हुआ । वह रात के 12 और 1 बजे के बीच की बात है । उस समय ज्ञान प्रकाश मिश्रा व अभय सिंह को वैन में बैठे जिसमें देबू खुद पैट्रोल की टंकी फुल करा कर वहाँ लाया था, उस वक्त गाड़ी लाने अभय सिंह भी देबू के साथ गया था व मैं और ज्ञान प्रकाश मिश्रा उनका इन्तजार देबू की दल मिल के आफिस में बैठे कर रहे थे । उसके बाद ज्ञान प्रकाश मिश्रा और अभय सिंह उस मारूति वैन में बैठकर पचमढ़ी के लिए चले गए, देबू ने वैन के ड्राईवर को उनको पचमढ़ी छोड़कर वापिस आने को बोला था ।

8/9·10·91 को शाम को देबू ने मुझे अपने दफ्तर में बताया कि उसको छिंदवाड़ा बात हो गई है और ज्ञान प्रकाश व अभय सिंह उसके जीजा के घर छिंदवाड़ा पहुँच गए हैं । देबू ने बताया कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा को अपना वारंट कैंसिल कराने के लिए दुर्ग कोर्ट में हाजिर होना पड़ेगा । दिनांक 9·10·91 को वहाँ मेरे सामने देबू ने अपने आफिस के एस0टी0डी0 फोन से छिंदवाड़ा अपने जीजा से रात के 11 बजे बात की और ज्ञान प्रकाश मिश्रा से भी बात की और बताया कि वारंट कैंसिल कराने के लिए उसको कोर्ट में 10 तारिख को हाजिर होना ही पड़ेगा तो ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा कि ठीक है वो वापिस दुर्ग आ जाएगा, तो देबू ने कहा कि दुर्ग स्टेशन पर ना उतरे बल्कि राजनांदगांव उतरे क्योंकि दुर्ग स्टेशन पर पुलिस के पकड़ने का खतरा है, तो ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा कि वो दोनों बम्बई हावड़ा मेल से 10 तारिख को दोपहर बाद राजनांदगांव करीब पौने चार बजे पहुँचेंगे । मैंने भी उस वक्त ज्ञान प्रकाश से बात की थी और उसका हालचाल पूछा था । फिर देबू ने मुझे कार या टैक्सी से अगले दिन उन दोनों को राजनांदगांव स्टेशन से लेकर आने को कहा ।

अगले दिन यानि 10·10·91 को सुबह 10/11 बजे देबू ने मुझे बताया कि वो आज कोर्ट का काम देख लेगा और मैं राजनांदगांव स्टेशन चला जाऊँ ।

उसके बाद मैं करीब 3 बजे टैक्सी स्टैंड से एम्बेसेडर कार टैक्सी, जिसे मेरे दोस्त बलदेवार द्वारा दिलवाया गया था, ले राजनांदगांव स्टेशन के लिए चल पड़ा । वहाँ ज्ञान प्रकाश मिश्रा व अभय सिंह करीब 3·45 बजे स्टेशन पर उतरे, मैंने

उनको अभय सिंह के घर पर पुलिस रेड की बात बतलाई । हम तीनों सीधे दुर्ग कोर्ट वाली साहब की कोर्ट में पहुँचे । जहाँ ज्ञान प्रकाश मिश्रा का वकील अशोक यादव था, उसका वारंट कैंसल करवाया फिर मैं ज्ञान प्रकाश उसी कार पर वापिस आ गए और ज्ञान प्रकाश ने अभय सिंह को गाँव जाने को कहा । वहाँ से हम तीनों देबू के आफिस में आ गए । वहाँ अभय सिंह को छोड़ दिया और मैं और ज्ञान प्रकाश मेरे दोस्त विक्की की माँगी हुई गाड़ी हीरो होंडा पर बैठकर ज्ञान प्रकाश के घर पहुँच गए और 5 मिनट बाद मैं व ज्ञान प्रकाश वापिस उसी गाड़ी पर देबू के आफिस पहुँचे तो देबू ने बताया कि उसने अभय सिंह को दुर्ग स्टेशन पर सारनाथ जाने के लिए छोड़ दिया है । फिर मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा को वापिस उसके घर छोड़ कर आया । अगले दिन पेपर में मुझे पता लगा कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा को पुलिस ने पकड़ लिया है ।

चंद्रकांत शाह को मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा व देबू के साथ सूरज कांकरिया के दफ्तर में 2/3 बार मिला हूँ और मैं उनको पिछले 2/3 साल से जानता हूँ । मैं चंद्रकांत शाह के बड़े भाईयों मूलचंद शाह व नवीन शाह को भी जानता हूँ । पिछले काफी समय से यानी करीब एक साल से सिम्पलैक्स इंडस्ट्रीज में मजदूरों की हड़ताल चल रही थी जिससे कम्पनी नुकसान में थी जैसा कि मुझे ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने बताया था । ज्ञान प्रकाश मिश्रा व चंद्रकांत शाह गहरे दोस्त हैं व सिम्पलैक्स ग्रुप की इंडस्ट्रीज में मजदूरों के झगड़ों के समय चंद्रकांत शाह, ज्ञान प्रकाश मिश्रा व उपरोक्त नाम बताए गए उसके साथियों की मदद लेता था और ज्ञान प्रकाश व उसके साथी हड़ताली मजदूरों के साथ मारपीट करते थे । चंद्रकांत शाह ने अपने पाटन वाले ईंट भट्ठे को चालू करने व लाभ कमाने के लिए ज्ञान प्रकाश मिश्रा के सुपुर्द किया था जिसको ज्ञान प्रकाश मिश्रा संभालता था । जहाँ तक मुझे लगता है चंद्रकांत शाह उसके परिवार के कहने पर ही ज्ञान प्रकाश मिश्रा और रवि उर्फ पलटन ने नियोगी की हत्या की है । चंद्रकांत शाह बहुत ही गुस्सैल, झगड़ालू व बदमाश प्रवृत्ति का आदमी है क्योंकि चंद्रकांत शाह व ज्ञान प्रकाश दोनों ही कुख्यात गुंडे हैं इसलिए इनके डर की वजह से यह सब बातें मैंने किसी को नहीं बताई ।

TC

मेरे समक्ष

होशियार सिंह

निरीक्षक

सी0बी0आई0/एस0आई0सी02

कैम्प भिलाई

पी.डब्ल्यू-58

आर.सी.-9(एस)91।

तारीख 20/12/91

ब्यान (नतीजा) श्री विक्रम सिंह ठाकुर पुत्र श्री रघुराज सिंह ठाकुर नि. मोतीपारा वार्ड नं. 23 दुर्ग.

PW-58

--00--

मैं श्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा उर्फ बाबू को पिछले कई वर्षों से जानता हूँ मैं और ज्ञान प्रकाश मिश्रा शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय दुर्ग में इकट्ठे ही पढ़ते थे। मैं बी.काम में था और ज्ञान प्रकाश बी.ए.में, हम लोग अच्छे दोस्त बन गये थे और हमारा उसका मिलना जुलता था, ज्ञान प्रकाश का घर कैम्प । में है और कालेज से उसके घर की दूरी 7-8 कि.मी. है मेरे घर से कालेज की दूरी लगभग 1 कि.मी. है कभी कभी ज्ञान प्रकाश मेरे पास पत्र भी लिखकर किसी किसी के हाथ अपने जानने वाले लड़के के हमारे कालेज में दाखिले के सम्बन्ध में भेजता था पढ़ाई के दौरान उसकी लिखाई देखने का भी अवसर मिलता रहता था अतः मैं उसकी हिन्दी और अंग्रेजी कि लिखाई अच्छी तरह पहचानता हूँ।

आज मुझे हिन्दी में लिखे तीन पत्र दिखाये गये जिनमें दो पत्र लाइन वाले कागज पर लिखे गये है और जिन पर 12/11/91 के दो हस्ताक्षर (गवाहों के) है और जिनमें से एक पत्रों में तारीख पड़ी है एक में नहीं एक पत्र की तारीख 4/2/89 है तीसरा पत्र सादे कागज पर लिखा है, और जिस पर भी 12/11/91 की तारीख के साथ दो हस्ताक्षर है और जिस पर 13/4/87 तारीख पड़ी है। इन तीनो पत्रों के देखने के बाद मैं ब्यान करता हूँ कि ए तीनो ही पत्र ज्ञान प्रकाश कि लिखाई में है और इन तीनो पत्रों पर मैं उसकी हस्तलिपि पहचानता हूं इन तीनो पत्रों में हस्ताक्षर भी ज्ञान प्रकाश मिश्रा के ही है। मुझे पथुलन कास्माटिक्स का एक कैशबिल नं. 10362 दिखाया गया जिसके पीछे अंग्रेजी में लिखावट है स्याही में। इस लिखावट को देखने के बाद मैं पहचानता हूं कि यह अंग्रेजी कि लिखाई श्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा के हाथ की है।

//सत्यप्रतिलिपि//

मेरे समक्ष
हस्ता/सही,
रा.स.प्रसाद,
20/12/91
उ.पु.अ. कैम्प भिलाई.

दिनांक : 1·12·91

बयान श्री देवेन्द्र कुमार पाटनी उर्फ देबू पुत्र श्री गुलाब चन्द पाटनी, निवासी- जैन गली, सदर बाजार, दुर्ग।

PW-59

मेरा जन्म दुर्ग में ही हुआ व मैं वहीं पढ़ा लिखा। मैंने सन् 1977 में एम0 काम0 किया व उसके बाद अपने पारिवारिक व्यवसाय में लग गया। हमारे परिवार को दो दल मिल, एक पोवा मिल व एक चावल मिल हैं।

मार्च 1991 में मैंने मानसिंह, रतनाकर राव, मोहन खंडेलवाल व राकेश शर्मा के साथ मिलकर मध्य प्रदेश मिनरल्स कार्पोरेशन से शिवनाथ नोद की रेती की खदानों का ठेका 20 लाख रुपए में लिया। इसके लिए हमने शिवनाथ मिनरल्स के नाम से फर्म बनाई जिसका दफ्तर इन्दिरा मार्केट दुर्ग में है। मार्च 1991 से मैं शिवनाथ मिनरल्स के दफ्तर में ही बैठता हूं।

मेरा एक प्लाट कैम्प नं0 1 भिलाई में है जिसपर बिहारी लोगों ने जबरदस्ती कब्जा कर रखा है। मेरा काफी समय से अनिल जैन दुर्ग वाले से झगड़ा चल रहा है। अनिल जैन ने संगीत सूर्या नामक गुंडे को मेरे पीछे लगा रखा है व संगीत सूर्या ने मुझे कई बार जान से मारने की धमकी दी है। एक बार मैंने संगीत सूर्या को, जब वो मेरे से जबरदस्ती पैसे वसूलने आया था, पुलिस से पकड़वा दिया जिसके बाद वो मेरे ज्यादा ही पीछे पड़ गया। मैं एक तो अपने प्लाट के चलते व दूसरे संगीत सूर्या के कारण काफी परेशान रहता था। इन सबसे निबटने के लिए मेरे दोस्त विक्रम सिंह ठाकुर ने अब से करीब 6-7 महीने पहले मेरी मुलाकात ज्ञान प्रकाश मिश्रा जो कैम्प -1 भिलाई में रहता है, से कराई। ज्ञान प्रकाश मिश्रा का नाम मैंने काफी पहले से सुन रखा था। वो अपने इलाके का बदमाश है। ज्ञान प्रकाश मिश्रा के बारे में मैंने ये भी सुन रखा था कि वो सिम्पलैक्स ग्रुप वालों का खास आदमी है व मैंने सुना था कि वो उनके कहने से कई मजदूर नेताओं को पिटवा चुका है। मैंने ये सोचते हुए कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा मेरा काम करवा सकता है, उसी बात की। ज्ञान प्रकाश मेरे प्लाट को खाली कराने के लिए राजी हो गया व कहा कि अगर मैं चाहूं तो प्लाट उसे दे दूं वो मेरे जितने पैसे लगे हैं, मुझे दे देगा। संगीत सूर्या के बारे भी ज्ञान प्रकाश ने कहा वो उससे निपट लेगा।

------2

 PW-59

मेरे को ज्ञान प्रकाश की बातों से बड़ी राहत मिली व मैंने सोचा मेरे सब काम ठीक हो जायेंगे ।

इसके बाद मेरा ज्ञान प्रकाश के यहां आना जाना शुरू हो गया । ज्ञान प्रकाश से मुलाकात के बाद मेरा परिचय उसके आदमियों अभय सिंह, अवधेश राय, रवि, बलदेव सिंह, छोटू पहलवान व टोनी आदि से हुआ । ये सभी ज्ञान प्रकाश के खास आदमी हैं व उसके साथ ही रहते व घूमते फिरते हैं । ज्ञान प्रकाश व उपरोक्त सभी लड़कों का ज्यादातर उठना बैठना ज्ञान प्रकाश के घर के सामने टेलर की दुकान के आगे व अभय सिंह के घर पर रहता था । मैं माह अगस्त व सितम्बर 1991 में कई बार ज्ञान प्रकाश, अभय सिंह, रवि, अवधेश, बलदेव व छोटू से मिला हूं । ये सभी मेरी दुकान शिवनाथ मिनरल्स में भी आते थे । तीन-चार बार मैंने इनके साथ शिवनाथ नदी के पास खन्ना ढाबे पर खाना भी खाया है । नियोगी की हत्या के 2-3 दिन पहले भी मैंने व विक्रम सिंह ने ज्ञान प्रकाश, अभय सिंह, अवधेश राय, रवि, बलदेव सिंह, छोटू व टोनी के साथ खन्ना ढाबे पर रात में खाना खाया था । उस दिन रवि गाड़ी से नहीं उतर रहा था (मेरी जिप्सी) जिसे बाद में मिश्रा ने बाहर बुलाया तो उसने खाना खाया ।

अगस्त 1991 में मुझे मेरे एक रिश्तेदार का दाखिला बी0आई0टी0 में कराना था । क्योंकि बी0आई0टी0 में सिम्पलैक्स ग्रुप का एक कोटा है तो मैंने ज्ञान प्रकाश से इस बारे बात की । ज्ञान प्रकाश मुझे लेकर मूलचन्द शाह के पास गया व दाखिले के बारे में बात की लेकिन मूलचन्द ने कहा वो उनके कोटे से पहले ही दाखिला करा चुके हैं । इसके बाद ज्ञान प्रकाश मुझे नवीन शाह के पास ले गया लेकिन नवीन शाह दफ्तर में नहीं मिला ।

सितम्बर माह के पहले सप्ताह में एक दिन मेरे को संगीत सूर्या के आदमियों ने घेरने की कोशिश की लेकिन मैं किसी तरह बच निकला । दूसरे दिन जब मैंने ये बात ज्ञान प्रकाश मिश्रा को बताई तो वो मेरे को लेकर चंद्रकांत शाह के पास उसके जैन शाह कम्पनी के दफ्तर आकाश गंगा गया व चंद्रकांत से मुझे एक छोटा पिस्तौल दिलाया व कहा कि मैं पिस्तौल रखूंगा तो लोगों को पता लग जायेगा व मुझे तंग नहीं करेंगे । अत: मैंने पिस्तौल रख ली । नियोगी की हत्या के बाद में ये पिस्टल मेरे से पुलिस ने बरामद कर ली ।

3

 PW-59

ज्ञान प्रकाश फिर करीब एक घंटे बाद फिर मेरे पास आया व मुझसे 5000/- रु0 और मांगे । मैंने पूछा इतने रुपयों की क्या जरूरत पड़ रही है तो ज्ञान प्रकाश ने बताया कि नवीन शाह व चंद्रकांत शाह नियोगी को मरवाने के लिए पीछे पड़े हुए थे, रात रवि ने नियोगी को गोली मार दी क्योंकि रवि को यहां से महीने दो महीने के लिए भगाना था सो जो रुपए सुबह मेरे से लिए थे वो व 4500/- रु0 जो उसने चंद्रकांत से सुबह ही लिए थे, वो सब रवि को दे दिए व अब उसके पास कुछ नहीं बचा था, अतः उसे रुपयें चाहिए । मैं ये सुनकर काफी घबरा गया । उसकी सुबह वाली बात को मैंने मजाक समझा था । मेरी घबराहट देखकर ज्ञान प्रकाश ने कहा तुम क्यों घबराते हो सब देख लेंगे । जहां तक तुम्हारे रुपयों का सवाल है वो मारे नहीं जायेंगे, नवीन शाह से ले लेना चिट्ठी लिखकर मैं दे देता हूं । इतना कह कर ज्ञान प्रकाश ने नवीन शाह के नाम चिट्ठी लिखकर मुझे दी व कहा कि नवीन शाह से 20,000/- रु0 ले लेना । ज्ञान प्रकाश को रुपया मना करने की मेरी हिम्मत नहीं हुई व मैंने 5000/- रु0 लाकर उसें दे दिए । रुपये लेकर ज्ञान प्रकाश चला गया । उसी दिन दोपहर बाद मैं आकाश गंगा गया जहां मेरी भेंट चंद्रकांत शाह से उसके दफ्तर में हुई । मैंने चंद्रकांत को बताया कि ज्ञान प्रकाश ने सुबह मेरे से कुल 19,500/- रु0 लिए थे व नवीन भाई के नाम चिट्ठी दी है । चंद्रकांत ने पूछा चिट्ठी कहां है तो मैंने चिट्ठी उसे दिखाई । चंद्रकांत ने चिट्ठी पढ़ी व हंसने लगा और कहा बेवकूफ है ये भी कोई लिखने की बात है । इतना कहते हुए चंद्रकांत ने वो चिट्ठी फाड़ दी व मुझे कहा रुपये मिल जायेंगे ।

4.10.91 को विक्रम सिंह के साथ ज्ञान प्रकाश, अभय सिंह व टोनी शाम मेरे दफ्तर पर आए । ज्ञान प्रकाश ने मुझे बताया कि पुलिस ने उसका किसी पुराने केस में वारंट निकाला है व गिरफ्तार करने के चक्कर में है अतः वो बाहर जाना चाहता है व मेरे से किसी गाड़ी का इन्तजाम करने को कहा । मैंने कहा मेरी गाड़ी तो खराब है तो उसने कहा कोई टैक्सी कर दो वो पचमढ़ी तक जायेगा । मैंने कहा ठीक है टैक्सी का प्रबंध कर देता हूं । तो ज्ञान प्रकाश ने कहा पहले उसका सामान भिलाई से ले आऊं, जिसके लिए उसने पहले ही अभय सिंह को टोनी के साथ भेज दिया था तो मैं उसके साथ अपनी अम्बैसडर में जाकर अभय सिंह के घर से सामान ले आया । विक्रम सिंह भी हमारे साथ गया था । फिर तरूण ऑटो सर्विस वाले बंटू मिस्त्री

 PW-59

से एक पार्जीत वैन का प्रबंध कर दिया जिससे ज्ञान प्रकाश व अभय सिंह दोनों रात करीब 12/1 बजे दुर्ग से पचमढ़ी के लिए रवाना हो गए । जाते समय ज्ञान प्रकाश ने मुझे भी साथ चलने को कहा जो मैंने कहा मुझे मेरे जीजा के यहां छिंदवाड़ा जाना है । इस पर उसने मुझसे मेरे जीजा के बारे पूछा कि वो क्या करते हैं, कहां रहते हैं जो मैंने उसे बता दिया । ज्ञान ने मुझे ये भी कहा कि मैं उसके वारंट के बारे पता रखूं कि कैंसिल हो गया या नहीं ।

9.10.91 को ज्ञान प्रकाश का मेरे पास टेलीफोन आया, मैंने उसे बताया वारंट कैंसिल कराने के लिए उसे अदालत में हाजिर होना पड़ेगा । उसके बाद ज्ञान प्रकाश का टेलीफोन मेरे जीजा के घर से आया व उसने बताया कि वो 10.10.91 को गाड़ी से राजनांद गांव आयेगा । जहां मैं विक्रम सिंह को कार के साथ भेज दूं । मैंने विक्रम सिंह को अगले दिन राजनांद गांव जाने को बता दिया ।

10.10.91 को ज्ञान प्रकाश व अभय सिंह, जिन्हें विक्रम सिंह राजनांद-से ले आया था, शाम को मुझे मिले तो ज्ञान प्रकाश ने बताया उसने वारंट कैंसिल करा लिया है । अभय के घर क्योंकि पुलिस का छापा पड़ा था अतः वो उसी रात सारनाथ गाड़ी से दुर्ग से चला गया ।

रवि का असल नाम मुझे बाद में पलटन होना मालूम हुआ था । उपरोक्त बातें मैंने किसी को नहीं बताई क्योंकि एक तो ज्ञान प्रकाश ने मना किया था दूसरे मुझे खुद ही उनसे डर लगता था ।

आर०ओ०एस०सी० ।

सत्य प्रतिलिपि

मेरे समक्ष
सही-
आरक्षी उपाधीक्षक
सी०बी०आई०/एस०आई०सी०-2
कैम्प भिलाई

आर.सी. 9(एस)91   PW-57 पी.डब्ल्यू -59

तारीख 17/12/91

जारी(नतीजा) बयान श्री देवेन्द्र कुमार पाटनी उर्फ देवू पुत्र श्री गुलाब चंद्र पाटनी नि. जैनगली सदर बाजार दुर्ग ।

आज मुझे 6 ( ) टुकडों में फटी 28/9/91 को हिन्दी में लिखी चिट्ठी दिखाई गई । इस पत्र को देखने के बाद मैं बयान करता हूँ कि यह वही पत्र है जिसे श्री ज्ञान प्रकाश मिश्र उर्फ ज्ञानू ने 28/9/91 को मेरे सामने लिखी थी और मुझे नवीन शाह सिम्पलेक्स कास्टिंग्स वाले से 20 हजार रुपये लेने के लिये दी थी मैं आगे बयान करता हूँ कि यह वही चिट्ठी है जिसे मैने श्री चंद्रकांत शाह को उनके जन शाह कं. के आफिस आकाश गंगा में दे दी थी और जिसे श्री चंद्रकांत शाह ने मेरे सामने ही फाड दिया था । मै इस पत्र पर श्री ज्ञान प्रकाश कि लिखावट और उनके हस्ताक्षर पहचानता हूँ जिसे उसने मेरे सामने ही लिखा था, ।

मेरे समक्ष

हस्ता/सही,

रा.स. प्रसाद

17/12/91

उप.पु.अधीक्षक,

कैम्प भिलाई,

TC

Pw 60

पी डब्ल्यू-60

दि0 9.12.91

बयान श्री रामकुमार हरमुख उर्फ बंटू मिस्त्री पुत्र स्व0 मुकुन्द हरमुख उम्र 44 साल साकिन कसारडीह दुर्ग।

....

मेरी तरुण आटो सर्विस के नाम से जी.ई.रोड दुर्ग पर मोटर गैराज है। मैं देवेन्द्र पाटनी उर्फ देबू को पिछले कई सालों से जानता हूं उसकी गाड़ियां मेरी गैराज में ही ठीक होती है। देवेन्द्र पाटनी के पास एक जिप्सी व दो अम्बेसडर कार है व उसका मेरी गैराज में काफी आना जाना है। देवेन्द्र पाटनी के साथ उनके दोस्त विक्रम सिंह, राजू महाराज, टीनू इत्यादि भी मेरी गैराज में आते हैं।

पिछले तीन चार महीने से देवेन्द्र पाटनी के साथ कुछ उनके नये दोस्त भी मेरी गैराज में आने जाने लगे जिनमें मैं ज्ञानप्रकाश व अभयसिंह को तो नाम से जानता हूं।

4 अक्टूबर 91 को शाम करीब 9/9.30 बजे जब मैं अपनी गैराज में काम कर रहा था तो देवेन्द्र पाटनी विक्रमसिंह, ज्ञानप्रकाश व अभयसिंह के साथ अम्बेसडर कार में आये व मेरे से बताया कि ज्ञानप्रकाश व अभयसिंह को 3-4 दिन के लिए पचमढ़ी जाना है व किसी गाड़ी का इंतजाम करने को कहा। मैं टैक्सी लेने के लिए बस स्टैंड गया लेकिन कोई टैक्सी नहीं मिली। मैंने गैराज लौटकर उनको बताया व कहा कि अगर ज्ञानप्रकाश व अभयसिंह मारुती वैन से जाना चाहे तो प्रबंध हो सकता है। मारुति वैन का मैंने इस लिए कहा क्योंकि उस समय कौशल देशमुख की मारुती वैन नं0 एमपी 24-ए 8256 मेरी गैराज में ही थी। कौशल देशमुख से मेरा भाई जैसा रिश्ता है वो चन्द्रपुरी दुर्ग में रहता है। ज्ञानप्रकाश व अभयसिंह वैन से जाने को तैयार हो गये तो मैंने कहा मैं वैन ड्राइवर टीकम दास साहू को ले आता हूं इस पर वे लोग देवेन्द्र के मिल चले गये व मेरे को ड्राईवर लेकर मिल पहुंचने को कहा। उनके जाने के बाद मैं वैन से टीकमदास के घर गया व उससे 3-4 दिन के लिए पचमढ़ी जाने को कहा। टीकमदास ने जाने से इंकार कर दिया क्योंकि उसका बीएसपी में नौकरी के लिए इंटरव्यू था। मैं फिर वैन से देवेन्द्र पाटनी के मिल गया व ड्राइवर के न जाने की बात बताई तो देवेन्द्र पाटनी व अभयसिंह मेरे साथ वैन में फिर टीकमदास के घर आए। देवेन्द्र पाटनी ने टीकमदास को कहा कि सिर्फ पचमढ़ी छोड़कर आ जाना वहां रुकना नहीं। टीकमदास जाने को तैयार हो गया।

इसके बाद हम टीकमदास को लेकर ढोढी पेट्रोल पंप आए जहां टैंक फुल कराया व फिर देवेन्द्र के मिल गए जहां ज्ञानप्रकाश व अभयसिंह ने मारुती में अपना सामान रखा व पचमढ़ी के लिए रवाना हो गये। वे रात करीब 1 बजे वहां से चले थे। मारुती वैन का भाड़ा वैसे तो चार रु0 प्रति किलोमीटर है लेकिन क्योंकि देवेन्द्रपाटनी ने गाड़ी भिजवाई थी इसलिए हमें हिसाब किताब की चिंता नहीं थी। टीकमदास 6.10.91 को पचमढ़ी से अकेला वापिस आया व बताया ज्ञानप्रकाश ने उसे सिर्फ 200 रु0 दिए व तेल टैंक फुल कराया था।

R.S. Jhankar

सही/9.12.91

डीवाईएसपी/सीबीआई/एसआईसी-2

न्यू रेस्ट हाउस कैंप भिलाई

सत्यप्रतिलिपि

[signature]

PW-61

पी डब्ल्यू-61

दि0 10.12.91

ब्यान श्री टीकम दास साहू आ0 मनीलाल साहू उम्र 28 साल साकिन दुर्गा चौक शंकर नगर दुर्ग ।

......

मैं गांव उतई थाना उतई जिला दुर्ग का रहने वाला हूं व पिछले 5-6 महिने से अवधेश कुमार शर्मा के मकान में उपरोक्त पते पर किराए पर रह रहा हूं । मैं माह अक्टूबर में कौशल कुमार देशमुख जो चंदखुर्द में रहते हैं, कि मारूति वैन नंबर एम0पी0 24-ए-8256 चलाता था जो मैंने करीब डेढ़ महीना पहले छोड़ दी । आजकल मैं उत्तमचंद जेठवानी उर्फ लालाजी की गाड़ी चलाता हूं ।

4.10.91 को रात मैं अपने घर सोया था कि करीब 12 बजे बंटू मिस्त्री, तरूण आटो सर्विस का मालिक उपरोक्त वैन जो मैं घर जाने से पहले देशमुख के यहां छोड़ आया था, में मेरे घर पहुंचा व मेरे को पचमढ़ी (3-4 दिन के लिए) जाने के लिए कहा । मैंने जाने से इंकार कर दिया क्योंकि मेरा 9.10.91 को बीएसपी में नौकरी हेतु इंटरव्यू था । इस पर बंटू चला गया । करीब आधा घंटा बाद बंटू देवेन्द्र पाटनी उर्फ देबू व एक अन्य आदमी के साथ फिर मेरे घर आए । देवेन्द्र पाटनी जिसको मैं पहले से जानता हूं, ने मुझे पचमढ़ी जाने को कहा तो मैंने फिर इंटरव्यू की बात बताई । इस पर पाटनी बोला कि मैं सिर्फ पचमढ़ी छोड़कर आ जाऊं । मैं तैयार हो गया व फिर उनके साथ वैन में पास छोटी पेट्रोल पंप पर गए जहां उन लोगों ने टैंक फुल कराया फिर वहां से हम देवेन्द्र पाटनी के मिल गए जहां पर दो आदमी मेरी वैन में बैठे । उनको लेकर मैं उनके कहे अनुसार पचमढ़ी गया । मैं उनको लेकर रात करीब एक बजे दुर्ग से चला व सुबह सात बजे सिवनी पहुंचे जहां एक होटल पर चाय पी । सिवनी से छिंदवाड़ा होते हुए वे मुझे पचमढ़ी में सीधे नीलाम्बर काटेज ले गए जहां पर वे दोनों रूके । मेरे को भी उन्होंने एक अलग कमरे में रखा । नीलाम्बर काटेज हम करीब 1 बजे पहुंचे थे । नहा धोकर वे मुझे खाना खाने के लिए बाहर ले गए व पाण्डव गुफा, गुप्त गुफा इत्यादि घूमें । रात को मैं वहीं काटेज में ही रहा व दूसरे दिन सुबह यानि 6.10.91 को अकेला वैन लेकर दुर्ग के लिए रवाना हो गया व शाम 8-9 बजे दुर्ग पहुंचा । उन्होंने चलने से पहले मुझे 200/ रू0 दिए व तेल टैंक भरा दिया था।

उपरोक्त दोनों आदमियों के नाम मुझे बात बात में हानू व अभयसिंह मालूम चले । मैं इन दोनों को सामने आने पर पहचान सकता हूं । मैंने हानू व अभयसिंह से पूरे पैसे इसलिए नहीं मांगे क्योंकि गाड़ी को बंटू व देवेन्द्र पाटनी ने भिजवाया था । लौटने पर जब मैंने देवेन्द्र पाटनी को बताया तो भी पता चला कि हानू व अभय सिंह ही मेरे साथ पचमढ़ी गए थे ।

पढ़कर सुनाया सही माना ।

R.S. Dhankar

सही/10.12.91

उप अधीक्षक पुलिस

सी0बी0आई0 नई दिल्ली

कैंप भिलाई

TC

[illegible]

बयान पी डब्लू 62

वीरेन्द्र कुमार सिंह आ0 श्री राम बहादुर सिंह क्षत्री उमर 21 साल सा0 चिंतामणि रायकाटोला थाना बैरिया जिला बलिया उ0प्र0 हाल मुकाम न्यू संतोषी पारा कैंप नं0 1 थाना छावनी जिला दुर्ग म0प्र.

Dred

...

मैं ग्राम चिंतामणि रायकाटोला थाना बैरिया जिला बलिया उ.प्र. का मूल निवासी हूं। गांव में खेती बाड़ी और पक्का मकान है मेरे पिताजी रायपुर पुलिस लाइन हवलदार है मेरी मां का नाम अखाड़ा मैया देवी है जो पिताजी के साथ रायपुर में रहती है हम लोग 5 भाई है सबसे बड़ा भाई राजबचन सिंह 25 साल शिवबचन सिंह 25 साल सुरेन्द्र कुमार सिंह 21 साल जिन के साथ मैं जुड़वा पैदा हुआ हूं सबसे छोटा भाई संजय कुमार सिंह है सभी भाई गांव में रहते हैं मैं मैट्रिक फेल हूं सन 1987 में बीईसी कंपनी खोज में गार्ड की नौकरी करता था 375/ रूपया वेतन मिलता था सन 1989 में मेजर बेंजामिन ने मुझे सिक्युरिटी गार्ड में फिल्ड आफिसर बना दिया है तबसे 1250/ रू0 वेतन मिलता है गार्डों की चेकिंग का काम करता हूं दि0 12 सितंबर 1991 को मुझे दुर्ग कलेक्टर से 12 बोर बंदूक का लायसेंस मिला था उसके लिए मैंने बहुत पहिले से दरखास्त दे रखी थी उसी दिन मैं रायपुर बंदूक तथा कारतूस खरीदने जा रहा था तो ज्ञान प्रकाश मिश्रा पलटन के साथ आये और मुझसे कहा कि उसे भी चार एल0जी0 की जरूरत है एक उसके पास है तीन एल0जी0 की मांग मुझसे किया मैंने कारण पूछा तो उसने कहा कि फिर बतायेंगे। ज्ञान प्रकाश मिश्रा से मेरा पूर्व से परिचय है। और दादा किस्म का आदमी है मैंने कहा कि अच्छा मैं दे दूंगा इस पर ज्ञान प्रकाश ने पलटन को 500/ रूपया दिया और कहा कि तुम भी इसके साथ में रायपुर चल दो। तब मैं और पलटन उसके द्वारा लाई गई सुजुकी मोटर सायकिल जिसका नंबर याद नहीं है से रायपुर गये सत्यनारायण सिंह गनमैन ने अपना 12 बोर बंदूक का लायसेंस मुझे कारतूस लाने के लिए दियाथा। रायपुर सदर बाजार में बंदूक की दुकान पर गये वहां मैं पलटन को बिठाकर पुलिस लाइन गया वहां मैं अपने पिताजी के जान पहिचान के एक आरमोरर को अपने साथ वापस दुकान आया वहां पर मैंने एक 12 बोर की सिंगल बैरल की बंदूक 2500/ रू0 में तथा अपने लायसेंस पर 5 कारतूस 12 बोर का छर्रा 20/ रू0 प्रति छर्रा के हिसाब से तथा सत्यनारायण सिंह लायसेंस पर 10 छर्रा 20/ रू0 प्रति छर्रा के हिसाब से तथा तीन एलजी 140/ रू0 प्रति एल0जी0 के हिसाब से खरीदा था पैसा 420/ रू0 पलटन ने मुझे दियाथा और तीन एलजी उसने रख लिया था दिनांक 27.9.91 को शाम को पलटन अपनी लाल रंग की सुजुकी से मेरे घर आया और उसने मुझसे मेरी बंदूक मांगा मैंने कारण पूछा तो कारण नहीं बताया और बोला कि ज्ञानप्रकाश भैया मुझको तुम्हारे पास बंदूक लेने भेजे हैं। मैंने कहा कि मैं अपनी बंदूक नहीं दूंगा। वह बोला कि क्या तुम्हारे पास ही गन है मेरे पास भी है अपनी शर्ट उठाकर उसने पेंट में खोंसी हुई रिवाल्वर कट्टा और कारतूस दिखाए और कहा कि किसी को बताना नहीं वर्ना जान से मार दूंगा। पलटन फिर वहां से चला गया। दूसरे दिन करीबन 6 या 6.30 बजे सुबह पलटन मेरे यहां आया और अपना टिफिन डब्बा मांगा मैंने टिफिन डिब्बा दे दिया। बातचीत में उसने कहा कि तुम तो बंदूक नहीं दिए लेकिन ज्ञान भैया के साथ जाकर मैंने कट्टे से ही उसका काम खलास कर दिया है. लेकिन तुम बंदूक वाली बात जाहिर मत कर देना नहीं तो ज्ञान भैया तुमको छोड़ेंगे नहीं और पलटन यह कहकर चला गया कि अब तो मैं महीना भर बाद ही आऊंगा। पलटन उस समय भी अपनी लाल रंग की सुजुकी में आयाथा।

...2 पर

दिनांक 29.9.91 को करीबन 1.30 बजे दिन कैंप नं0 1 में टेलर की दुकान में ज्ञान प्रकाश मिश्रा बैठे मिले तो मैंने उन्हें अलगले जाकर बोला कि मेरी तीन एलजी मुझे लौटा दे तो ज्ञान प्रकाश ने कहा कि तुम्हारी एल जी से नहीं मारा है और मेरे पास रखी एलजी से जो पलटन ने इस्तेमाल किया है तीन एलजी पलटन के पास है । पलटन के आने के बाद मैं तुम्हे तीनो एलजी भिजवा दूंगा उसके तीन चार दिन बाद करीबन 6 या 6.30 बजे शाम मेरे पास पूर्णानंद आया था और तीन एलजी देकर कहा कि ज्ञान प्रकाश भैया ने भिजवाया है तब मैंने वह तीन एलजी रख ली और उसी दिन भी जी यादव नायक गार्ड के द्वारा मै तीनो एलजी सत्यनारायण सिंह को लौटा दिया था क्योंकि उसी के लायसेंस पर उसे खरीदा था 10 कारतूस जो सत्यनारायण सिंह के लायसेंसपर खरीदा था उसी की चार कारतूस श्री श्रीराम गनमैन को दे दिया हूं 6 कारतूस मेरे पास है जिसमें 5 कारतूस को मैंने अपने लायसेंस पर लिया था उसमें एक कारतूस मैंने गनेश पूजा के दिन होर्डिंग कंपनी के सामने मैदान में जाकर फायर किया था उस कारतूस का खोखा भी मेरे पास है और शेष बचे चार कारतूस मेरे पास है मैंने अपना बयान पढवा कर सुना जैसा बतया हूं लिखा गया है।

सही/13.10.91

सत्यप्रतिलिपि

PW-62

आरसी० (एम०)/91/एस०आई०यू०-5/एस०आई०सी०-2 दिनांक 26.11.91

जारी बयान श्री बीरेन्द्र कुमार सिंह पुत्र श्री राम बहादुर सिंह, उम्र 21 साल, निवासी संतोषीपारा, भिलाई जिला दुर्ग. स्थायी पता - चिन्तामणिराम का टोला, थाना बैरिया, जिला देवरिया, उत्तर प्रदेश ।

वर्किंग एज़ फील्ड आफिसर बेन-मैन एण्ड एसोसिएट्स, बी०ई०सी० कंपनी, भिलाई.

.....

मैं मूल निवासी जिला बलिया, यू०पी० का हूं । मेरे पिताजी श्री राम बहादुरसिंह पुलिस लाईन रायपुर में हवलदार के पद पर काम करते हैं । मैं 10वीं कक्षा तक पढ़ा हूं । मैं 1984 में बेनमैन एण्ड एसोसिएट्स कंपनी में सिक्योरिटी गार्ड के पद पर नियुक्त हुआ था । इस कंपनी का मुख्यालय सिकंदराबाद में है । यह कंपनी भिलाई में विभिन्न कारखानों में सिक्योरिटी गार्ड्स की आपूर्ति करती है। वर्तमान में मैं फील्ड आफिसर के पद पर काम कर रहा हूं और बी०ई०सी० कंपनी हथखोज में काम करता हूं । मेरी ड्यूटी रात्रि में सिक्योरिटी गार्ड जो हमारी कंपनी द्वारा लगाए जाते हैं, का निरीक्षण करने की है ।

मैं ज्ञान प्रकाश मिश्रा को वृन्दा काण्ड के समय से जानता हूं जो 3-4 वर्ष पहले घटित हुआ था । ज्ञान प्रकाश दादा किस्म का आदमी है और उसका भिलाई में दबदबा है । 1991 के सितंबर के शुरू में एक दिन रात्रि में लगभग 8/8.30 अवधेश राय और छोटू मेरे पास बी०ई०सी० कंपनी में आए और बताया कि ज्ञान प्रकाश ने बुलाया है । मैं उनके साथ ही कंपनी के बुलेट मोटर साइकिल में चल पड़ा । वे लोग मुझे कैंप-1 में अभयसिंह के घर ले गए । वहां ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अभयसिंह और कुछ अन्य लोग भी थे । वे खाना वगैरह खा रहे थे । वहां ज्ञानप्रकाश मिश्रा ने मुझे कहा कि तुम गार्ड वगैरह भर्ती करते हो तुम्हारे पास गोली वगैरह होगी । मुझे गोली चाहिए । मैंने कह दिया था कि अभी मेरे पास गोली नहीं है । फिर उन्होंने कहा जब जरूरत होगी बाद में तुम्हारे पास से मंगवा लेंगे । उसी रात ज्ञान प्रकाश ने मेरा परिचय रवि उर्फ पलटन से करवाया जो वहीं बैठा था । उसके बाद मैं वापिस आ गया ।

मेरी कंपनी में जो सिक्योरिटी गार्ड काम करते हैं उनमें कुछ के पास अपने हथियार के लाइसेंस भी है, इन लाइसेंसों के ऊपर गोली खरीदी जाती है । कुछ गोलियां कभी कभी कंपनी के काम के लिए इस्तेमाल की जाती है, हवाई फायर करके, ताकि उस क्षेत्र में [illegible] । जो गोली इस्तेमाल होती है उसके पैसे कंपनी दे देती है।

मैंने जिला दुर्ग में जिला मैजिस्ट्रेट के कार्यालय से अपने नाम से गन लाइसेंस के लिए आवेदन किया था और मुझे सिंगल बैरल गन लाइसेंस सितंबर महीने में 12 तारीख को मिल गया था ।

मुझे तारीख 14.9.91 को अपने लाइसेंस पर गन खरीदने के लिए रायपुर जाना था । उसी दिन हमारी कंपनी में हमारे नीचे काम करने वाले श्री सत्य-नारायण सिंह सिक्योरिटी गार्ड से उनका लाइसेंस ले लिया था जिस पर मुझे रायपुर से कारतूस खरीदकर लाने थे । 14.9.91 को ही जब मैं बंदूक खरीदने के लिए जाने वाला था तो लगभग 9/10 बजे दिन के श्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा और पलटन मेरे घर आए । वो दोनों ही लाल रंग की सुजुकी मोटर साईकिल पर आए थे ।

... 2

उन लोगों ने मुझसे 4 एल0जी0 (कारतूस) मांगे । मैंने उनसे कारण पूछा तो उन्होंने कुछ नहीं बताया और कहा कि उन्हें एल0जी0 चाहिए । मैंने बताया कि मेरे पास एल0जी0 नहीं है और मैं अपने लाइसेंस पर बंदूक खरीदने रायपुर जा रहा हूं, इस पर ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने कहा कि पलटन भी मेरे साथ जाएगा और मैं रायपुर से एल0जी0 कारतूस उसे दे दूं । चूंकि ये [illegible] सिंह के लोग हैं इसलिए मैं उन्हें न नहीं कर सका । श्री ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने मेरे सामने ही पलटन को 500 रू0 दिए और मुझे बताया कि ये एल0जी0 खरीदने के लिए हैं ।

मेरे पास रायपुर जाने के लिए कोई सवारी नहीं थी इसलिए मैं पलटन उर्फ रवि को लाल रंग की सुजुकी मोटर साइकिल पर रायपुर गया । रायपुर पहुंचकर हम लोग सदर बाजार में बंदूक की दुकान पर गए । मैंने पलटन को वहीं छोड़ दिया और पुलिस लाइन अपने पिता के पास गया और बताया कि बंदूक खरीदने आया हूं । मुझे पुलिस लाइन में वे आरमोरर के पास ले गए और उसे मेरे साथ कर दिया । मैं पलटन की मोटर साइकिल पर आया था और उसी से दुकान पर वापिस गया। बंदूक की दुकान से मैंने अपने गन लाइसेंस पर एक सिंगल बैरल की गन 2500 रूपये में खरीदी और 5 एक नंबर के कारतूस (छर्रे) खरीदे । मैंने अपनी बंदूक के लिए 2500 रूपये और 5 छर्रे के लिए 100 रूपये दिए । सत्यनारायण सिंह के लाइसेंस पर मैंने 10 छर्रे और 3 एल0जी0 कारतूस खरीदे । जो 3 एल0जी0 कारतूस सत्यनारायण के लाइसेंस पर लिए थे उनकी कीमत 140 रूपये प्रति एल0जी0 के हिसाब से 420 रूपए हुए जिनको पलटन ने दिया । बाकी 10 छर्रे की कीमत मैंने दी थी । तीनों ही एल0जी0 कारतूस पलटन ने वहीं दुकान में ही ले लिए थे । बाकी सभी छर्रे मैंने मैंने अपने पास रख लिए । रायपुर से मैं पलटन के साथ ही उसकी लाल रंग की सुजुकी मोटर सायकिल पर वापिस भिलाई आ गया । पलटन मुझे बी0ई0सी0 कंपनी छोड़कर और ये बताकर कि वो ज्ञान प्रकाश मिश्रा के पास जा रहा है, चला गया।

इसके बाद 27.9.91 को शाम के समय पलटन अपनी लाल रंग की सुजुकी मोटर सायकिल पर मेरे घर आया । मैं उस समय खाट पर बैठा था । वह भी उसी पर बैठ गया। बैठते ही उसने मुझसे मेरी बंदूक मांगी और कहा कि इसको ज्ञान भैया ने मंगवाया है । मैंने कारण पूछा तो उसने कुछ भी बताने से इंकार कर दिया । मैंने अपनी बंदूक देने से इंकार कर दिया , इस पर उसने कहा कि ऐसी बात नहीं कि हमारे पास हथियार नहीं है और उसने अपनी कमीज उठाकर पैंट में खोंसे हुए रिवाल्वर , कट्टे और कारतूस दिखाए और धमकी दी कि इस विषय में अगर किसी को कुछ बताया तो हम जान से मार देंगे । उसके बाद पलटन उसी मोटर सायकिल पर वापिस चला गया।

28 सितंबर 1991 को सुबह लगभग 6/6.30 बजे पलटन मेरे घर अपना टिफिन डब्बा लेने आया, उसने मुझे बताया कि उसने श्री नियोगी की, जब वो हुडको कालोनी में अपने घर सोए थे 12 बोर के कट्टे से, खुली खिड़की से, गोली चलाकर हत्या कर दी है । उसके साथ ज्ञान प्रकाश मिश्रा भी गया था जो मकान के बाहर ही खड़ा रहा । उसने मुझसे ये भी कहा कि मैं इस संबंध में किसी को कुछ नहीं बताऊं और किसी को ये भी नहीं बताऊं कि मैंने पलटन को 3 एलजी कारतूस दिए थे । उसने धमकी दी कि ये बात सिर्फ मुझे ही मालूम है और अगर

PW-62

-3-

इस विषय में मैंने किसी को भी कुछ बताया तो वे लोग मुझे जान से मार देंगे। मैं बहुत डर गया। ये कहकर पल्टन वहां से वापिस अपनी मोटर सायकिल पर चला गया। उसके बाद से मैंने भिलाई में पल्टन को नहीं देखा।

29 तारीख को अखबार में नियोगी जी की हत्या का समाचार छपा था जिसे मैंने पढ़ा और मैं कैम्प -1 में ज्ञान प्रकाश मिश्रा के घर के सामने से जा रहा था तो ज्ञान प्रकाश टेलर की दुकान पर मिले, मैंने जो 3 एल0जी0 कारतूस ज्ञान प्रकाश के कहने पर पल्टन को दिए थे, उसको वापिस मांगा, ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने ये कहा कि तुम डरो मत, नियोगी की हत्या तुम्हारी एल0जी0 से नहीं हुई है, 3 एल0जी0 कारतूस पल्टन के पास हैं और जैसे ही पल्टन उनके पास आएगा वे एल0जी0 कारतूस मुझे वापिस कर देंगे। उसने ये भी बताया कि मुझे उसके पास इसके लिए आने की जरूरत नहीं है।

इसके लगभग 4-5 दिन बाद शाम को 7/7.30 बजे मेरे घर पर मेरी ही कंपनी में काम करने वाले हैड गार्ड श्री नंदूगानंद राव आए और उसने पेपर में लिपटे हुए 3 एल0जी0 कारतूस मुझे वापस किए और बताया कि ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने इसे मेरे पास भिजवाया है। उसी रात मैंने ये तीनों एल0जी0 कारतूस सिक्योरिटी गार्ड श्री बी0बी0यादव द्वारा गन लाइसेंस समेत श्री सत्यनारायण को वापिस भिजवा दिए थे।

मैंने जो 10 कारतूस सत्यनारायण सिं: के लाइसेंस पर खरीदे थे उसमें से 4 छर्रे मैंने गनमैन श्री श्रीराम को दे दिए थे और 6 छर्रे मेरे पास ही थे। गणेश पूजा के दिन बी0ई0सी0के सामने हवा में एक छर्रा मैंने अपने छर्रों में से चलाया और 4 छर्रे मेरे पास बच गए थे, चार बचे हुए कारतूस खोखे समेत मैंने पुलिस वालों को दे दिए थे।

पढ़कर सुनाया, सही पाया।

मेरे समक्ष
सही/-26.11.91
(आर0एस0प्रसाद)
आरक्षी उपाधीक्षक
सी0बी0आई/एस0आई0सी0-2
कैम्प भिलाई.

सत्यप्रतिलिपि

[signature]

बयान सत्यनारायण सिंह पुत्र स्वर्गीय राम नगीना सिंह उम्र करीब 40 साल ।
निवासी गांव डुमरिया डाकखाना डुमरिया, थाना सहतवार, जिला बलिया
उत्तर प्रदेश + वर्तमान पता – बी०आई०डब्लू० हथखोज, मध्यप्रदेश

P.W-63

मैं उपरोक्त हूं । मैं दिसंबर माह 1990 में कोरबा से भिलाई आया । भिलाई आने से पूर्व मैं बिलासपुर में श्री संजय सिंह, सिक्योरिटी आफिसर, बी०एस०ए० से मिला । श्री संजय सिंह ने मुझे सलाह दी कि बी०एस०ए० में गनमैन के लिए बिलासपुर में स्थान रिक्त नहीं है इसलिए मैं भिलाई जाकर बलिया के निवासी बी०के०सिंह से मिलूं जो बी०एस०ए० के सुपरवाईजर हैं । मैं संजयसिंह की सलाह पर भिलाई आकर श्री बी०के०सिंह से मिला । बी०के०सिंह ने मुझे गनमैन की नौकरी बी०एस०ए० संस्थान में दी । प्रतिदिन 8 घंटे ड्यूटी करने पर मुझे 1200 रू० प्रति-माह वेतन मिलता है और 12 घंटे ड्यूटी करने पर 1800 रू० वेतन मिलता है । 14.9.91 को श्री बी०के०सिंह मेरा बंदूक लाइसेंस मांगकर रायपुर कारतूस खरीदने के लिए गए थे । रायपुर से लौटने के बाद बी०के०सिंह ने मुझे कोई जानकारी नहीं दी कि उसने मेरे लाइसेंस पर कारतूस खरीदे या नहीं, । 3.10.91 को रात करीब 9 बजे कंपनी के गार्ड बी०बी०यादव ने मेरे निवास पर आकर 3 एल०जी० कारतूस (12 बोर के) और मेरा लाइसेंस दिया और बताया कि ये सब चीजें बी०के०सिंह ने भिजवायी है । मैंने कारतूस खरीदने के लिए बी०के०सिंह को पैसे भी नहीं दिए थे । दो तीन दिन बाद बी०के०सिंह ने मुझे बताया कि मेरे लाइसेंस पर उसने 3 एल०जी० और 10 कारतूस रायपुर से खरीदे थे । उसने यह भी बताया कि 10 कारतूस उसने अपने पास रख लिए हैं । 3 एल०जी० कारतूस जो बी०के०सिंह ने मुझे दिए थे, भिलाई नगर थाना ने जप्त कर लिए ।

पढ़कर सुनाया व तसदीक किया।

मेरे समक्ष
सही/-15.11.91
(बी०एन०पी०आजाद)
सी०बी०आई०/एस०आई०सी०-2
कैम्प भिलाई.

सत्यप्रतिलिपि

[signature]

पी॰डब्ल्यू 63

Pw-63

बयान

सत्य नारायण सिंह, आत्मज राम नगीना सिंह उम्र 60 साल, सा॰ डुमरिया थाना सहतवार जिला बलिया उ॰प्र॰ हाल मुकाम सी॰आई॰डब्ल्यू सी॰ई॰सी॰ कम्पनी हथखोज थाना पुरानी भिलाई जिला दुर्ग म॰प्र॰।

—CD—

मै ग्राम डुमरिया थाना सहतवार जिला बलिया, उ॰प्र॰ का मूल निवासी हूँ गाँव में खेती बाड़ी और कच्चा मकान है मेरे पिता जी का स्वर्गवास, हो गया है माँ राजेश्वरी देवी जिन्दा है हम लोग दो भाई और दो बहीन मे हैं सबसे बड़ा मै हूँ मुझसे छोटा भाई अवधेश, सिंह उम्र 30 साल, का है जो कि सी॰आर॰पी॰ में वायरलेस आपरेटर है कश्मीर दसवी फेल है, मेरी शादी सन 1952 शकुन्तला देवी के साथ हुई है मेरे चार लड़कियां और तीन लड़के, है रमाकांत सिंह 30 साल श्री कान्त सिंह 25 साल, राजकुमार 19 साल, का है अभी गाँव में है सन् 1989 में मै बलिया, से कोरबा बिलासपुर जूनूनी, गाली में आया है जहाँ मैने एस॰पी॰लाइ में गन मैन की नौकरी कर लिया 1000/- रुपया, मुझे वेतन मिलता था, नौकरी छोड़ कर 14 सितम्बर, 1991 को मै कोरबा से भिलाई, आ गया सिक्युरिटी, की सी॰एस॰ए॰ संस्था में गनमैन की नौकरी मिल गयी और 1200 रू॰ वेतन माहवार मिलता मेरे इन्चार्ज करनसिंह और बी॰के॰सिंह॰ सुपरवाइजर है, सन 1974 में कलेक्टर बलिया के कार्यालय से 12 बोर बन्दूक का लायसेंस, नं॰ 2208/1562 मिला है, जिसकी वैधता आल इण्डिया है। और 15 कारतूस की सीमा है, मै अपनी बन्दूक को साथ लाया है, दिनांक 14/9/91 को बी॰के॰सिंह मेरा बन्दूक लायसेंस मांगकर रायपुर कारतूस खरीदने ले गये थे, मैने अपना बन्दूक लायसेंस बी॰के॰ सिंह उसी दिन दे दिया था रायपुर से लौटने के बाद, बी॰के॰ सिंह ने मुझे कोई जानकारी, नहीं दी थी, दिनांक 3/10/91 को रात करीब 9 बजे कम्पनी के गार्ड बी॰बी॰यादव ने मेरे बैरिक में आकर तीन नई एल॰जी॰ कारतूस 12 बोर के लाकर दिया और बताया कि बी॰के॰ सिंह ने दिया है और मेरा लायसेंस भी वापस दे दिया मैने कारतूस खरीदने वास्ते पैसा बी॰के॰सिंह॰ को नहीं दिया था, उसके दो तीन दिन बाद बी॰के॰ सिंह, ने बताया कि तुम्हारे लायसेंस पर मैने तीन

[illegible] 128

एल.जी. और 10 कारतूस रायपुर मे 14/9/91 को खरीदा था बी.के.सिंह. द्वारा दिया गया, तीन एल.जी. मेरे पास है पेश कर रहा हूँ मेरा बयान पढवा कर सुना जो मेरे बताये अनुसार लिखा गया है ।

//सत्यप्रतिलिपि//

हस्ता/सही, M.C. Agarwal
दिनांक 3/10/91

PW-64 पी.डब्ल्यू 64 PW-64

बयान

श्रीराम सिंह आत्मज राम सुन्दर सिंह जाति उमर 45 साल, सा. खुआ थाना बांसडीह रोड जिला बलिया उत्तर प्रदेश हाल मुकाम बी.सी. इन्नेवक कंपनी हथखोज थाना भिलाई नं. 3 जिला दुर्ग (म.प्र.)

--00--

मैं ग्राम ककुआ में पैदा हुआ हूँ गांव में मेरी बाडी और पक्का मकान है मेरे मां बाप मौत हो चुके हैं मैं कक्षा दसवीं फेल हूँ मेरी शादी सन् 1959 में रामतिर्था के साथ हुई है मेरे चार लड़कियां और दो लड़के हैं लड़कों में संजय कुमार सिंह, 12 साल, अजय कुमार सिंह, 6 साल, का है मैं सन् 1962 में एस.पी. एस.एफ. में 17 बटालियन भिलाई में भर्ती हुआ और 6 वर्ष तक नौकरी किया, सन् 1968 में फिरोजाबाद आगरा जिला कलेक्टर के कार्यालय से 12 बोर सिंगल बैरल बन्दूक का लायसेंस नं. 656 मिला है एरिया आल इण्डिया है, और 15 [illegible] कारतूस रखने का अधिकार है सन् 1976 में छुट्टी बढाने पर एस.पी.एस.एफ. से बरखास्त हो चुका हूँ, उसके बाद में एन.टी.पी.सी. कोरबा में सिक्युरिटी गार्ड की नौकरी करता था वहां से नौकरी छूट जाने से दिनांक 24/2/91 को अपनी पत्नी कोरबा से भिलाई आया हूँ और वर्तमान में बी.सी. इन्नेवक हथखोज में गनमैन की नौकरी कर रहा हूँ, और 1400 रुपया माहवार वेतन मिलता है, 15 अगस्त 1991 को बी.सी. कम्पनी के जी.एम. के बंगले में फायर निकला था, जिसमें मैंने दो कारतूस, दगा चलाया था खोखा खाली रखा है दिनांक 18/9/91 को बी.के. सिंह ने 4 छर्रे 12 बोर के नये दिये थे मेरे पास मे मौजूद है मेरे पास 7 कारतूस 12 बोर के छर्रे पुराने थे जिसमें दो खाली खोखा और 5 पुराने कारतूस बचे हैं बी.के.सिंह- के द्वारा दिया गया 4 कारतूस 12 बोर के नये पेश कर रहा हूँ।

//सत्यप्रतिलिपि//

हस्ताक्षर /-प्ति,

PW-64 पी. डब्लू 64

22nd Nov.91

Statement of Shri Ram Singh S/o Ram Sunder Singh aged about 46 yrs presently posted as Gunman in B.E.C. Company Bhilai, permanent r/o village & P.O. Rohna P.S. Bansdeeh Road Distt. Ballia U.P. presently residing in factory premises at BEC Bhilai (M.P.).

मैने [illegible] में [illegible] में सिपाही की नौकरी प्रारम्भ की मेरा नं. 40[illegible] की Battalion No.4 1968 में सी.आर.पी. में transfer कर दी गई, तब सी.आर.पी. में मेरा नं. 683903008 हो गया। मै सी.आर.पी. में आसाम, मीजोरम, और नागालैंड में रहा और सी.आर.पी. का बटालियन नं. 2 था, जुलाई 1974 में छुट्टी से देर से लौटने के कारण मुझे नौकरी से बर्खास्त कर दिया गया, इसके बाद 4-5 साल मैं अपने गांव पर रहा, उसके बाद पब्लिक ब्यूरो आफ इंडिया वाराणसी, के द्वारा मैने सिक्यूरिटी गनमैन की हैसियत से डालर फैक्टरी बैजनाथधाम बरौनी आयल रिफायनरी, बरौनी और एन.टी.पी.सी. कोरबा में नौकरी की। इसके बाद उपरोक्त सिक्यूरिटी कंपनी बंद हो जाने के कारण हम नौकरी से निकाल दिये गये, फरवरी 1991 विज्ञापन के जरिये मैने बी.ई.सी. कंपनी भिलाई में नौकरी शुरू किया।

बी.ई.सी. कंपनी भिलाई के जनरल मैनेजर जेम्स साहब है उनके कहने पर 15 अगस्त 91 को [illegible] के बाद मैने अपनी रायफल (एस.बी.बी.एल. 12 बोर) से दो एक नम्बर के छर्रे हवा में फायर किया तभी जी.एम. साहब के घर से खबर आया कि सांप निकला है। मै जी.एम. साहब के साथ गया, तथा वहां पेड़ पर लिपटे हुये सांप को दो गोली से मार गिराया, तब जी.एम. साहब ने कहा कि चारो छर्रों का पैसा कम्पनी से क्लेम कर लेना। मैने अपना क्लेम अपने अफसर बी.के. सिंह को लिखकर दे दिया। ये क्लेम मैने उसी दिन या उससे अगले दिन दिया थे। बी.के. सिंह ने पैसे को कंपनी से पैसा तो नहीं दिया पर विश्वकर्मा पूजा के दिन शायद 18/9 को चार छर्रे वापस कर दिया वे चार छर्रे मेरे से भिलाई पुलिस ने जप्त कर लिया था,

बयान सुना सही लिखा है।

हस्ता/सही,

22/11

(एस.एन. सक्सेना),

डी.वाई.एस.पी.

//सत्य प्रतिलिपि//

PW-65 — पी॰डब्ल्यू 65

ब्यान श्री राम बहादुर सिंह पुत्र श्री जगभान सिंह उम्र 46 साल, गाव गोरहा, पी॰एस॰ लाला पुर गाजियाबाद उत्तरप्रदेश,

--CC--

मै एम॰पी॰ पुलिस मे 16/11/65को बतौर सिपाही भर्ती हुआ , मेरा नम्बर 706 है मेरी पहली नियुक्ति भोपाल में हुई थी, और सन 1979 से मै रायपुर पुलिस मे बतौर आरमोरर काम कर रहा हूँ। आरमोरर होने के नाते मुझे हथियारो के बारे मे जानकारी है । मेरे पास अपनी एक निजी एस॰बी॰बी॰ एल॰ गन भी है जो मैने इसी साल बदरूद्दीन शमशुद्दीन एण्ड सन्स आर्म्स एण्ड अम्यूनिशन डीलर, सदर बाजार ,रायपुर से खरीदी थी ।

मै सिपाही राम बहादुर जो कि रायपुर पुलिस लाईन्स मे ही है, को जानता हूँ इस साल सितम्बर माह के मध्य मे वे अपने लडके जिसका नाम मुझे बीरेन्द्र कुमार सिंह मालुम पडा को साथ लेकर मेरे पास कोत मे आया व बताया कि उनके लडके ने एक गन खरीदनी है और मेरे से कहा कि मै उनके साथ जाकर कोई अच्छी सी गन खरीदवा दू । मै इसके लिये तयार हो गया व फिर उसके लडके बी॰के॰ सिंह के साथ मोटर साईकिल, पर उपरोक्त दुकान पर गऐ उस दुकान पर मैने देखा कि बी॰के॰ सिंह का एक साथी और बैठा हुआ था बी॰के॰सिंह से पूछा कि उसका लाईसेंस सिंगल बैरल का है या डबल बैरल का तो उसने कहा कि सिंगल बैरल की गन खरीदनी है अत; दुकान पर मैने देखकर एक सिंगल बैरल की गन सेलेक्ट की जो बी॰के॰सिंह॰ ने खरीदी, बी॰के॰सिंह ने अपने लाईसेंस पर 5 कारतूसों के अलावा अन्य सामान भी खरीदा, उसी समय बी॰के॰ सिंह ने एक दूसरे गन-लाईसेंस, जिसका विवरण मुझे याद नहीं है पर [illegible] 13 कारतूस [illegible] खरीदे [illegible] 10 बारे मे। दुकानदार ने भी कारतूस व गन लेने के बाबू रजिस्टर मे इन्दराज किया जिस पर बी॰के॰ सिंह ने मेरे सामने ही दस्तखत किये थे । राईफल व कारतूस लेने के बाद बीके॰ सिंह मुझे मोटर साईकिल पर बैठाकर लाईन मे छोड गया । हम दुकान से लाईन तक तीनो आदमी यानि मै बी॰के॰ सिंह व बी॰के॰सिंह के साथ वाला लडका मोटर साईकल पर आए थे । मैने बी॰के॰ सिंह व उसके साथ आये आदमी को अच्छी तरह से देखा था व मै उनको सामने आने पर पहचान सकता हूँ ।

मेरे समक्ष, हस्ताक्षर/सही,
25/11/91 आर॰एस॰ [illegible], पी॰ [illegible]

पढकर सुनाया सही पाया,

[illegible]

PW 66 PW-66 Dated : 20.11.91

Statement of Sh. Zahiruddin S/o Badruddin aged 72 yrs. R/o H.No. 9/333, Sadar Bazar, Raipur (M.P.) Tel. 27725.

******

I am one of the partner of M/s. Badruddin Samsuddin & Sons. The other three partners are Taffzud Hussain, Nooruddin & Sahabuddin who are my sons. We are dealing in purchase/sale of arms & ammunition. Our licence No. is XIII (4-N) 76 which is in my name. I and my son Nooruddin look after our shop which is in front portion of our house. Under terms of licence I am authorised to keep and sell ammunition covered under category 1(a), 1(b) & 1(c). In brief I am authorised to keep and sell.12 bore gun SBBL as well DBBL, Air gun e etc. and cartridges of .12 bore. I reflect the daily sale of arms/ ammunition in the Daily Sale Register and the Stock position of arms/ ammunition in the Stock Register. In the Stock register the stock of all types of .12 bore cartridges is shown under one head and the break up various types of .12 bore cartridges, which include L.G. cartridges (containing six pillets) manufactured by B.B.M.M Company of England also, is not shown separately.

On being shown Licence no. 2200/R/1562 of Sh. Satyanarayan I state that I have sold 13 cartridges of .12 bore against this licence on 14.9.91. I entered the sale of 13 cartridges on this licence and I identify my writings/signatures on the licence, which is in my hand. After refering to my records I state that on 14.9.91 Birender Kumar Singh holder of Licence no.44/III/91 had come to my shop alongwith one youth. Birender Kumar wanted to purchase a SBBL gun against his newly issued licence. For selecting the gun Birender Kumar had

PW 66 -2-

brought his relation, armourer Sh.Thakur, who was known to me since earlier. Sh.Thakur selected a gun which was purchased by Birender Kumar. He also purchased five 12 bore cartridges against his licence. The sale of one S.B.B.L. & 5 cartridges has been entered in my daily sale register at page 29. This entry has been made by me in my own handwriting which I identify and varify. Sh. Birender Kumar Singh has put his signature against this purchase in my presence which also I verify.

In addition to the purchase of SBBL gun & five cartridges Birender Kumar also purchase 13 more 12 bore cartriges out of which three cartridges were L.G. against licence no.2200/1562 of Sh.Satyanarayan. However the three L.G.Cartridges were taken and kept by the youth who had came along-with Birender Kumar Singh and 10, twelve bore cartridges were taken by Sh. Birender Kumar Singh. This I remember as is evident, first I made entry of only three (L.Gs) cartridges on licence as well as in my register but subsequently when Birender Kumar wanted ten more twelve bore cartridges I added one before three. I could not sell these cartridges against Birender Kumar's licence as the authorisation was for only five cartridges. I have entered this sale in my daily sale register at page 29. I identify my writing. Birender Kumar Singh signed against this sale in my presence which also I identify. The sale has duly been entered into my stock register at page 58. On that day in all I sold one B.L.Gun and 23 cartridges. I identify my writings with respect to this entry (of 14.9.91) which is in my hand. I have issued bill no. 205 and 206 in respect of these sales and I identify my writings on the Carbon copies of the bills.

I have purchased 150 cartridges of 12 bore (L.Gs) ELEY BB England from M/S Devas Arms, Ammunition Dealers, Jai Parkash Marg Devas vide their

PW 64

bill no.56/91 dated 23-7-91. These cartridges were received by us on 12-8-91 and have been duly taken in stock vide entry dated 12-8-91 at page 56 of the stock register. This entry is in my hand which I verify. It so happened that the L.G. Cartridges were not available in the market for the last more than one year and in July 1991 Fakhruddin Bhai of Ujjain Arms, Gujrati Samaj Building New Road Ujjain has come to me. I enquired from him whether he could supply L.G. cartridges. On this he told that he would be receiving a supply of L.G. Cartridges and on receipt of the same he would supply. Than I requested him to supply 150 LGs. In this respect I wrote a letter dt.18.7.91 to him which was sent under registered post, reminding him to supply the material as ordered and adjust the payment against the purchase of two guns, which he had purchased from me.

I am producing my daily sale register, stock register, Cash memo book containing carbon copies, bill no.56/91 of M/S Devas Arms and my letter dt.18.7.91 which have been taken into possession by you under a seizure memo which I have signed.

I can identify Sh. Birender Kumar and the boy who came with him if shown to me. Now I have been shown various photographs and I have identified the photograph of the boy who had come with Birender Kumar. I have put my signature on the back of the photograph in token of having identified and later you have disclosed that the name of the boy is Paltan @ Ravi.

R.O.& A.C.

Sd/- 20/11/91.
(R.S. DHANKAR)
DY. SP/CBI/SIC.II/N.Delhi
C.Raipur.

TC
MY

PW-66 PW 66

Dt. 11-12-1991

Further statement of Sh. Zahiruddin S/o Badruddin aged 72 yrs. r/o H.N.9/333, Sadar Bazar, Raipur.

मेरे पहले दिये ब्यान के सिलसिले में अपनी दुकान का सेल रजिस्टर, स्टोक रजिस्टर व कैश मेमो बुक जो आपने मुझे आज दिखाये है को देखकर बताता हूं कि मैंने 3/10/91 को जयनारायण त्रिपाठी विकास नगर बिलासपुर उसके अपना लाइसेंस पर तीन एल.जी. कारतूस व पांच ब्लैक कारतूस बेचे है इस बिक्री का इन्दराज 3/10/91 में मेरे सेल रजिस्टर में दर्ज है जो मेरे हाथ का लिखा है श्री त्रिपाठी, ने भी सेल रजिस्टर में इस खरीद बारे मेरे सामने पन्ना नं 33 पर दस्तखत किये है जिसकी मैं तस्दीक करता हूं, इस बिक्री बारे मैंने बिल नं. 318 तारीखी 3/10/91 दिया था जिसकी कापी कैश मेमो बुक में मौजूद है ये मेरे हाथ की बनी है स्टोक रजिस्टर में इस बिक्री का इन्दराज पन्ना नं. 59 पर दर्ज है जो मेरे हाथ में है उस दिन मैने कुल 38 कारतूस बेचे है,

मुझे याद है श्री त्रिपाठी मेरी दुकान पर कारतूस खरीदने 3/10/91 को बाद दोपहर आये व उनके साथ उस समय दो अन्य नौजवान थे आज आपने मुझे छ: फोटो दिखाये है इनमें से मैने श्री त्रिपाठी के साथ आये दोनो नौजवानों का फोटो पहचाना है व इस पहचान बाबत दोनो फोटो के पीछे आज की तारीख में दस्तखत किये है मैं सामने आने पर उन दोनो को पहचान सकता हूं।

//~~सत्य~~सत्यप्रतिलिपि//

हस्ता/सही,
11/12/91
(आर.एस. धनकर)
डी.वाई. एस.पी.
सी.बी.आई. कैम्प रायपुर.

पूरक बयान श्री जयनारायण त्रिपाठी पुत्र श्री हरगोविन्द त्रिपाठी, निवासी -वार्ड नं. 1, शमीनगरी, बाजार, विकास नगर, बिलासपुर ।

PW-68

—oo—

पूछने पर आगे बयान करता हूँ कि मैं अपनी ससुराल भिलाई में आया हुआ था, वहाँ पर एक फंक्शन था जिसे मैंने अटेंड किया । इसमें मेरे अलावा और भी कई लोग शामिल थे, जिनमें अवधेश राय जो कि मेरे साले ज्ञान प्रकाश मिश्रा का खास दोस्त है, भी था, और हम लोगो के उस फंक्शन में कई फोटोग्राफ्स भी उतारे गये थे, ।

आज आपने मुझे 9 रंगीन फोटोग्राफ्स दिखाए है जिन्हे ए से आई तक मार्क किया हुआ है, । इन फोटोग्राफ्स में से ए.सी. और एच मार्क किया हुआ है फोटो में अवधेश राय के साथ मेरा अन्य लोगो के साथ फोटो है । बी मार्क किए हुए फोटो में अवधेश राय और प्रभुनाथ मिश्रा है । डी मार्क किए हुये फोटो में ज्ञान प्रकाश एवं अन्य लोग है । ई और एफ मार्क किये फोटो में अवधेश राय अन्य लोगों के साथ खड़े है । जी और आई, मार्क किये हुये (2) फोटो में ज्ञान प्रकाश मिश्रा, अवधेश राय और मैं हूँ ।

उपरोक्त फोटोग्राफ्स में मै अवधेश राय को इसलिये जानता हूँ क्योंकि इनको मैंने पहले भी कई बार देखा है ।

पढ़कर सुनाया सही पाया ।

(सत्यप्रतिलिपि)

मेरे समक्ष
हस्ता/सही
(शमशेर)
निरीक्षक,
सी.बी.आई./एस.आई.सी.
कैम्प भिलाई,

- पी.डब्लू 62

बयान,

सम्पूर्णानंद उर्फ एस.एन. राव वल्दजगन्नाथ राव उम्र 28 साल साकिम नगवा... थाना रुद्रपुर जिला देवरिया उत्तरप्रदेश हाल मुकाम, केम्प नं. 1 स्टील नगर थाना छावनी जिला दुर्ग म.प्र.

--००--

मैं ग्राम नगवा में पैदा हुआ हूँ मैंने दसवीं तक मराव इन्टर कालेज देवरान 1978 में पास किया, है, गांव में खेती बाड़ी, और पक्का मकान है मेरी मां का नाम रामरती देवी, है वह जीवित है हम लोग 4 बहिन और दो भाई हैं सबसे बड़ा मैं हूँ छोटा भाई विवेकानंद राव उमर 25 साल का है गांव में रहता है मेरी शादी खड़गपुर बंगाल में बनारसिंह, से सन् 1980 में हुई है मैं अपने चाचा दही चंद्रराव के पास केम्प नं. 1 में सन् 1980 में भिलाई आया हूँ मैं नंदनी रोड पर हरिश्चन्द्र मेडिकल स्टोर में फार्मेसिस्ट का काम था स्टोर बंद हो जाने से सन् 1991 में कैलाश केडिया के बंगला नं. 49 में दरवानी का काम किया 1000/- रुपया वेतन मिलता था, माह अगस्त 1991 में केडिया ने नोकरी से निकाल दिया था और माह सितम्बर 1991 से ..... सी/एस.ए. सिक्युरिटी गार्ड में हेड गार्ड पर नौकरी में लग गया है 1050/- रुपया वेतन मिलता है, मेरी ड्युटी भिलाई वायर्स में है मेरे सिक्युरिटी आफिसर वी.के.सिंह. है दिनांक 3/10/91 को शाम करीब 7 बजे ज्ञान प्रकाश मिश्रा केम्प नं. 1 ने मुझे घर बुलाया था और बोले कि तुम्हारी क्या ड्युटी है, तो मैंने कहा कि मेरी ड्युटी भिलाई वायर्स में 9 बजे रात से 5 बजे सुबह तक है तो वह बोले कि बी.के.सिंह. तुम्हें ड्युटी में मिलेगा, तो यह सामान दे देना, और एक मोटे कागज में तीन एल.जी.कारतूस थे मुझे दे दिया, मैं उसी, दिन शाम करीबन साढे सात बजे, तीन एल.जी.कारतूस बीके.सिंह. को दे दिया और अपनी ड्युटी में चला गया, बयान पढ़कर सुना जो मेरे बताये अनुसार लिखा गया है ।

//सत्यप्रतिलिपि//

हस्ता/सही,

13/10/91

PW-69

पी डब्ल्यू 69

दिनांक 1.12.91

[illegible] श्री पूर्णानंद राव पुत्र श्री जगन्नाथ राव, उम्र 28 साल निवासी गांव नगवां खास, थाना रूद्रपुर कोतवाली (इकौना) जिला देवरिया, यू०पी०
वर्तमान झोपडा रोड नं० 18 पीछे आबा आटा चक्की कैंप नं० 1 भिलाई।

......

मैं उपरोक्त पते का निवासी हूं और साल 1980 से भिलाई में रह रहा हूं और विभिन्न फैक्टरियों में काम करता रहा हूं। मैं आबा आटा चक्की वाले ज्ञान प्रकाश मिश्रा को पिछले 7-8 साल से जानता हूं और उसके दोस्त अश्वसिंह जो मेरे मकान के नजदीक रहता है, को पिछले 2-3 साल से जानता हूं, वह बीएसपी में नौकरी करता है। अवधेश राय जो ज्ञान प्रकाश का दोस्त है, को भी एक साल से जानता हूं।

मैंने साल 1991 में श्री कैलाशपति केडिया की नेहरूनगर की कोठी पर चौकीदारी की नौकरी 1000/ रू० प्रतिमाह तनख्वाह पर मई, जून, जुलाई माह में की थी। एक बार काम की तलाश में मैं केडिया जी की उपरोक्त कोठी पर चौकीदार के पास गया था तो वहीं मेरी मुलाकात बी०के०सिंह से हुई। बी०के०सिंह, बी०एम०एस० सिक्योरिटी गार्ड जिसका लोकल दफ्तर भिलाई में बी०ई०नी० में है, में फील्ड आफिसर था। और वह भिलाई में विभिन्न इंडस्ट्रियों में गार्ड व हैड गार्ड लगवाता था। मेरे कहने पर बी०के०सिंह ने मेरी नौकरी बतौर हैड गार्ड माह सितंबर 1991 में भिलाई वायर्स भिलाई में लगवा दी जहां मैं अक्टूबर 1991 के आखिरी सप्ताह तक नौकरी करता रहा। मैं बी०के० सिंह के घर को भी जानता हूं।

अक्टूबर 1991 के पहले सप्ताह में भिलाई वायर्स नंदिनी रोड फैक्टरी में मेरी नाईट शिफ्ट की डियूटी थी। यह नाईट शिफ्ट की डयूटी 9 बजे रात से अगले दिन सुबह 5 बजे तक होती थी।

दिनांक 3.10.91 को शाम को करीब 7 बजे ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने मुझे अपने घर पर बुलाया, डयूटी पर जाने के बारे में पूछा और कुछ देर बाद 3 एल०जी० के कारतूस एक कागज में लपेट कर दिए और कहा कि मैं इन कारतूसों को बी०के०सिंह को दे दूं। मैंने वे कारतूस अपने पास रख लिए और बी०के०सिंह के घर पर अपनी साइकिल पर पहुंचा। बी०के०सिंह मुझे अपने घर पर मिला और मैंने कागज में लिपटे हुए वे तीनों एल०जी० कारतूस बी०के०सिंह को दे दिए और उसको कहा कि ये ज्ञान प्रकाश मिश्रा ने उसको देने के लिए दिए थे। उसने कहा ठीक है। उसके बाद मैं अपनी डयूटी पर भिलाई वायर्स में चला गया।

पढ़कर सुनाया, सही पाया।

मेरे समक्ष

सही/ 1.12.91

(होशियार सिंह)

निरीक्षक

सी०बी०आई०/एस०आई०सी०-2

कैंप, भिलाई

TC

PW-71

कथन

दीपक सुराना पुत्र श्री हेमचन्द सुराना उम्र 32 वर्ष, सा0 एम.आई.जी./28, पद्मनाभपुर, दुर्ग।

....

मैं पद्मनाभपुर में रहता हूं। मैं सीमेन्ट और रिवल्हर खाद बिक्री करने का धन्धा करता हूं। मेरा दुकान संजय मार्केट गंजपारा दुर्ग में सुराना ट्रेडर्स के नाम से है। मेरे पास एम.पी.24-बी-1707 नम्बर का एक बजाज सुपर स्कूटर है जिसे मैंने 1-1/2 वर्ष पहले एक दलाल के माध्यम से रायपुर से खरीदा था। जिसका आर0 टी0 ओ0 कार्यालय दुर्ग में उसी वक्त कराया था। जब मैंने खरीदा था। मेरे पास टीवीएस सुजुकी मोटर सायकल न तो पहले था और न अभी है। इसके अलावा मेरे पास एक कायनेटिक होंडा नं0 एम.के.टी.3031 नम्बर का है इसके अलावा मेरे पास और दूसरी गाड़ी नहीं है।

Sd/- S.
31/10/91

CTC
5/1/12

Statement of Shri Mahendra Singh Patel S/o Mohan Singh Patel, Receptionist, Hotel Nilamber, Panchamarhi r/o Qr.No.I, Vaisan Lodge, Panchmarhi.

****** PW-72

I am working as Receptionist at Hotel Nilamber since last 5 years. One Umesh Bansal is also working as Receptionist in this Hotel.

On 5.10.91 at 1.30 PM, One Abhay Kumar Singh alongwith two other persons came to this Hotel and booked room No.3 and 4. The room was booked by Abhay Kumar Singh. As per visitor's Register page No.78-79, Sr.No.155 on 6.10.91 at 12.00 noon, Shri A.K.Singh vacated room No.3&4 and booked room No.3. This time Abhay Kumar Singh and another one man was there in the room No.3 and they stayed till 9.10.91 11 AM. On 9.10.91 at11.00 AM Abhay Kumar Singh vacated the Hotel after an effective Trunk Call to Telephone No.3854 at Durg and the particular of this call has been mentioned by me in Sr.No.59 of the Bill Book No.133 and the entire bill was made by me with a total amount of Rs.438.75. The money Receipt Book No.18, Sr.No.156 dt. 9,10.91 in the entered name Abhay Kumar Singh for Rs.438.75 was issued by me. The money Receipt books and bill book will be deposited in the office of Special Area Development Authority after the books are completed.

The statement recorded by me. Read over to the witness and admitted by him to be correct.

Sd/-
(P.J. MATHAI) 28.11.91.
INSPECTOR OF POLICE :
CBI : JABALPUR.
CAMP : BHILAI.

पी.डब्ल्यू 73

बयान श्री प्रमोद कुमार राका पुत्र हजारी लाल राका उम्र 50 साल निवासी गोल बाजार छिन्दवाड़ा (म.प्र.)

--00--

मैं छिन्दवाड़ा का निवासी हूं मेरे सोने चांदी की दुकान है बने हुये जेवर बेचने तथा जेवर गिरवी रखने का व्यवसाय करता हूं मेरे पास जेवर गिरवी रखने का लायसेन्स है, मेरी ससुराल दुर्ग में है तथा मेरे ससुर गुलाबचंद पाटनी है मेरे चार साले है इन्दर, देवेन्द्र जिनेन्द्र, तथा नरेश, है, मेरे ससुर की दाल मिल राईस मिल तथा लोहा मिल है, संयुक्त परिवार है, देवेन्द्र ने रेत का ठेका लिया है जो वे कर रहे है ।

अक्टूबर माह में तारीख 9 को दो आदमी जीप में मेरी दुकान पर आये थे उन्होने अपने को देवू उर्फ देवेन्द्र जो मेरा साला है के दोस्त बताये थे उनहोने रात रुकने हेतु अपनी इच्छा, जाहिर की थी तो मैने अपने टेलीफोन से देवेन्द्र से दुर्ग बात की थी देवेन्द्र ने कहा था कि रात को रुकेंगे सबेरे नागपुर चले जायेंगे मैने उन लोगो से नाम पूछा तो उन्होने ज्ञान प्रकाश मिश्रा, तथा अभयसिंह, बताया था फिर उन्होने देवेन्द्र से दुर्ग बात की थी उनकी क्या बात हुई मैने नही सुनी थी, दुकान के काम में ग्राहक होने से ध्यान नही दिया था ज्ञान प्रकाश मिश्रा तथा अभयसिंह, ने बताया था, कि पचमढ़ी से आ रहे है, उन्होने अपनी जीप से सामान निकाल कर हमारी दुकान में रख दिया था । दुकान से निकलकर जीप वाले से बातचीत उन्होने की थी जीप चली गयी थी दूसरे दिन ज्ञान प्रकाश मिश्रा तथा अभय सिंह बस से नागपुर चले गये थे यह लोग पहली बार मेरे घर आये थे, उसके पहले मैने उनको कभी नही देखा था, ।

देवेन्द्र मेरी बच्ची की शादी में 18 नवम्बर को छिन्दवाड़ा आया था तथा शादी के इन्तजाम को उसे परिवार के साथ इन्दौर भेज दिया, था वह अपने परिवार के साथ एम्बेसेडर कार में आया था, अभी इन्दौर में [illegible] कालोनी में अजमेरा जी रहते है उन्हीं के यहां रुका है देवेन्द्र अपनी कार में पत्नी ,बच्चा तथा एक भतीजे के साथ आये थे, ।

यही मेरा बयान है, ।

पढ़ा सही पाया,

//सत्यप्रतिलिपि//

Sd/-
आर.पी.लिटोरिया, पु.उप अधीक्षक,
के.अन्वे.ब्यूरो, कैम्प छिन्दवाड़ा
दिन. 27/11/91

Case RC.9(S)/91-SIU.V/SIC.II/CBI Dated : 4.12.91

Statement of Shri Anant Ramesh Rao Pimpalwar, Receptionist, Hotel Sona, Central Avenue Road, near Telephone Exchange, Nagpur recorded u/s 161 Cr.P.C.

******

PW-74

On being asked I state that I am working as above in the said Hotel which is owned by Sh. Chanderbhan Shawanji Sonargpare.

Today I have handed over to you the required documents i.e. Passenger's arrival/departure register for the period from 31.3.90 to 4.12.91 and a photocopy of the bill No.105 dt. 9.10.91. The said documents have been taken by you in your possession through a receipt memo of even date which is duly signed by me as well as by you and a copy of the same has also been provided to me by you.

On being asked I further state that on Sheet No.63, Sr.No.665 of our said Passenger's arrival/departure register, entry of one C.K.Shah r/o 34, Civic Centre, Bhilai, appears on 8.10.91 alongwith one female. The said C.K.Shah checked in at our hotel alongwith one lady at 9.30 PM and they were allotted room No.104, as per the said entry. The column of date, passenger's full name, address and signature were made by C.K.Shah himself in his own hand in my presence at Sr.No.665 of the aforementioned register. Sh. C.K.Shah also paid an advance of Rs.100/- at the time of check-in. Sh. C.K.Shah stayed in our hotel just for a night and

T.C.

[signature]

8w-74

checked out at 6.00 AM in the morning of 9.10.91 as per the entry at Sr.No.665 made in the said register. The bill No.105 dt. 9.10.91 was prepared by me, a carbon copy of which is available in our bill book No.11, as the original was handed over to Sh. C.K.Shah as customer's copy. As per the said bill C.K.Shah was charged Rs.90/- only for a night stay and he was returned the balance of Rs.10/- out of his advance of Rs.100/-.

